✷ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक



पटना में एक शिक्षिका को राजकीय शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित करते सीएम सम्राट चौधरी

✷ रजि. नंबर : 52290/90 ✷ वर्ष : 37 ✷ अंक : 102 ✷ पृष्ठ : 12 ✷ औरंगाबाद, रविवार, 6 सितम्बर 2026 ✷ मूल्य : 3.00 रुपये ✷ औरंगाबाद, पटना एवं बोकारो से प्रकाशित ✷ www.navbihartime.com

## संक्षिप्त समाचार

### शिक्षक दिवस पर पटना यूनिवर्सिटी में बम धमाका

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** शिक्षक दिवस के मौके पर पटना यूनिवर्सिटी में आयोजित कार्यक्रम के दौरान अचानक बम धमाके से हड़कंप मच गया। घटना यूनिवर्सिटी के ज्योग्राफी विभाग की पार्किंग में हुई। धमाके की तेज आवाज सुनते ही कैंपस में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। घटना के समय विभाग में शिक्षक दिवस का कार्यक्रम चल रहा था। पटना यूनिवर्सिटी बम कांड में गनीमत रही कि धमाके में कोई छात्र, शिक्षक या अन्य व्यक्ति घायल नहीं हुआ। धमाके की सूचना मिलते ही पीरबहोर थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने घटनास्थल को सुरक्षित कर जांच शुरू की। इसके बाद फॉरेंसिक टीम को भी मौके पर बुलाया गया। टीम ने घटनास्थल से बम के अवशेष और अन्य जरूरी साक्ष्य एकत्र किए हैं।

### पटना में मरीन ड्राइव के पास बनेगा रामलीला मैदान

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** राजधानी पटना के निवासियों के लिए बहुत बड़ी खुशखबरी सामने आई है। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया अकाउंट से ट्वीट करते हुए ऐलान किया है कि पटना के प्रसिद्ध जेपी गंगा पथ (मरीन ड्राइव) के पास एक नया और भव्य रामलीला मैदान बनाया जाएगा। पटना का मरीन ड्राइव वर्तमान में शहर के सबसे पसंदीदा और प्रमुख स्थानों में से एक बन चुका है। रोज शाम को यहां हजारों लोग गंगा के सुंदर नजारे का आनंद लेने पहुंचते हैं। अब इस इलाके में रामलीला मैदान के निर्माण से इसकी खूबसूरती और उपयोगिता दोनों में भारी इजाफा होगा। नए मैदान के बन जाने से यहां बड़े पैमाने पर धार्मिक, सांस्कृतिक और सामाजिक कार्यक्रमों का आयोजन बेहद आसानी से किया जा सकेगा।

### शिक्षक दिवस पर मुख्यमंत्री ने बिहार के 38 उत्कृष्ट शिक्षकों को किया सम्मानित

# शिक्षकों के बेहतर प्रशिक्षण एवं क्षमता विकास के लिए होगी विश्वविद्यालय की स्थापना : सम्राट

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** भारत के पूर्व राष्ट्रपति और महान शिक्षाविद् डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती के अवसर पर शनिवार को पटना के श्रीकृष्ण मेमोरियल हॉल में राज्यस्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह में बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस दौरान मुख्यमंत्री ने शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय और अभूतपूर्व योगदान देने वाले राज्य के 38 सरकारी शिक्षकों को 'राजकीय शिक्षक पुरस्कार 2026' से सम्मानित किया। उन्होंने चयनित शिक्षकों को मंच पर मेडल, प्रशस्ति पत्र और सम्मान राशि देकर सम्मानित किया। समारोह के दौरान पूरे हॉल में शिक्षकों के सम्मान और उनके



योगदान को लेकर विशेष उत्साह देखने को मिला। इस अवसर पर समारोह को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने शिक्षकों की भूमिका को समाज और राष्ट्र निर्माण का सबसे महत्वपूर्ण आधार बताया। उन्होंने कहा कि शिक्षक केवल बच्चों को पाठ्यक्रम की शिक्षा नहीं देते बल्कि उनके व्यक्तित्व, सोच और भविष्य को भी आकार देते हैं। बिहार की ऐतिहासिक ज्ञान और शिक्षा की परंपरा को फिर से मजबूत करने में शिक्षकों की भूमिका (शेष पृष्ठ 10 पर)

#### इन शिक्षकों को मिला राजकीय शिक्षक पुरस्कार

विप्लव कुमार (कटिहार), प्रमिला कुमारी (भोजपुर), राजकुमार प्रसाद गुप्ता (औरंगाबाद), अपराजिता कुमारी (पटना), पुनीता कुमारी (गोपालगंज), उमाकांत कुमार (बांका), चंचला तिवारी (सारण), मधु कुमारी (खगड़िया), निवेदिता कुमारी (भागलपुर), मो नूरुल होदा (पूर्वी चंपारण), अजय कुमार पंडित (पूर्णिया), बेबी अर्चना (अररिया), शमा परवीन (सीतामढ़ी), गुही कुमारी (गया जी), पुनीता कुमारी (सहरसा), केशव कुमार (मुजफ्फरपुर), वीनस दीक्षित (सीवान), दुर्योधन बैठा (पश्चिम चंपारण), कमलेश कुमार (रोहतास), कुमार प्रशांत (दरभंगा), निकिता भारती (नवादा), सौरभ कुमार (नालंदा), पंकज रंजन (अरवल), शहजाद अनवर (किशनगंज), सुमित कुमार (कैमूर), किसलय प्रसाद (जमुई), मुदित कुमार (मुंगेर), आशा वर्मा (शेखपुरा), उषा कुमारी (मधुबनी), डॉ. नीलू रानी (मधेपुरा), राज कुमार (लखीसराय), पवन कुमार (जहानाबाद), साक्षी सरला (वैशाली), नरेश कुमार निराला (सुपौल), राम नरेश राम (शिवहर), प्रभा कुमारी (बेगूसराय) एवं राकेश कुमार (समस्तीपुर)

# पुनपुन नदी में उफान से रेल पुल पर मंडराया खतरा

### चार एक्सप्रेस ट्रेनें डायवर्ट, आधा दर्जन रद्द

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया जी।** पूर्व मध्य रेलवे के डीडीयू एवं दानापुर रेल मंडल के गया-पटना रेलखंड पर पुनपुन नदी में उफान और रेल पुल संख्या-21 पर पानी का जलस्तर बढ़ने से गया-पटना रेलखंड पर ट्रेनों का परिचालन बुरी तरह प्रभावित हो गया है। रेलवे ने सुरक्षा के मद्देनजर शनिवार को गया से पटना जाने वाली सात मेमू ट्रेनों का परिचालन रद्द कर दिया। मेमू ट्रेनों का परिचालन रद्द रहने से यात्रियों को काफी परेशानी हुई। वहीं गया जंक्शन पहुंचने वाली कई ट्रेनें भी प्रभावित रहीं। पटना से 8:30 बजे गया आने वाली मेमू करीब दो घंटे देर से 10:30 बजे पहुंची। इसका असर 10:30 बजे गया से पटना जाने वाली मेमू के परिचालन पर भी पड़ा। इस ट्रेन का भी परिचालन रद्द कर दिया गया। सुबह दोपहर और शाम में गया से पटना के लिए गुजरने वाली चार ट्रेन तथा पटना से गया आने वाली तीन ट्रेनों का परिचालन नहीं हुआ। ट्रेनों के लगातार प्रभावित रहने से यात्रियों को घंटों स्टेशन पर इंतजार करना पड़ा। कई यात्रियों ने पटना जाने के लिए सड़क मार्ग का सहारा लिया। रेल सूत्रों ने बताया कि रेलवे में सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए गया जंक्शन से होकर गुजरने वाली चार ट्रेनों को दूसरे रूट से परिचालन कराया गया। शनिवार को 13329 धनबाद-पटना एक्सप्रेस को धनबाद-गया-पटना के बजाय बंधुआ, पैमार, तिलैया, इस्लामपुर और फतुहा के रास्ते पटना भेजा गया। वापसी में 13330 पटना-धनबाद एक्सप्रेस भी इसी वैकल्पिक मार्ग से धनबाद गई। इसी तरह 15138 बनारस-राजगीर एक्सप्रेस को डीडीयू-गया-पटना के बजाय डीडीयू-बक्सर-आरा-पटना होकर चलाया जाएगा। वहीं 15137 राजगीर-बनारस एक्सप्रेस का मार्ग भी पटना-गया-डीडीयू के स्थान पर पटना-आरा-बक्सर-डीडीयू किया गया है।

# स्पर्शाघात से दंपति की मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** प्रखंड के बौर गांव में शनिवार की संध्या करंट की चपेट में आने से पति-पत्नी की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद गांव में मातम पसरा हुआ है। मृतकों की पहचान बौर गांव निवासी गोपाल प्रसाद एवं उनकी वर्षीय पत्नी ऐरावंति देवी के रूप में हुई है। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोगों ने रफीगंज थाना पुलिस को मामले की जानकारी दी। सूचना पाकर एसआई मिथिलेश कुमार, एएसआई राम अवधेश सिंह एवं पीटीसी राकेश राय पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए औरंगाबाद भेजा। मृतक के परिजन सोनू कुमार ने बताया कि गांव के उत्तर दिशा में स्थित पंचायत सरकार भवन के समीप बधार में 11 हजार वोल्ट का बिजली तार टूटकर जमीन पर गिरा हुआ था। गोपाल प्रसाद और उनकी पत्नी ऐरावंति देवी जानवरों के लिए घास लाने के उद्देश्य से बधार की ओर गए थे। इसी दौरान वे टूटे हुए बिजली तार की चपेट में आ गए जिससे दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। बीस सूत्री प्रखंड अध्यक्ष सुनील कुमार वर्मा एवं डॉ. सुधीर गुप्ता ने बताया कि मृत दंपति दोनों पुत्र मुंबई में अपने परिवार (शेष पृष्ठ 10 पर)

# गंगा के बाढ़ का करेंगे स्थायी समाधान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बेगूसराय।** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने शनिवार को बेगूसराय के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का जायजा लिया। मुख्यमंत्री ने हेलीकॉप्टर से एरियल सर्वे कर बाढ़ की स्थिति का निरीक्षण किया। इसके बाद वे बरौनी रिफाइनरी टाउनशिप स्थित हेलीपैड पर उतरे और सड़क मार्ग से उलाव के समीप कैलाशपुर सड़क स्थित पुलिया पहुंचे। यहां उन्होंने बाढ़ प्रभावित इलाके का जायजा लिया और स्थानीय लोगों का हाथ हिलाकर अभिवादन किया। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने जिलाधिकारी समेत अन्य अधिकारियों से बाढ़ की मौजूदा स्थिति, राहत और बचाव कार्यों की जानकारी ली। इस दौरान उनके साथ चल रहे केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह और अन्य अधिकारियों से भी उन्होंने बातचीत की।



मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को बाढ़ प्रभावित लोगों को हरसंभव सुविधा उपलब्ध कराने को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान पत्रकारों से बातचीत में मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि सरकार लगातार बाढ़ की स्थिति का जायजा ले रही है। उन्होंने कहा कि हम लोग बाढ़ की हालत देख रहे हैं, लगातार जायजा ले रहे हैं। गंगा मैया के पेट में एक तरफ से 20 लाख क्यूसेक पानी गुजर रहा है। पटना के बॉर्डर से लेकर पूरे क्षेत्र में बाढ़ की हालत है। मुख्यमंत्री ने बताया कि सोन नदी में भी 5.50 लाख क्यूसेक पानी छोड़ा गया है। उन्होंने कहा कि बाढ़ की स्थिति को देखते हुए सभी जगह प्रशासन अलर्ट है और आम लोगों को आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि गंगा में आने वाली बाढ़ की समस्या के स्थायी समाधान की दिशा में सरकार ने काम शुरू कर दिया है। उन्होंने कहा कि अभी कोसी और गंडक नदी पर काम किया जा रहा था लेकिन अब गंगा के एंबैंकमेंट को पूरी तरह दुरुस्त करने का निर्देश दिया गया है। उन्होंने कहा कि जहां-जहां रिंग बांध बनाने की जरूरत होगी, वहां रिंग बांध बनाए जाएंगे। इसके साथ ही नए स्ट्रेच भी तैयार किए जाएंगे ताकि बाढ़ के पानी को व्यवस्थित तरीके से नियंत्रित (शेष पृष्ठ 10 पर)

Dr. Brij's Homeopathy Research Center


डॉ. बृज होमियोपैथिक रिसर्च सेंटर

CURING YOUR HEALTH NATURALLY AND EFFECTIVELY

जब बीमारी पुरानी हो, तो उपचार की सोच भी होनी चाहिए नई

प्रो. डॉ. बी.एम. प्रसाद के मार्गदर्शन में डॉ. बृज होम्योपैथी रिसर्च सेंटर में मरीजों की व्यक्तिगत स्वास्थ्य स्थिति को समझकर उपचार एवं चिकित्सकीय परामर्श पर विशेष जोर

बदलती जीवनशैली और अनियमित दिनचर्या के कारण आज कई लोग लंबे समय से चली आ रही स्वास्थ्य समस्याओं से परेशान हैं। ऐसे में बेहतर उपचार और सही चिकित्सकीय मार्गदर्शन की तलाश स्वाभाविक है। प्रो. डॉ. बी.एम. प्रसाद के मार्गदर्शन में डॉ. बृज होम्योपैथी रिसर्च सेंटर होम्योपैथी चिकित्सा के क्षेत्र में मरीजों को उपचार एवं परामर्श उपलब्ध कराने की दिशा में कार्य कर रहा है। सेंटर में मरीज की बीमारी, लक्षण, स्वास्थ्य इतिहास और व्यक्तिगत परिस्थितियों को समझकर उपचार की दिशा निर्धारित करने पर विशेष ध्यान दिया जाता है। लंबे समय से स्वास्थ्य समस्याओं से जूझ रहे मरीजों के लिए होम्योपैथिक चिकित्सा के साथ नियमित फॉलोअप एवं आवश्यक चिकित्सकीय मार्गदर्शन उपलब्ध कराने का प्रयास किया जाता है। सेंटर का उद्देश्य मरीजों को भरोसेमंद वातावरण में उचित परामर्श प्रदान करते हुए उनके बेहतर स्वास्थ्य की दिशा में सहयोग करना है। होम्योपैथी के प्रति बढ़ती जागरूकता के बीच यह केंद्र उपचार की एक वैकल्पिक एवं व्यक्तिगत दृष्टिकोण वाली पद्धति को लोगों तक पहुंचाने का प्रयास कर रहा है।



PROF. DR. B.M. PRASAD
B.Sc, BHMS, MD (Hom.), PG (London)
HOD of Pharmacy (GD Memorial Hom. Medical College & Hospital),
Member International Homoeopathy Medical League (Germany),
Ex. President - Rotary Club (Patna City)
Patron (Red Cross) Patna

चिकित्सकीय परामर्श

1. मस्तिष्क से सम्बंधित रोग
2. सिरदर्द एवं सिर सम्बंधित रोग
3. नाक, कान, गला, आँख, मुँह रोग
4. पेट, पाचन सम्बंधित रोग
5. हड्डी सम्बधित रोग
6. किडनी, हृदय सम्बंधित रोग
7. पुरुष गुप्त रोग/स्त्री गुप्त रोग सम्बधित
8. एड्स एवं कैंसर सम्बंधित रोग
9. गर्दन एवं रीढ़ सम्बधित रोग
10. चर्म एवं बालों के रोग
11. गठिया, साईटिका एवं दर्द
12. मूत्राशय सम्बंधित रोग
13. मोटापा सम्बंधित रोग
14. चेहरे सम्बंधित रोग
15. फेफड़ा एवं श्वसन तंत्र (टी.वी.) रोग

अन्य समस्याएं

1. मधुमेह 2. फोड़ा - फुन्सी 3. खून की कमी 4. डेंगू एवं कालाजार, ट्यूमर एवं फाइबरोमा 5. असमय गर्भपात एवं बांझपन 6. शुक्राणु सम्बन्धित परेशानियाँ 7. लकवा, पक्षाघात ( Paralysis ) 8. हकलाना (Stammering) 9.मोटापा एवं सौन्दर्य 10. बवासीर सम्बन्धित रोग 11. थाईराइड रोग 12. नशा छुड़ाने की सफल इलाज इत्यादि।

ऑटिज्म : होम्योपैथी प्रभावी एवं सुरक्षित उपचार

आधुनिक समाज में बच्चों के विकास में अनेक प्रकार के विकार सामने आ रहे हैं। इन विकारों में एक प्रमुख विकार है आटिज्म या ऑटिज़्म स्पेक्ट्रम डिसऑर्डर। आटिज्म एक ऐसा न्यूरो-डेवलपमेंटल विकार है, जो बच्चों के सामाजिक कौशल, व्यवहारिक क्षमता और संवाद करने की क्षमता को प्रभावित करता है। यह विकार आमतौर पर बच्चों में उनकी प्रारंभिक आयु, विशेष रूप से दो से तीन साल के भीतर स्पष्ट रूप से दिखने लगता है. आटिज्म की विशेष जानकारी डॉ. बी. एम. प्रसाद के साथ खास बातचीत में जानने का कोशिश करेंगे।

आटिज्म क्या है?

डॉ. बी. एम. प्रसाद का मानना है कि आटिज़्म एक ऐसी स्थिति है, जो हर बच्चे में अलग-अलग तरह से दिखाई देती है. इससे प्रभावित बच्चों को बात करने, दूसरों से जुड़ने और कई बार एक ही काम बार-बार करने में मुश्किल हो सकती है। ये बच्चे आम बच्चों की तुलना में चीजों को अपने तरीके से समझते, सीखते और अपनी भावनाएं प्रकट करते हैं।

आटिज्म के लक्षण क्या होते हैं?

ऑटिज्म के लक्षण अक्सर बच्चे की 12 से 18 महीने की उम्र में दिखने लगते हैं, लेकिन कभी-कभी इससे पहले भी नजर आ सकते हैं. ये हल्के या गंभीर हो सकता हैं और पूरे जीवन तक भी रह सकता हैं। डॉ. बी. एम. प्रसाद के अनुसार ऑटिज़्म से प्रभावित बच्चों में सामान्य विकास के कुछ संकेत नहीं दिखते, जैसे:

एक ही शब्द बार-बार बोलना या बड़बड़ाना, किसी चीज की ओर इशारा न करना, माँ की आवाज पर मुस्कुराना या जवाब न देना, दूसरों के पास घुटनों के बल जाना, आँखों में आँख डालकर न देखना।

ऑटिज़्म से जुड़े सामान्य लक्षण:

दूसरों से बात करने या खेलने से बचना, अकेले रहना और खेल-कूद में रुचि न लेना, घंटों तक एक ही जगह बैठना या एक ही चीज़ पर ध्यान देना, एक ही काम बार-बार करना, जैसे झूमना या ताली बजाना, बातचीत में दूसरों के शब्द दोहराना, अलग तरीके से बात करना। जैसे "मुझे पानी दो" कहने के बजाय "क्या तुम पानी पियोगे" कहना, गुस्सा दूसरों की भावनाओं या पसंद-नापसंद को न समझ पाना, किसी आवाज़, स्वाद या गंध पर अजीब तरह से प्रतिक्रिया देना, पहले सीखी हुई चीजें भूल जाना, इन लक्षणों पर ध्यान देना बहुत जरूरी है ताकि बच्चे को सही समय पर मदद मिल सके।

आटिज्म किस वजह से होता है?

हालांकि आटिज्म का सटीक कारण अब भी शोध का विषय है, लेकिन डॉ. बी.एम. प्रसाद का कहना है कि यह कई वजहों से हो सकता है, जैसे:- अगर परिवार में किसी को जेनेटिक आटिज़्म है, तो बच्चे को भी इसका खतरा होने की संभावना माना जाता है, माँ को गर्भावस्था के समय किसी संक्रमण या बीमारी की वजह से जिससे गर्भ में बच्चे को सही पोषण न मिल पाना।

आटिज्म का उपचार क्या है?

डॉ. बी. एम. प्रसाद के अनुसार, आटिज्म के लिए कोई स्थायी इलाज नहीं है, लेकिन सही और समय पर हस्तक्षेप से बच्चों की स्थिति में काफी सुधार किया जा सकता है। उपचार मुख्य रूप से बच्चों के विशेष लक्षणों और उनकी जरूरतों पर आधारित होता है।






क्या होमियोपैथिक द्वारा आटिज्म में कैसे ठीक किया जाता है?

डॉ. बी. एम. प्रसाद इसके उपचार में होम्योपैथी की भूमिका को महत्व देते हैं, जो सही और संतुलित इलाज से बच्चे की बेहतर मदद करती है। बच्चों के लिए पूरी तरह से सुरक्षित है। जो प्रत्येक बच्चे के लक्षण और उसकी लक्षण के आधार पर दवाइयां दी जाती हैं।

डॉ. प्रसाद यह भी बताते हैं कि होमियोपैथिक इलाज के दौरान बच्चों के आहार और जीवनशैली पर विशेष ध्यान देना जरूरी है. माता-पिता को धैर्यपूर्वक बच्चों की गतिविधियों पर ध्यान देना चाहिए और चिकित्सक के साथ नियमित संपर्क में रहना चाहिए।

डॉ बृज होमियोपैथिक एवं रिसर्च सेन्टर ही क्यों?

ऑटिज्म के मरीज की मानसिक व शारीरिक स्थिति की जाँच करके ही उसके अनुकूल दवाई दी जाती है, जिससे बीमारी पूरी तरह से नष्ट हो जाती है। साथ ही यह होमियोपैथिक का अनुसंधान केन्द्र है इसलिए यहाँ आए मरीजों का इलाज केवल एक डॉक्टर पर अधारित नहीं है, बल्कि यहाँ 50 अनुभवी चिकित्सक रोगी के इलाज हेतु अनुसंधान में लगे रहते है इसी कारण ऑटिज्म के इलाज में 95% - 96% सक्षम है।

उल्लेखनीय हो कि अगर बच्चे में आटिज़्म के लक्षण दिखें, तो बिना देर किए डॉ. बी. एम. प्रसाद से सलाह लें। सही समय पर पहचान और देखभाल से बच्चे को बेहतर मदद मिल सकती है. गौरतलब हो कि इसके ईलाज के लिए डॉ बृज होमियोपैथिक एवं रिसर्च सेन्टर ऑनलाईन सुविधा भी प्रदान करती है चाहे आप भारत के किसी भी राज्य में हो आपको ऑनलाईन द्वारा सफल ईलाज हेतु सदैव कृत संकल्पित है।

डॉ. बृज होमियोपैथिक रिसर्च सेंटर में इलाज

- लकवा (Paralysis) – मस्तिष्काघात से प्रभावित रोगियों में हरकत और बोली की क्षमता में सुधार
- थायराइड, मोटापा, PCOD – हार्मोनल संतुलन पर ध्यान देते हुए जड़ से इलाज
- कैंसर (प्रारंभिक अवस्था) – रोग की गति को नियंत्रित करने और जीवन की गुणवत्ता सुधारने की प्रक्रिया
- माइग्रेन और न्यूरोलॉजिकल विकार – लक्षणों से मुक्ति के साथ मानसिक स्वास्थ्य पर भी फोकस
- मानसिक रोग (डिप्रेशन, एंग्जायटी, फोबिया) – संवेदनशील विश्लेषण के आधार पर उपचार
- ऑटिज्म और ADHD जैसे बाल रोग – बच्चों में सामाजिक और संज्ञानात्मक सुधार



PROF. DR. REENA KUMARI
BE, BHMS, MD (Hom.)
GD Memorial Homeopathic Med. Coll. & Hospital

महिलाओं की समस्याओं की विशेषज्ञ: डॉ. रीना कुमारी

डॉ. बृज होम्योपैथिक रिसर्च सेंटर, पटना की प्रमुख होम्योपैथ विशेषज्ञ डॉ. रीना कुमारी महिलाओं की स्वास्थ्य समस्याओं की जानी-मानी विशेषज्ञ हैं। उन्होंने वर्षों से महिलाओं में पाई जाने वाली जटिल और संवेदनशील बीमारियों पर गहराई से अध्ययन और उपचार किया है. उनका मानना है कि महिला शरीर हार्मोनल असंतुलन, तनाव, जीवनशैली और मानसिक दबाव से अत्यधिक प्रभावित होता है, जो अनेक रोगों का कारण बनता है।

डॉ. रीना का चिकित्सकीय अनुसंधान विशेष रूप से पीसीओडी, फाइब्रॉएड, थायराइड, मासिक धर्म की अनियमितता, बांझपन और गर्भधारण संबंधी समस्याओं पर केंद्रित रहा है। उनकी होम्योपैथिक विधियों से न केवल लक्षणों में सुधार हुआ है, बल्कि रोग की जड़ तक जाकर समाधान किया गया है।

उनके मार्गदर्शन में कई महिलाएं, जो वर्षों से निराश थीं, आज पूरी तरह स्वस्थ जीवन जी रही हैं और मातृत्व का सुख भी प्राप्त कर चुकी हैं। डॉ. रीना का कार्य नारी स्वास्थ्य के क्षेत्र में एक प्रेरणा बन चुका है।

1. कुम्हरार ब्रांच :
कुम्हरार पूल से उत्तर, बिस्कोमान कॉलोनी, बृज गली, पटना-800007
नंबर लगाने हेतु : 0612-3559956, 9835361855 , 9204776418

2. जगदेवपथ ब्रांच
चंदन विला अपार्टमेंट, पिलर नंबर-3 के सामने, आरा गार्डन मोड़, जगदेवपथ, बेली रोड, पटना-800014
नंबर लगाने हेतु : 0612-3554096, 9523877037, 9204776418

C M Y K

# गंगा, गंडक, सोन, कोसी समेत अन्य नदियां उफान पर

## बिहार के 13 जिलों में बाढ़ की स्थिति गंभीर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार के 13 जिलों में बाढ़ की स्थिति गंभीर बनी हुई है। विभिन्न स्रोतों से मिली जानकारी के अनुसार 52 प्रखंडों की 270 पंचायतों की करीब 28 लाख आबादी बाढ़ से प्रभावित है। हालांकि आपदा प्रबंधन विभाग ने लगभग 8 लाख आबादी को ही बाढ़ से प्रभावित माना है। गंगा, गंडक, सोन, कोसी समेत अन्य नदियां उफान पर हैं। पटना, भोजपुर, सारण, बेगूसराय और वैशाली जिले में कई इलाके बाढ़ की चपेट में हैं। बक्सर, जहानाबाद, अरवल, रोहतास, नालंदा और कैमूर में भी गांवों और खेतों में पानी फैल गया है। उत्तर बिहार के दरभंगा, समस्तीपुर और पश्चिम चंपारण में बाढ़ का प्रकोप जारी है। 200 सड़कों पर आवागमन बाधित है। कई जगह नाव ही आवाजाही का सहारा बनी हुई है। हजारों एकड़ में धान समेत अन्य फसलें डूब गई हैं। भोजपुर और बेगूसराय में 120 स्कूलों को बंद कर दिया गया है। भागलपुर शहर में बाढ़ का पानी घुस गया है। सुल्तानगंज के अजगैवीनाथ मंदिर में भी पानी फैल गया है। पटना सहित जिले के अन्य 14 स्थानों पर नदियों का पानी खतरे के निशान को पार कर गया है। इसमें केवल गंगा नदी ही 7 स्थानों पर खतरे के निशान से ऊपर बह रही है। बाढ़ की भयावहता को देखते हुए 693 नावें चलाई जा रही हैं। साथ ही सामुदायिक किचन को भी शुरू कर दिया गया है। 7107 पॉलीथीन शीट का वितरण किया गया है। पटना, पश्चिमी चम्पारण एवं वैशाली जिले में 1764 ड्राई राशन पैकेट का वितरण किया गया है। गंगा के जलस्तर में बढ़ोतरी होने से पटना के 9 प्रखंडों में दो लाख 32 हजार से अधिक लोग बाढ़ की चपेट में आ गए हैं।

**भोजपुर में 25 रोड और 60 स्कूल बंद**

भोजपुर जिले के 6 प्रखंडों की 45 पंचायतें बाढ़ से जलमग्न हैं। करीब दो लाख आबादी प्रभावित है। दो हजार एकड़ से अधिक में धान और करीब 500 एकड़ में भदई फसल एवं सब्जियां डूब गई हैं। 25 मुख्य एवं ग्रामीण सड़कों पर पानी के तेज बहाव के कारण आवागमन बंद है। 60 से अधिक स्कूल बंद किए गए हैं। 20 सामुदायिक रसोई में छह हजार से अधिक लोगों को भोजन दिया जा रहा है।

**छपरा में डेढ़ लाख आबादी प्रभावित**

सारण जिले के छपरा सदर, दिघवारा, रिविलगंज और सोनपुर की करीब 25 पंचायतें बाढ़ से प्रभावित हैं। लगभग डेढ़ लाख आबादी पर बाढ़ का असर है। कई लोगों ने ऊंचे बांध और रिश्तेदारों के यहां शरण ली है। ग्रामीण सड़कों पर पानी आने से यातायात प्रभावित है। अकिलपुर-दिघवारा संपर्क भी बाधित है और कई जगह नाव से आवागमन हो रहा है। दो दर्जन से अधिक स्कूलों को दूसरे विद्यालयों से टैग किया गया है।

**बेगूसराय में भी 60 स्कूल बंद**

गंगा के बढ़ते जलस्तर से बेगूसराय के मटिहानी, साहेबपुर कमाल, बखरी और बलिया की 20 पंचायतों की करीब दो लाख आबादी प्रभावित है। प्रशासन 87 नावें चला रहा है। फिलहाल बड़े पैमाने पर विस्थापन नहीं हुआ है। जलभराव और आवागमन की परेशानी के कारण 60 से अधिक स्कूलों में पढ़ाई बंद है।

**वैशाली में हालात गंभीर**

वैशाली के छह प्रखंडों की 26 पंचायतें और हाजीपुर नगर परिषद के छह वार्ड प्रभावित हैं। राघोपुर की 12, सहदेई-देसरी की छह और बिदुपुर की चार सड़कों पर पानी चढ़ा है। यानी कम से कम 22 सड़कों पर आवागमन प्रभावित है। राघोपुर की कई सड़कों पर नाव चल रही है। गनियारी जाने वाली दो सड़कें डूब गई हैं। प्रभावित लोग गांधी सेतु के पुराने टोल प्लाजा सहित ऊंचे स्थानों पर शरण लिए हुए हैं।

**बक्सर में फसलें बर्बाद**

इसी तरह बक्सर में गंगा खतरे के निशान से 19 सेंटीमीटर ऊपर बह रही है। चार अंचलों के कई गांवों में करीब दस हजार आबादी प्रभावित है। 1761 हेक्टेयर फसल बाढ़ की चपेट में है। दो प्राथमिक स्कूलों में पानी घुस गया है। प्रशासन ने 33 नाव और राहत सामग्री उपलब्ध कराई है।

**जहानाबाद शहर में आफत**

जहानाबाद में मोरहर, दरधा और बलदइया नदियों का पानी निचले इलाकों में फैल गया है। तीन प्रखंडों की 15 पंचायतें प्रभावित हैं। शहर की तीन सड़कों-हवाई अड्डा-एसएस कॉलेज रोड, सट्टी मोड़-जाफरगंज रोड और जहानाबाद-शकूराबाद मुख्य मार्ग पर पानी है। दो पुलों पर भी पानी चढ़ा है।

**अरवल में पुनपुन की बाढ़**

अरवल में पुनपुन नदी के उफान से तीन प्रखंडों की 12 पंचायतों के बधार प्रभावित हैं और करीब दो हजार एकड़ फसल को नुकसान की आशंका है।

**रोहतास में दो दर्जन घर टूटे**

रोहतास जिले में लगातार बारिश से संझौली, रोहतास, नौहट्टा और चेनारी प्रभावित हैं। कृषि विभाग ने करीब एक से डेढ़ हजार हेक्टेयर भूमि प्रभावित होने का अनुमान जताया है। नौहट्टा की 9 पंचायतों में करीब 10 हजार एकड़ धान डूबने की सूचना है। चेनारी में करीब 50 एकड़ फसल बर्बाद हुई है और दो दर्जन मकान क्षतिग्रस्त हुए हैं।

## पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक डिम्पी गर्ग ने किया सोनपुर मंडल के विभिन्न स्टेशनों का निरीक्षण



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हाजीपुर।** पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक डिम्पी गर्ग द्वारा सोनपुर मंडल के विभिन्न स्टेशनों का निरीक्षण किया गया। इस दौरान महाप्रबंधक ने संरक्षा पर विशेष बल देते हुए रेलवे ट्रैक, रेल पुलों, प्रमुख स्टेशनों पर उपलब्ध यात्री सुविधाओं आदि का गहन निरीक्षण किया एवं अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। महाप्रबंधक ने निरीक्षण के दौरान अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत जारी स्टेशन पुनर्विकास कार्यों का भी विस्तृत जायजा लिया। महाप्रबंधक द्वारा संबंधित अधिकारियों को उच्च गुणवत्ता सुनिश्चित करते हुए सभी कार्यों को निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। महाप्रबंधक द्वारा शाहपुर पटोरी स्टेशन का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्टेशनों के प्लेटफॉर्म, फुट ओवर ब्रिज, सर्कुलेटिंग एरिया, पैनल रूम, स्टेशन मास्टर कक्ष, शौचालय आदि का निरीक्षण किया। महाप्रबंधक ने अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत जारी स्टेशन पुनर्विकास कार्यों का अवलोकन कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। महाप्रबंधक द्वारा स्टेशनों की बेहतर और टिकाऊ फ्लोरिंग के लिए स्पष्ट निर्देश दिए गए। महाप्रबंधक द्वारा बरौनी, मानसी, काढ़ागोला रोड स्टेशनों का भी निरीक्षण किया गया।

## मंत्री डॉ. प्रमोद कुमार ने किया फिल्म 'फाइल नंबर-317' के पोस्टर का अनावरण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**पटना।** बिहार की कला, संस्कृति, लोक परंपराओं और यहां की प्रतिभाओं को फिल्म के माध्यम से राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय पहचान दिलाने की दिशा में सिटीजन केयर फिल्म्स ने एक महत्वपूर्ण पहल की है। आशियाना-दीघा रोड स्थित सिटीजन केयर ग्रुप टावर में सिटीजन केयर फिल्म्स के बिहार राज्य कार्यालय का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर फिल्म 'फाइल नंबर-317' के पोस्टर का भव्य अनावरण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कला, संस्कृति एवं युवा मंत्री डॉ. प्रमोद कुमार, विशिष्ट अतिथि बिहार भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष बीरेंद्र कुमार चंद्रवंशी, आईआईटी खड़गपुर के एआई एक्सपर्ट अवकाश कुमार मौजूद रहे। मंत्री डॉ. प्रमोद कुमार ने फिल्म के पोस्टर का अनावरण करते हुए सिटीजन केयर फिल्म्स की पहल की सराहना की और कहा कि बिहार में फिल्म निर्माण की अपार संभावनाएं हैं। राज्य की ऐतिहासिक विरासत, लोक कला, संस्कृति और प्राकृतिक स्थलों को फिल्मों के माध्यम से देश-दुनिया तक पहुंचाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि सिटीजन केयर फिल्म्स द्वारा बिहार में कार्यालय शुरू करना और 'फाइल नंबर-317' जैसी फिल्म के माध्यम से नई पहल करना स्वागत योग्य है। सरकार राज्य में फिल्म निर्माण के लिए बेहतर वातावरण तैयार करने और स्थानीय कलाकारों एवं प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के लिए प्रतिबद्ध है। इस अवसर पर सिटीजन केयर ग्रुप के संस्थापक चंदन कुमार ने कहा कि बिहार में प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है, जरूरत है उन्हें सही मंच और अवसर देने की।

## निस्वार्थ सेवा करने वालों का सम्मान सराहनीय पहल : श्रवण कुमार



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** स्थानीय कंकड़बाग स्थित विम्पा हॉबी सेंटर में सरगम कला एवं समाज कल्याण मंच के तत्वावधान में 40 वर्ष से पूर्व शिक्षक दिवस पर भव्य 'बिहार केसरी सम्मान समारोह' का आयोजन अत्यंत गरिमामय माहौल में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समाज, पत्रकारिता, कला और व्यवसाय के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाली हस्तियों को सम्मानित करना एवं उनका उत्साहवर्धन करना था। बिहार सरकार के ग्रामीण विकास एवं जनसंपर्क मंत्री श्रवण कुमार ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन किया। मुख्य अतिथि राज्य के सुप्रसिद्ध चिकित्सक डॉ. दिवाकर तेजस्वी कार्यक्रम उपस्थित रहे। समारोह का संचालन एवं अध्यक्षता वरिष्ठ पत्रकार एवं सांस्कृतिक कमी विश्वमोहन चौधरी 'संत' जी ने किया। सम्मान समारोह के दौरान आयोजित कृष्णाष्टमी सांस्कृतिक संध्या में स्थानीय और युवा कलाकारों ने अपनी प्रस्तुतियों से दर्शकों का दिल जीत लिया। लोकप्रिय प्रस्तुतियां सुप्रसिद्ध कलाकार ऋषभ राठौर, कार्यक्रम संयोजक में आलोक चोपड़ा, शबनम परबीन और एलिजा बानो सहित अन्य साथी कलाकारों ने अपने सुरीले गीतों और सांस्कृतिक कार्यक्रमों से पूरे सभागार को मंत्रमुग्ध कर दिया। बच्चों का नृत्य नन्हे-मुन्ने बच्चों द्वारा प्रस्तुत किए गए मनमोहक नृत्य ने कार्यक्रम में विशेष समां बांधा। भाग लेने वाले प्रमुख कलाकार ऋषभ राठौर के अलावे रितिका, रियांशी राठौर मीहिका, गुणिका, आदिका, क्यारी, रुद्र, गार्गी, आध्या, ऋषभ,भूमिका आदि प्रमुख थे। कार्यक्रम के दौरान मंच से विचार व्यक्त करते हुए अतिथियों ने समाज निर्माण में कला, पत्रकारिता और शिक्षकों की भूमिका पर प्रकाश डाला। मंत्री श्रवण कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि समाज के विभिन्न क्षेत्रों में निस्वार्थ भाव से सेवा देने वाले लोगों का सम्मान करना एक सराहनीय पहल है। इससे समाज में सकारात्मक कार्य करने की प्रेरणा मिलती है। डॉ. दिवाकर तेजस्वी एवं विश्व मोहन चौधरी संत ने भी दर्शकों के सामने अपने विचार रखते हुए सम्मानित होने वाले सभी गुणी जनों को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। समारोह के मुख्य चरण में मंत्री श्रवण कुमार ने अपने कर-कमलों से चयनित हस्तियों को अंगवस्त्र एवं सम्मान पत्र भेंटकर 'बिहार केसरी सम्मान' से नंदलाल कुमार रियल एस्टेट, पंकज कुमार शर्मा पत्रकारिता, नवीन झा शिक्षा सेवा, पंकज कुमार समाज सेवा एवं डॉक्टर दिवाकर तेजस्वी को सर्वश्रेष्ठ चिकित्सा सेवा के लिए सम्मानित किया। अंत में धन्यवाद ज्ञापन वरिष्ठ रंगकर्मी आलोक चोपड़ा ने किया।

## सीखने-सिखाने की प्रक्रिया उत्सव की तरह हो : विजय प्रकाश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना।** बिहार विद्यापीठ के देशरत्न राजेन्द्र प्रसाद शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में शिक्षक दिवस समारोह उत्साह और उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर शिक्षकों के सम्मान में सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। समारोह को संबोधित करते हुए बिहार विद्यापीठ के अध्यक्ष एवं भारतीय प्रशासनिक सेवा के सेवानिवृत्त वरिष्ठ अधिकारी विजय प्रकाश ने कहा कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता के दौर में शिक्षक की भूमिका केवल ज्ञान प्रदान करने तक सीमित नहीं है। अब शिक्षक फैसिलिटेटर, मेंटर और प्रेरक के रूप में विद्यार्थियों के सीखने की प्रक्रिया को दिशा देते हैं। उन्होंने कहा कि औद्योगिक क्रांति के बाद शिक्षा में विकसित 'फैक्ट्री मॉडल' की जगह आज अधिक रचनात्मक, अनुभवपरक और विद्यार्थी-केंद्रित शिक्षा की आवश्यकता है। सीखने-सिखाने की प्रक्रिया उत्सव की तरह होनी चाहिए । इस अवसर पर बिहार विद्यापीठ ने महाविद्यालय के प्राध्यापकों के उत्कृष्ट कार्य के लिए 'विद्यारत्न सम्मान' प्रदान करने की घोषणा की गई। इस वर्ष बिहार विद्यापीठ के अध्यक्ष विजय प्रकाश के कर कमलों द्वारा रजनी रंजन, मिताली मित्रा एवं डॉ. रीना चौधरी को 'विद्यारत्न' सम्मान से सम्मानित किया गया। प्रशिक्षुओं द्वारा आयोजित खेल प्रतियोगिता में कंचन कुमारी प्रथम तथा रजनी रंजन द्वितीय रहीं। सांस्कृतिक कार्यक्रम में विशाल, गुनगुन एवं रविना के नृत्य तथा प्रियेश एवं अमितेश के गायन ने दर्शकों की खूब वाहवाही बटोरी। मंच संचालन अभिजय एवं अनुराधा ने तथा खेल प्रतियोगिताओं का संचालन प्रणव कुमार, वसुधा कुमारी एवं निशु रानी ने किया। प्रशिक्षुओं ने प्रशासनिक अधिकारियों एवं प्राध्यापकों को उपहार देकर गुरुजनों के प्रति सम्मान एवं कृतज्ञता व्यक्त की। समारोह में बिहार विद्यापीठ के सचिव डॉ. राणा अवधेश, वित्त सचिव डॉ. नीरज सिन्हा, अपर सचिव श्यामानन्द चौधरी, निदेशक शिक्षा, संस्कृति एवं संग्रहालय डॉ. मृदुला प्रकाश, निदेशक व्यावसायिक कौशल संजय कुमार सिन्हा, प्राचार्य डॉ. पूनम वर्मा, एआईसी के सीईओ प्रमोद कुमार कर्ण, संयुक्त सचिव अवधेश के नारायण सहित प्राध्यापकगण एवं प्रशिक्षु उपस्थित रहे।

## केंद्रीय राज्य मंत्री शोभा करंदलाजे से मिले अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**पटना/गया।** बिहार विधानसभा के अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने शनिवार को बेंगलुरु स्थित भारत सरकार के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय की राज्य मंत्री शोभा करंदलाजे से उनके कार्यालय में शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान दोनों नेताओं के बीच देश में सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों के विकास, स्वदेशी उत्पादों के प्रोत्साहन तथा हस्तकरघा एवं हस्तशिल्प उद्योगों को बढ़ावा देने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा हुई। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम क्षेत्र को नई पहचान और मजबूती मिली है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में केंद्र सरकार द्वारा इस क्षेत्र के विकास, स्वरोजगार को बढ़ावा देने तथा छोटे उद्यमियों और कारीगरों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में उल्लेखनीय कार्य किए गए हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'वोकल फॉर लोकल' और स्वदेशी अपनाने के आह्वान का व्यापक प्रभाव पूरे देश में देखने को मिल रहा है। आज देशवासी भारतीय उत्पादों को प्राथमिकता दे रहे हैं तथा स्वदेशी वस्तुओं, हैंडलूम और हैंडीक्राफ्ट के उपयोग के प्रति जागरूक हो रहे हैं। बिहार विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि भारत की समृद्ध हस्तशिल्प और हथकरघा परंपरा हमारी सांस्कृतिक विरासत के साथ-साथ लाखों कारीगरों एवं बुनकरों की आजीविका का महत्वपूर्ण आधार है। स्वदेशी उत्पादों को अपनाने से स्थानीय उद्योगों को मजबूती मिलेगी, रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे और देश की अर्थव्यवस्था को भी गति प्राप्त होगी। डॉ. प्रेम कुमार ने सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय द्वारा उद्यमियों, युवाओं, महिलाओं तथा पारंपरिक कारीगरों के सशक्तीकरण की दिशा में किए जा रहे प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में एमएसएमई क्षेत्र की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि केंद्र सरकार की योजनाओं का लाभ देश के अंतिम पंक्ति में खड़े छोटे उद्यमियों तक पहुंचाकर भारत को आर्थिक रूप से और अधिक सशक्त बनाया जा सकता है।

## शिक्षा का उद्देश्य किरदार निर्माण : प्रो दिवाकर प्रसाद

### बी.डी. कॉलेज में शिक्षक दिवस प्राचार्य के मार्गदर्शन में सम्पन्न

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना।** शिक्षक दिवस सम्मान समारोह का आयोजन बी.डी. कॉलेज, पटना में प्राचार्य प्रो. (डॉ.) दिवाकर प्रसाद के मार्गदर्शन में गरिमामय वातावरण में सम्पन्न हुआ। समारोह के मुख्य अतिथि प्रो. जंग बहादुर सिंह, पूर्व विभागाध्यक्ष, हिंदी विभाग, रांची विश्वविद्यालय, रांची। उन्होंने अपने उद्बोधन में बताया कि सर्वपल्ली राधाकृष्णन अप्रतिम वक्ता थे जब उनके छात्रों ने उनका जन्मदिन मनाने की इच्छा व्यक्त की तो उन्होंने कहा कि यदि तुम लोग मेरा जन्मदिन मनाना चाहते हो तो उसे शिक्षक दिवस के रूप में मनाओ। तभी से 5 सितम्बर को शिक्षक दिवस के रूप में मनाने की परंपरा की शुरुआत हुई। मुख्य वक्ता ने राधाकृष्णन जी के उस प्रेरक विचार को भी उद्धृत किया जिसमें उन्होंने कहा था कि जानकारी से ज्यादा महत्व जीवन में समझदारी का है। इस संदेश ने समारोह के वातावरण को और भी चिंतनशील और प्रेरणादायी बना दिया। उन्होंने गुरु के सात गुणों से शिक्षकों को अवगत कराया और अमल करने की बात की। मंचासीन अतिथियों में हिंदी विभाग के प्रो. शत्रुघ्न शरण सिंह, इतिहास विभाग के अध्यक्ष डॉ. विनोद कुमार तथा रसायन शास्त्र विभाग के अध्यक्ष डॉ. बिजय कुमार उपस्थित रहे। अपने प्रेरक वक्तव्य में प्राचार्य प्रो. (डॉ.) दिवाकर प्रसाद ने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य महज डिग्री प्राप्त करना नहीं होना चाहिए, बल्कि किरदार का निर्माण इसका मूल लक्ष्य होना चाहिए-ऐसा व्यक्तित्व जो राज्य और राष्ट्र के निर्माण में अपना योगदान दे। उन्होंने छात्रों को यह भी प्रेरित किया कि वे सर्वांगीण विकास हेतु शिक्षित हों, ताकि उनका व्यक्तित्व ज्ञान, चरित्र और सामाजिक उत्तरदायित्व का आदर्श बने। सम्मान समारोह के बीच छात्र-छात्राओं ने शिक्षकों के प्रति अपनी भावनाएं कविता और भाषण के माध्यम से व्यक्त कीं। एनएसएस कार्यक्रम पदाधिकारी नीतू तिवारी ने सांस्कृतिक कार्यक्रम के लिए बच्चों को तैयार किया। एनसीसी के छात्र-छात्राओं ने भी सक्रिय सहभागिता की जिससे समारोह का वातावरण और अधिक उत्साहपूर्ण और ऊर्जावान बना। इस अवसर पर मानवाधिकार टुडे द्वारा प्राचार्य प्रो. (डॉ.) दिवाकर प्रसाद को 'बेस्ट प्रिंसिपल गुरु सम्मान-2026' से सम्मानित किया गया जिससे समारोह की गरिमा और भी बढ़ गई।

## 10 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ प्रेम राज ने जीता स्वर्ण पदक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**टिकारी।** गुलजाना गांव के युवा एथलीट प्रेम राज ने राष्ट्रीय यूथ एथलेटिक्स चैंपियनशिप में लंबी कूद स्पर्धा में 7.58 मीटर की छलांग लगाकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रेम ने करीब 10 साल पुराने 7.49 मीटर के मीट रिकॉर्ड को ध्वस्त कर नया रिकॉर्ड कायम किया। उनकी इस उपलब्धि से टिकारी ही नहीं, बल्कि गया और पूरे बिहार का नाम राष्ट्रीय स्तर पर रोशन हुआ है। प्रेम के पिता पिंटू साव गांव में किराना दुकान चलाते हैं। सीमित आर्थिक संसाधनों के बावजूद प्रेम ने अभ्यास और मेहनत से कभी समझौता नहीं किया। वर्ष 2023 में एथलेटिक्स की शुरुआत करने वाले प्रेम ने महज कुछ वर्षों में अपने प्रदर्शन को लगातार निखारते हुए राष्ट्रीय स्तर पर यह बड़ी उपलब्धि हासिल की है।

## सुकृष्णा कॉमर्स एकेडमी के बच्चों ने गुरु पूजा कर शिक्षकों का किया सम्मान

**नवबिहार टाइम्ससंवाददाता**



**पटना।** शिक्षक दिवस के अवसर पर सुकृष्णा कॉमर्स अकेडमी द्वारा जेन जी मेन कैरेक्टर - मेंटर्स डे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में संस्थान के बच्चों ने गुरु पूजा कर अपने शिक्षकों के प्रति सम्मान और कृतज्ञता व्यक्त की। इस अवसर पर शिक्षकों को मोमेंटो एवं अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दीघा विधायक संजीव चौरसिया ने कहा कि शिक्षक केवल विद्यार्थियों को विषय का ज्ञान ही नहीं देते, बल्कि उनके व्यक्तित्व और भविष्य का निर्माण भी करते हैं। गुरु का मार्गदर्शन विद्यार्थी के जीवन को सही दिशा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने कहा कि बदलते समय में शिक्षा के साथ संस्कार और अनुशासन का महत्व भी उतना ही आवश्यक है। कार्यक्रम के दौरान संस्थान के बच्चों ने विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं जिसने उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। विद्यार्थियों ने अपने शिक्षकों के प्रति सम्मान और भावनाओं को अपनी प्रस्तुतियों के माध्यम से अभिव्यक्त किया। इस अवसर पर संस्थान के निदेशक सीए विवेक कुमार ने कहा कि आज की पीढ़ी को आधुनिक शिक्षा के साथ अपने शिक्षकों के अनुभव और मार्गदर्शन से सीखना चाहिए। शिक्षक दिवस का यह आयोजन विद्यार्थियों और शिक्षकों के बीच सम्मान एवं आत्मीयता के संबंध को और मजबूत करने का अवसर है। वहीं निदेशक सीए विनय कुमार ने कहा कि शिक्षक विद्यार्थियों की प्रतिभा को पहचान कर उसे सही दिशा देने का कार्य करते हैं। उनके योगदान को किसी भी सम्मान से पूरी तरह मापा नहीं जा सकता। कार्यकारी निदेशक एच.एस. तिवारी ने कहा कि शिक्षक विद्यार्थियों के जीवन में मार्गदर्शक और प्रेरणास्त्रोत की भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों एवं संस्थान के सदस्यों ने सभी शिक्षकों के प्रति आभार व्यक्त किया और उनके मार्गदर्शन में निरंतर आगे बढ़ने का संकल्प लिया।

## डिजिटल क्रॉप सर्वे बना कर्मियों के गले की फांस

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गुरारू।** कृषि विभाग द्वारा चलाए जा रहे डिजिटल क्रॉप सर्वे कृषि विभाग कर्मियों कृषि समन्वयक, प्रखण्ड तकनीकी/सहायक तकनीकी प्रबंधकों, किसान सलाहकारों के लिए गले की फांस बन चुकी है। इस संबंध में कई कर्मियों ने बताया कि सरकार द्वारा हम कर्मियों से क्रॉप सर्वे के नाम पर गांव के खेतों के प्रत्येक प्लाटों/रकबों का जीरो मीटर पर जाकर जीपीएस फोटो लेकर सर्वर पर लोड करना पड़ता है। इस कार्य में जान जोखिम का खतरा बना हुआ है। सुनसान जगहों पर कीचड़ से भरे खेतों में, आहर, पइनों में कपड़ों को उतारकर उतरना पड़ता है। खेतों में विषैले जीव जंन्तु, सांप, बिच्छू, मंगरगोह आदि जानवरों का खतरा बरकरार रहता है। इस तरह के कार्यों से अप्राकृतिक दुर्घटनाओं की संभावना बनी रहती है। कई कर्मी कीचड़ों के इंफेक्शन से प्रभावित हो चुके हैं एवं कर्मियों को एंटी रेबिज की सूईयों को लेना पड़ा है यहां तक कि सारण जिला कृषि पदाधिकारी द्वारा सिविल सर्जन, सारण को प्रेषित पत्र में इस डिजिटल क्रॉप सर्वे में लगे कर्मियों के लिए विशेष कर प्रत्येक प्रखण्ड स्तरीय अस्पतालों में ऐंटी वेनम (सांप काटने पर लगाया जाने वाला इंजेक्शन) उपलब्ध रखने का अनुरोध किया है। वहीं इस संबंध में कर्मियों ने कहा कि सरकार को चाहिए कि इस प्रकार का जोखिम भरा कार्य ड्रॉन टेक्नोलॉजी या अन्य उच्च टेक्नोलॉजी का उपयोग कर करवाया जाना चाहिए।

## ऑफिसर्स ट्रेनिंग एकेडमी की पासिंग आउट परेड, 253 कैडेट भारतीय सेना में हुए शामिल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**गया।** बिहार के गया में स्थित ऑफिसर्स ट्रेनिंग एकेडमी में शनिवार को आयोजित एक समारोह में शॉर्ट सर्विस कमीशन, टेक्निकल एंट्री (पुरुष और महिला) के चौथे बैच को अधिकारी के तौर पर कमीशन किया गया। इस परेड में 253 ऑफिसर कैडेट्स की पासिंग आउट परेड हुई जिन्होंने भारतीय सेना के कमीशन प्राप्त अधिकारी बनने के लिए 'अंतिम पग' (अंतिम कदम) पार किया। इसमें एसएससी (टेक्निकल) पुरुष-65 कोर्स के 218 ऑफिसर कैडेट्स और एसएसी (टेक्निकल) महिला-36 कोर्स के 35 ऑफिसर कैडेट्स शामिल थे। वियतनाम पीपुल्स आर्मी के डिप्टी चीफ ऑफ जनरल स्टाफ लेफ्टिनेंट जनरल ले वान हुओंग परेड के रिव्यूइंग ऑफिसर (समीक्षा अधिकारी) थे। कुशल, सटीक और तालमेल भरी ड्रिल गतिविधियों ने सभी दर्शकों में गर्व की गहरी भावना जगाई। पासिंग आउट परेड के लिए एकेडमी अंडर ऑफिसर पी. शशि कुमार परेड कमांडर थे। रिव्यूइंग ऑफिसर ने उन ऑफिसर कैडेट्स को पदक प्रदान किए जिन्होंने अपने प्रशिक्षण के दौरान बेहतरीन प्रदर्शन किया था। एकेडमी अंडर ऑफिसर पी. शशि कुमार ने 'बेस्ट ऑल राउंडर' चुने जाने पर प्रतिष्ठित 'स्वोर्ड ऑफ ऑनर' (सम्मान की तलवार) जीता। उन्हें गोरखा राइफल्स में कमीशन किया गया है। एकेडमी अंडर ऑफिसर पी. शशि कुमार ने ओवरऑल ऑर्डर ऑफ मेरिट में पहला स्थान हासिल करने पर स्वर्ण पदक जीता। उन्हें गोरखा राइफल्स में कमीशन किया गया है। बटालियन अंडर ऑफिसर दीपक सिंह रावत ने ओवरऑल ऑर्डर ऑफ मेरिट में दूसरा स्थान हासिल करने पर रजत पदक जीता। उन्हें राजपूत रेजिमेंट में कमीशन किया गया है। एकेडमी कैडेट एडजुटेंट नवनीत सिंह ने ओवरऑल ऑर्डर ऑफ मेरिट में तीसरा स्थान हासिल करने पर कांस्य पदक जीता। उन्हें पैरा स्पेशल फोर्सेज में कमीशन किया गया है। कालिधर कंपनी ने ओवरऑल चैंपियन कंपनी बनने के लिए 'चीफ ऑफ आर्मी स्टाफ बैनर' जीता।

## गया में 7 सितंबर को आयोजित होगा 'तेजस' कार्यक्रम, युवाओं को मिलेगा स्टार्टअप मार्गदर्शन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गया।** युवाओं और नवोदित उद्यमियों को स्टार्टअप एवं उद्यमिता से जोड़ने के उद्देश्य से 'तेजस' कार्यक्रम का आयोजन 7 सितंबर 2026 को प्रातः 11 बजे हरिदास सेमिनरी ऑडिटोरियम, गया में किया जाएगा। स्टार्टअप इंडिया और डीपीआइआइटी की इस पहल के अंतर्गत युवाओं, महिलाओं, विद्यार्थियों तथा नवोदित उद्यमियों को सरकारी योजनाओं, वित्तीय सहायता, मेंटरशिप और इनक्यूबेशन से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की जाएगी। कार्यक्रम में गया के जिलाधिकारी तथा मगध क्षेत्र के आइजी विकास वैभव के मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होने का प्रस्ताव है। वे प्रतिभागियों को उद्यमिता, नवाचार और नेतृत्व के विषयों पर मार्गदर्शन प्रदान करेंगे। स्कूलों, महाविद्यालयों और तकनीकी संस्थानों के विद्यार्थियों की सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक प्रयास किए जा रहे हैं। उद्योग विभाग द्वारा विद्यार्थियों के लिए बस परिवहन की व्यवस्था भी की जाएगी। कार्यक्रम में विशेषज्ञ प्रतिभागियों के प्रश्नों का उत्तर देंगे और उन्हें अपने स्टार्टअप विचार प्रस्तुत करने का अवसर मिलेगा।

# जन सेवा समिति ने धूमधाम से मनाया श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव

## बनारसी कलाकारों की मनमोहक प्रस्तुतियों ने बांधा समां, देर रात तक भक्तिरस में डूबे रहे श्रद्धालु

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**डिहरी ऑन-सोन।** जन सेवा समिति के तत्वावधान में श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर, रत्तू बिगहा, डालमियानगर में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। संध्या सात बजे शुरू हुआ कार्यक्रम देर रात एक बजे तक चला। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे और विभिन्न सांस्कृतिक एवं भक्ति प्रस्तुतियों का आनंद लिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ प्रफुल सिंह एवं केश्वर सिंह ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इसके बाद गायक कुमार राजेश ने गणेश वंदना प्रस्तुत कर कार्यक्रम की शुरुआत की। बनारस से आए कलाकारों ने श्री राधा-कृष्ण नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति देकर उपस्थित लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। महोत्सव के दौरान श्री राधा-कृष्ण नृत्य, शिव तांडव, कृष्ण-सुदामा मिलन, सुदामा चटपटी, दही हांडी एवं मटका फोड़, नंदलाल का जन्म और टोकरी में दर्शन तथा श्याम का चूड़ी बेचना सहित कई आकर्षक प्रस्तुतियां दी गईं। वहीं श्री अरविंदो स्कूल सोसाइटी, डीपीएस स्कूल, नंदिनी किड्स एन एकेडमी समेत स्थानीय स्कूली बच्चों ने राधा-कृष्ण के भक्ति गीतों पर मनमोहक नृत्य प्रस्तुत कर दर्शकों की खूब तालियां बटोरीं। प्रतिमा कुमारी ने सोहर प्रस्तुत किया। शहर के चर्चित गायकों पिंटू दिलवाले, बिनोद शर्मा, अनिल गुप्ता बुलु, उमेश जायसवाल, निशांत मिश्रा एवं जयराम यादव ने भजन और भक्ति गीत प्रस्तुत कर माहौल को भक्तिमय बना दिया। कार्यक्रम में देर रात तक श्रद्धालु अपनी जगह पर डटे रहे।समारोह में मुख्य अतिथि चेयरमैन प्रतिनिधि गुड्डू चन्द्रवंशी एवं समाजसेवी अनुज कुशवाहा ने बच्चों, कलाकारों और गायकों को मेडल, अंगवस्त्र एवं ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। विशिष्ट अतिथियों में राजा राम सिंह, नितेश सिंह, अनिल गुप्ता एवं समीर सिंह मौजूद रहे। जन सेवा समिति के निदेशक विकास कुमार ने बताया कि महोत्सव को सफल बनाने में समिति के अध्यक्ष बबलू मधेशिया, शिवानंद प्रसाद, दीपक सिंह, अरविंद भारती, पंकज रंजन, रवि शंकर प्रसाद, समीर दास, राजू गुप्ता, अरुण तिवारी, राजू सोनी, संजय श्रीवास्तव, अरुण गुप्ता, धनंजय गुप्ता, बबलू श्रीवास्तव, पप्पू गुप्ता, आलोक सिंह, संजय कुमार सहित समिति के तमाम सदस्यों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# फोरलेन पर मोबाइल झपटमारी गिरोह का पर्दाफाश, पांच गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**सासाराम।** दरिगांव थाना क्षेत्र में फोरलेन पर मोबाइल झपटमारी की घटना का पुलिस ने सफल उद्भेदन करते हुए पांच आरोपितों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपितों के पास से झपटे गए पांच मोबाइल फोन के साथ घटना में प्रयुक्त यामाहा मोटरसाइकिल भी बरामद की है। रोहतास पुलिस अधीक्षक मिस्टर राज ने बताया कि 14 जुलाई 2026 को मेदनीपुर निवासी चित्तरंजन कुमार ने दरिगांव थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया था कि वह अपने स्कूटी से अखबार कार्यालय जा रहे थे। इसी दौरान दरिगांव थाना क्षेत्र के कोटा गांव के समीप फोरलेन पर बाइक सवार दो युवकों ने उनकी जेब में रखा मोबाइल झपट लिया और फरार हो गए। मामले में दरिगांव थाना कांड संख्या 131/26, 14 जुलाई 2026 के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई थी। घटना के उद्भेदन के लिए वरीय अधिकारियों के निर्देश पर दरिगांव थानाध्यक्ष के नेतृत्व में विशेष छापामारी दल का गठन किया गया जिसमें जिला आसूचना इकाई को भी शामिल किया गया। पुलिस टीम ने तकनीकी अनुसंधान और आसूचना के आधार पर त्वरित कार्रवाई करते हुए छोटन कुमार, दीपक कुमार, रोहित कुमार उर्फ लल्लू, संदीप कुमार और ऋषिकेश उर्फ राजा को गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार पूछताछ में आरोपितों ने घटना में अपनी संलिप्तता स्वीकार की। गिरफ्तार छोटन कुमार के पास से झपटा गया मोबाइल बरामद किया गया। पुलिस ने घटना में संलिप्त अन्य आरोपितों को भी गिरफ्तार कर लिया तथा वारदात में इस्तेमाल मोटरसाइकिल बरामद कर ली। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार सभी आरोपितों को न्यायिक हिरासत में भेजा जा रहा है। मामले में अन्य आपराधिक घटनाओं में उनकी संलिप्तता की भी जांच की जा रही है।

# शिक्षक दिवस पर सम्मानित हुए शिक्षक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**बिक्रमगंज (रोहतास)।** शिक्षक दिवस के अवसर पर शनिवार को अनुमंडल कार्यालय में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। वहु मोरा में आयोजित गुरु वंदना कार्यक्रम में अनुमंडल पदाधिकारी दिलीप कुमार शामिल हुए। अनुमंडल कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता अनुमंडल पदाधिकारी, बिक्रमगंज ने की। समारोह में अनुमंडल क्षेत्र के सभी प्रखंडों से चयनित दो-दो उत्कृष्ट शिक्षकों को शिक्षा के क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय योगदान और उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अनुमंडल पदाधिकारी ने सभी सम्मानित शिक्षकों को बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि शिक्षक समाज के मार्गदर्शक और राष्ट्र निर्माण के महत्वपूर्ण स्तंभ हैं। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों के भविष्य को संवारने, उनमें ज्ञान, अनुशासन और संस्कार विकसित करने में शिक्षकों की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण होती है। अच्छे कार्य करने वाले शिक्षकों को सम्मानित करने से अन्य शिक्षकों को भी प्रेरणा मिलती है और वे बेहतर कार्य करने के लिए प्रोत्साहित होते हैं। उन्होंने शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए शिक्षकों के समर्पण को आवश्यक बताया तथा सभी शिक्षकों से निष्ठा और समर्पण के साथ अपने कर्तव्यों का पालन करने का आह्वान किया। समारोह के दौरान चयनित शिक्षकों को प्रशस्ति-पत्र और अंग-वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में संबंधित पदाधिकारी, बड़ी संख्या में शिक्षकगण और पत्रकार उपस्थित रहे। पूरे कार्यक्रम का वातावरण सम्मान और उत्साह से भरा रहा।

# केबल चोरी का उद्भेदन, तीन गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**सासाराम।** चार सितंबर को डीएफसीसीआईएल द्वारा कुदरा-पुसौली रेलखंड स्थित बाउंड्री से लगभग 8 मीटर लंबी एक्सएलपीई 185 एस्क्वायर एमएम, 4 कोर एल्युमिनियम केबल चोरी किए जाने की सूचना आरपीएफ पोस्ट सासाराम को प्राप्त हुई। सूचना मिलते ही आरपीएफ द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए घटनास्थल पर पहुंचकर आसपास के क्षेत्र में गहन जांच एवं गुप्त निगरानी की गई। कार्रवाई के दौरान 03 संदिग्ध व्यक्तियों को पकड़कर पूछताछ की गई जिनकी निशानदेही पर चोरी गई लगभग 08 मीटर केबल की पूर्ण बरामदगी की गई। गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान राज कुमार (18 वर्ष), राकेश कुमार (22 वर्ष), दोनों निवासी चिलबिली, थाना कुदरा, जिला कैमूर (भभुआ), तथा आकाश कुमार सूर्या (24 वर्ष), निवासी कुदरा, जिला कैमूर के रूप में हुई है। अभियुक्तों के कब्जे से चोरी गई केबल के अतिरिक्त घटना में प्रयुक्त 03 पहिया ऑटो बीआर01पीएन 7230 एवं केबल का रबर छीलने में प्रयुक्त एक चाकू भी बरामद कर विधिवत जब्त किया गया। बरामद केबल की अनुमानित कीमत लगभग 2,000/ रुपये है। मामले में आरपीएफ पोस्ट सासाराम पर मु0अ0सं0 08/26, दिनांक 04.09.2026, धारा 3 आरपी (यूपी) एक्ट के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत कर अग्रेतर कानूनी कार्रवाई की जा रही है। आरपीएफ की त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई से रेल संपत्ति की चोरी की घटना का सफल उद्भेदन करते हुए 03 अभियुक्तों की गिरफ्तारी, चोरी गई संपत्ति की शत-प्रतिशत बरामदगी तथा घटना में प्रयुक्त वाहन एवं उपकरण की बरामदगी सुनिश्चित की गई।

# शिक्षक दिवस पर डॉ. राधाकृष्णन जयंती समारोह आयोजित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**बिक्रमगंज (रोहतास)।** इन्दु तपेश्वर सिंह महिला महाविद्यालय, बिक्रमगंज के सभाकक्ष में शिक्षक दिवस के अवसर पर पूर्व राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती समारोह धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. बिनोद कुमार सिंह ने की जबकि संचालन हिन्दी विभाग की अध्यक्ष डॉ. पुष्पा सिंह ने किया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य ने डॉ. राधाकृष्णन के व्यक्तित्व और कृतित्व पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि वे एक महान शिक्षक, दार्शनिक, प्रशासक होने के साथ-साथ सादा जीवन और उच्च विचार के प्रबल पोषक थे। उन्होंने कहा कि डॉ. राधाकृष्णन ने शिक्षा के क्षेत्र में जो योगदान दिया, वह आज भी प्रेरणादायक है और शिक्षकों को उनके आदर्शों का अनुसरण करना चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे गुरुजनों का सम्मान करें और ज्ञान को जीवन में आत्मसात करें। कार्यक्रम में महाविद्यालय के शिक्षकों ने भी अपने विचार व्यक्त किए और शिक्षक दिवस के महत्व पर चर्चा की। इस अवसर पर मुख्य रूप से डॉ. उपेन्द्र प्रसाद सिंह, डॉ. हरेंद्र कुमार सिंह, प्रो. राकेश सिंह, प्रो. सरस किशोर सिन्हा, डॉ. फिरोज खान, प्रो. अमरेन्द्र सिंह, प्रो. तेज नारायण सिंह, प्रो. अमन सिंह, डॉ. रेणु सिंह, प्रो. साधना कुमारी, प्रो. प्रीति प्रिया और उमेश राय सहित बड़ी संख्या में शिक्षक एवं छात्राएं उपस्थित रहीं। अंत में सभी ने डॉ. राधाकृष्णन के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी और शिक्षक दिवस की शुभकामनाएं दीं।

# भलूनी धाम में धूमधाम से मनी बाबा गणिनाथ जयंती

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**विक्रमगंज (रोहतास)।** भलूनी धाम में बाबा गणिनाथ जयंती समारोह बड़े ही धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूजा कमेटी के अध्यक्ष उमेश प्रसाद गुप्ता ने की जबकि मंच संचालन नवीन चंद्र साह, जिला बीस सूत्री सदस्य सह भाजपा प्रवक्ता रोहतास ने किया। समारोह का विधिवत उद्घाटन मुख्य अतिथि दिनारा विधायक आलोक कुमार सिंह ने सामूहिक रूप से फीता काटकर एवं गुरु वंदना के साथ किया। अपने संबोधन में विधायक ने कहा कि मैं आपका हूं, आपने मुझे विधायक बनाया है, सेवा करने में मैं कोई कोताही नहीं करूंगा। उन्होंने कहा कि बाबा गणिनाथ जयंती के शुभ अवसर पर गौ माता की रक्षा करना हमारा धर्म एवं कर्तव्य है। समाज के वरिष्ठ नेता जगनारायण साह ने समाज के सर्वांगीण विकास के लिए अनेक महत्वपूर्ण तथ्य रखे। पूर्व अध्यक्ष बिक्रमगंज गुप्तेश्वर गुप्ता ने अपने यहां आयोजित होने वाले पूजा समारोह के लिए सभी को सादर आमंत्रित किया। जिला पार्षद प्रदीप गुप्ता ने समाज को सशक्त और संगठित बनाने के लिए शिक्षा पर विशेष बल दिया। चंद्रभूषण प्रसाद ने बाबा गणिनाथ के जीवन पर प्रकाश डालते हुए गलत परंपराओं और अनीति के विरुद्ध संघर्ष करने का आह्वान किया। समारोह को संबोधित करने वालों में शिवनाथ प्रसाद गुप्ता, मुखिया राजेंद्र प्रसाद गुप्ता, सिपाही शाह, राजेश्वर श्रीकांत साह, भगवान सिंह सहित कई गणमान्य लोग शामिल रहे। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया जिसमें गायक सुधीर कुमार छोटू और गायिका प्रीति तराना ने अपनी सुरीली प्रस्तुति से श्रोताओं का मन मोह लिया। पूरा परिसर बाबा के जयकारों से गूंज उठा।

# शिक्षक दिवस पर न्यू एक्सीलेंट एकेडमी में गुरु-शिष्य संगम



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** न्यू डीलियां स्थित न्यू एक्सीलेंट एकेडमी में शनिवार को शिक्षक दिवस के अवसर पर केक काटकर समारोह आयोजित किया गया। इसमें करीब 300 छात्र-छात्राओं ने भाग लेकर शिक्षकों के प्रति सम्मान और कृतज्ञता व्यक्त की। संस्था के निदेशक रोहित सिंह ने कहा कि शिक्षक केवल विद्यार्थियों का भविष्य नहीं संवारते, बल्कि ज्ञान, संस्कार और अनुशासन के माध्यम से बेहतर समाज की नींव भी रखते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ संस्कार और अनुशासन को जीवन में अपनाने का संदेश दिया। मौके पर शिक्षक ऋषि सिंह, गुलशन कुमार, श्वेता कुमारी, स्वीटी कुमारी, अल्का कुमारी, सोनम सिंह एवं सुजल कुमार सहित सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं मौजूद रहे।

# शिक्षक विद्यार्थियों के जीवन में नैतिकता और प्रेरणा का करते हैं संचार : प्रधानाचार्य

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**सासाराम।** अवधूत भगवान राम महाविद्यालय में शिक्षक दिवस पर राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा 'शिक्षा में शिक्षकों की भूमिका' विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ विनोद कुमार सिंह, संचालन ओमप्रकाश सिंह एवं धन्यवाद ज्ञापन राष्ट्रीय सेवा योजना पदाधिकारी डॉ सुनील कुमार ने किया। कार्यक्रम का शुभारंभ महान दार्शनिक शिक्षाविद पूर्व उपराष्ट्रपति सर्वपल्ली राधाकृष्णन के तेल चित्र पर मुख्य अतिथि द्वारा माल्यार्पण एवं प्रधानाचार्य द्वारा पुष्प अर्पित कर शुरूआत किया गया। प्रधानाचार्य द्वारा मुख्य अतिथि को पुष्प गुच्छ एवं अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। उक्त अवसर पर प्रधानाचार्य डॉ विनोद कुमार सिंह को शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए शिक्षक दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सेवक क्षितिज सिंह के टीम द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला युवा अधिकारी माई भारत केंद्र के जिला समन्वयक कोमल निगम ने कहा कि महाविद्यालय के जब से डॉ सिंह प्रधानाचार्य का पद संभाले हैं, तब से महाविद्यालय में शैक्षणिक व्यवस्था को बेहतर बनाने में इन्होंने अपनी महती भूमिका का निर्वहन किया हैं। भारतीय संस्कृति में गुरु का स्थान सदैव विशेष रहा है। कार्यक्रम का संचालन कर रहे भौतिक विभाग के प्रयोगशाला सहायक ओमप्रकाश सिंह ने कहा कि महाविद्यालय का विज्ञान संकाय का संबंधन, इंटरमीडिएट अनुदान लाने में इनकी महत्वपूर्ण भूमिका मानी जाती है।

# मध्य विद्यालय शिवगंज में धूमधाम से मनाई गई डॉ. राधाकृष्णन की जयंती व शिक्षक दिवस

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**डिहरी ऑन-सोन।** स्थानीय मध्य विद्यालय शिवगंज में शनिवार को भारत रत्न डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती एवं शिक्षक दिवस धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रधानाध्यापक संजय कुमार ने डॉ. राधाकृष्णन के तैलचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस अवसर पर छात्रा लक्ष्मी कुमारी एवं उनकी सहपाठियों ने आकर्षक रंगोली बनाई। वहीं प्रधानाध्यापक एवं विद्यालय के शिक्षकों ने केक काटकर शिक्षक दिवस मनाया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रधानाध्यापक संजय कुमार ने कहा कि गुरु का कर्तव्य है कि वह अपने शिष्यों को अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाए और उनकी सोचने-समझने की क्षमता को विकसित करे। उन्होंने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन का जन्म 5 सितंबर 1888 को हुआ था। वे भारत के प्रथम उपराष्ट्रपति और द्वितीय राष्ट्रपति रहे। वे महान शिक्षाविद, दार्शनिक तथा भारतीय संस्कृति के वाहक थे। इस अवसर पर शिक्षक प्रेमचंद प्रसाद, नसरीन, सुजाता प्रसाद, मोनू गुप्ता, विभा रानी, आयुषी गौतम सहित विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने डॉ. राधाकृष्णन के तैलचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया। कार्यक्रम के अंत में प्रधानाध्यापक द्वारा विद्यालय के सभी शिक्षकों को सम्मानित किया गया।

# शिशु संस्कार केंद्र जयनगरा में धूमधाम से मना शिक्षक दिवस




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**तिलौथू।** जयनगरा शिशु संस्कार केंद्र में शनिवार को पूर्व राष्ट्रपति एवं महान शिक्षाविद डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती पर शिक्षक दिवस श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत डॉ. राधाकृष्णन के तैलचित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर की गई। इस दौरान छात्र-छात्राओं ने उनके जीवन एवं शिक्षा के क्षेत्र में योगदान पर विचार रखे। कक्षा नौवीं एवं दसवीं के विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक एवं रचनात्मक प्रस्तुतियां दीं। प्रधानाचार्य उमेश शुक्ला ने कहा कि डॉ. राधाकृष्णन का जीवन विद्यार्थियों और शिक्षकों के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए आधुनिक तकनीक के प्रभावी उपयोग पर जोर दिया। विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक राकेश शर्मा ने कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।

# रोहतास साइबर थाना की बड़ी सफलता, ठगी के 53,999 रुपये कराए वापस

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**डिहरी ऑन-सोन।** जिले के सूर्यपुरा थाना क्षेत्र की निवासी नीलम सिन्हा के साथ 20 जून 2026 को हुई 53,999 रुपये की साइबर ठगी के मामले में रोहतास साइबर थाना ने त्वरित कार्रवाई करते हुए पूरी राशि वापस करा दी। पुलिस अधीक्षक मिस्टर राज ने बताया कि पीड़िता ने घटना के तुरंत बाद साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत के आधार पर साइबर थाना ने मामले की जांच शुरू की।

पुलिस ने एमआरएम पोर्टल के माध्यम से कार्रवाई करते हुए ठगी की पूरी राशि 53,999 रुपये पीड़िता के खाते में वापस करा दी। राशि वापस मिलने पर पीड़िता ने रोहतास पुलिस एवं साइबर थाना की त्वरित कार्रवाई के लिए आभार जताया।

# उद्घाटन के दो माह के भीतर ही दीवारों में आई दरारें

## बारिश का पानी कमरों में जमा होने से छात्राएं परेशान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**अकोढ़ी गोला (रोहतास)।** डिहरी प्रखंड अंतर्गत आदर्श ग्राम पंचायत दरिहट स्थित राम प्यारी बालिका उच्च माध्यमिक +2 विद्यालय में नवनिर्मित भवन के निर्माण की गुणवत्ता की पोल खुल गई है। उद्घाटन के महज दो माह के भीतर ही भवन की दीवारों में दरारें आ गई है और बरसात का पानी कमरों में जमा हो रहा है। जानकारी के अनुसार स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन के तहत विद्यालय परिसर में चार कमरों का निर्माण कराया गया था जिसका उद्घाटन 17 जुलाई 2026 को स्थानीय विधायक राजीव रंजन उर्फ सोनू सिंह के द्वारा किया गया था। उद्घाटन के बाद से ही उक्त कमरों में कक्षा 9 की छात्राओं के पठन-पाठन की व्यवस्था शुरू की गई थी, लेकिन उद्घाटन को दो महीने भी पूरे नहीं हुए हैं कि ऊपरी तल के दोनों कमरों की दीवारों में करीब आधा दर्जन स्थानों पर दरारें आ गई हैं। वहीं वेंटिलेटर के रास्ते बरसात का पानी सीधे कमरों के अंदर आ जाता है जिससे फर्श पर पानी जमा हो रहा है और फिसलन बनी रहती है। इससे छात्राओं को बैठने और पढ़ाई करने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। अभिभावकों ने जिला प्रशासन से भवन की उच्चस्तरीय जांच कराकर दोषी संवेदक पर कड़ी कार्रवाई और भवन की अविलंब मरम्मत कराने की मांग की है। इस संबंध में पूछे जाने पर जिला शिक्षा पदाधिकारी मदन राय ने बताया कि संबंधित विभाग के अधिकारियों द्वारा जांच कराई जाएगी। वहीं अनुमंडल पदाधिकारी निलेश कुमार ने इस मामले में कहा कि जांच कमिटी गठित की जा रही है।

# जल-जमाव से परेशान वार्डवासियों को राहत, पार्षद ने निजी खर्च से कराई सड़क की भराई

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**रोहतास।** नगर पंचायत रोहतास के वार्ड संख्या-12 में बारिश के दिनों में नाली के पानी और जलजमाव के कारण लोगों को आवागमन में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। सड़क पर पानी जमा रहने से राहगीरों के साथ-साथ स्थानीय निवासियों को भी आने-जाने में कठिनाई हो रही थी। स्थिति को देखते हुए वार्ड पार्षद याकिब जावेद ने अपने निजी खर्च से सड़क की भराई कराने का निर्णय लिया। बताया गया कि वार्ड संख्या-12 की इस समस्या को लेकर वार्ड पार्षद द्वारा नगर पंचायत कार्यालय को लिखित सूचना भी दी गई थी। इसके बावजूद समस्या का तत्काल समाधान नहीं होने पर पार्षद ने स्वयं पहल करते हुए सड़क पर मिट्टी एवं अन्य सामग्री डालकर उसकी भराई कराई। सड़क की भराई का कार्य शुरू होने से स्थानीय लोगों को काफी राहत मिली है। लोगों का कहना है कि बारिश के दौरान सड़क पर जलजमाव होने से पैदल चलना भी मुश्किल हो जाता था। कई जगहों पर सड़क की स्थिति खराब होने के कारण दोपहिया वाहन चालकों को भी परेशानी का सामना करना पड़ता था। वार्ड पार्षद याकिब जावेद ने कहा कि वार्ड के लोगों की समस्याओं का समाधान कराना उनकी प्राथमिकता है। नगर पंचायत स्तर से कार्य में देरी होने के कारण उन्होंने तत्काल अपने निजी खर्च से सड़क की भराई कराई है, ताकि लोगों को परेशानी से राहत मिल सके। स्थानीय लोगों ने पार्षद की इस पहल की सराहना करते हुए नगर पंचायत प्रशासन से वार्ड में स्थायी जल निकासी की व्यवस्था कराने तथा नाली की सफाई और मरम्मत कराने की मांग की है, ताकि भविष्य में जलजमाव की समस्या दोबारा उत्पन्न न हो।

**पूर्व रेलवे**

**निविदा सूचना सं. : 222-एस/1/डब्ल्यू-II, दिनांक 03.09.2026,** मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, सियालदह, दूसरी मंजिल, डीआरएम बिल्डिंग, काइजर स्ट्रीट, सियालदह, कोलकाता-700014 द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए निम्नलिखित ई-निविदा ऑनलाइन आमंत्रित की जाती है: **निविदा सं.: टीएन-165-26-27, कार्य का नाम:** सहायक अभियंता/बालीगंज और सहायक अभियंता/काँचरापाड़ा के अधीन वरिष्ठ शाखा अभियंता (वर्क्स)/बालीगंज और वरिष्ठ शाखा अभियंता (वर्क्स)/नैहाटी के अधिकार क्षेत्र में विभिन्न स्थानों में सेस मरम्मत कार्य, बल्ला पाइलिंग आदि एवं अन्य सहायक कार्य। **निविदा मूल्य :** रु.2,21,80,810.58, **बयाना राशि :** रु. 4,43,600/-, **निविदा की अंतिम तिथि और समय:** दिनांक 01.10.2026 को 15.00 बजे। **कार्य की समापन अवधि:** 12 माह। **निविदा के खुलने की तिथि और समय** दिनांक 01.10.2026 को 15.30 बजे है। निविदा कागजात एवं अन्य विवरण वेबसाइट: **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदा के लिए बोली उपर्युक्त वेबसाइट पर ई-निविदा प्रणाली के माध्यम से जमा की जाएगी। मैनुअल प्रस्ताव को तत्काल रद्द कर दिया जाएगा। भारतीय रेलवे मानक अनुबंध 2022 की सामान्य शर्तों के अनुसार ई-निविदा प्रपत्र की लागत शून्य है।

SDAH-212/2026-27

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway
@easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

**सूचना सं. : एसआईजी_डब्ल्यू_5 _पॉलिसी, दिनांक 01.09.2026,** वरिष्ठ मंडल सिग्नल एवं दूरसंचार इंजीनियर, पूर्व रेलवे, मालदा टाउन, मालदा टाउन ऑफिस बिल्डिंग, पी.ओ. झलझलिया, जिला-मालदा, पिन-732102 (पश्चिम बंगाल) द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए खुली ई-निविदा आमंत्रित की जाती है: **ई-निविदा सं.: एमएलडीटी _एसएनटी_26-27_16_ओटीआर, दिनांक :01.09.2026, कार्य का नाम:** निम्नलिखित के संबंध में एस एंड टी कार्य (क) जमालपुर-केईयू खंड में मसुदन (एमएसडीएन) स्टेशन पर प्रथम फुट ओवर ब्रिज का प्रावधान। (ख) मालदा मंडल के बरियारपुर और जमालपुर स्टेशनों पर मौजूदा फुट ओवर ब्रिज को गिराए जाने के साथ कल्याणपुर रोड, खड़िया पीपरा हाल्ट और घोघी बरियारपुर में प्रथम फुट ओवर ब्रिज का प्रावधान, (ग) अबूजगंज, पवई ब्रह्मस्थान, रामपुर और बिंदुबासिनी हाल्ट में फुट ओवर ब्रिज (3 मीटर चौड़ाई) का प्रावधान, (घ) बरियारपुर स्टेशन पर मौजूदा फुट ओवर ब्रिज का विस्तार, (ङ) मालदा मंडल के तहत दशरथपुर, कजरा और बाकुडी स्टेशनों पर फुट ओवर ब्रिज का प्रावधान, (च) मालदा मंडल के नाथनगर, अकबरनगर, धरहरा, अभयपुर, बोनीडंगा स्टेशनों पर पुराने फुट ओवर ब्रिज का प्रतिस्थापन, (छ) मालदा मंडल के तहत अतिरिक्त/नए एटीवीएम का प्रावधान, (ज) मालदा मंडल के 9 स्टेशनों पर मौजूदा नॉन-आरडीएसओ टाइप फायर डिटेक्शन और अलार्म सिस्टम को बदलने का प्रावधान। **निविदा मूल्य:** रु. 2,51,26,422.22, **बयाना राशि:** रु. 5,02,500/-, **ई-निविदा जमा देने की तिथि और समय :** दिनांक 09.09.2026 से 23.09.2026 को 11.00 बजे तक। **वेबसाइट का विवरण एवं सूचना पट:** वेबसाइट: **www.ireps.gov.in** और सूचना पट: वरिष्ठ डीएसटीई का कार्यालय, डीआरएम बिल्डिंग, मालदा।

MLD-185/2026-27

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway
@easternrailwayheadquarter

# शिक्षक दिवस पर डैफोडिल ग्रुप ऑफ स्कूल्स में शिक्षकों का सम्मान



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ।** स्थानीय मंगलास्थान स्थित डैफोडिल ग्रुप ऑफ स्कूल्स में शिक्षक दिवस पर शिक्षकों के सम्मान एवं उत्साहवर्धन के लिए विशेष समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं शिक्षकों के सम्मान के साथ हुआ। विद्यालय प्रबंधन की ओर से सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं को उपहार प्रदान कर उनके उत्कृष्ट कार्य, समर्पण और शिक्षा के क्षेत्र में योगदान के लिए प्रोत्साहित किया गया।समारोह में भारत के महान शिक्षाविद्, दार्शनिक एवं पूर्व राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के व्यक्तित्व एवं कृतित्व को याद किया गया। वक्ताओं ने कहा कि शिक्षा केवल ज्ञान प्राप्त करने का माध्यम नहीं, बल्कि व्यक्ति के चरित्र और व्यक्तित्व निर्माण का सशक्त साधन है। उनके जन्मदिवस 5 सितंबर को शिक्षक दिवस के रूप में मनाकर देशभर में शिक्षकों के प्रति सम्मान और कृतज्ञता व्यक्त की जाती है। इस दौरान केक काटकर शिक्षक दिवस का उत्सव मनाया गया। शिक्षकों ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि शिक्षक-विद्यार्थी का संबंध विश्वास, मार्गदर्शन और संस्कारों पर आधारित होता है। विद्यालय के प्राचार्य डॉ. रवि चंद कुमार ने कहा कि शिक्षक राष्ट्र और समाज के भविष्य के निर्माता हैं। वे विद्यार्थियों को विषय ज्ञान के साथ अनुशासन, संस्कार, नैतिक मूल्य और जिम्मेदारी की भावना भी प्रदान करते हैं। शिक्षकों का सम्मान वास्तव में शिक्षा और ज्ञान का सम्मान है। चेयरमैन रंजीत प्रसाद सिंह ने कहा कि विद्यालय की शैक्षणिक उपलब्धियों और निरंतर प्रगति में शिक्षकों की महत्वपूर्ण भूमिका है। उनके सामूहिक प्रयास से विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और बेहतर संस्कार मिल रहे हैं। कार्यक्रम के सफल आयोजन में परियोजना प्रबंधक अतुल अभिलाष, ज्योति मेहता, प्रिया कुमारी, सुवेक्षा लेपचा, अवधेश कुमार पंडित, सभ्यता चामलिंग, विजेता वर्मा, सुधांशु सुमन, राजीव सिंह सहित विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं कर्मियों का सहयोग रहा। समापन राष्ट्रगान और शिक्षकों को शुभकामनाएं देने के साथ हुआ।

# शोषितों, पिछड़ों व वंचितों के हितैषी थे जगदेव प्रसादः श्रवण कुमार



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ।** दीपनगर में जनता दल यूनाइटेड की ओर से अमर शहीद बिहार लेनिन जगदेव प्रसाद की शहादत दिवस एवं भारत के पूर्व राष्ट्रपति, महान शिक्षाविद् और भारत रत्न डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर बिहार सरकार के मंत्री सह जदयू विधायक दल के नेता श्रवण कुमार ने कार्यकर्ताओं के साथ दोनों महापुरुषों के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया। मंत्री श्रवण कुमार ने कहा कि जगदेव प्रसाद ने अपना पूरा जीवन शोषित, वंचित, दलित और पिछड़ों के अधिकारों के लिए न्योछावर कर दिया। उनका नारा 'सौ में नब्बे शोषित हैं, नब्बे भाग हमारा है' आज भी प्रासंगिक है। उन्होंने कहा कि जगदेव बाबू के विचार आज भी जीवंत हैं। उनके बताए रास्ते पर चलकर शिक्षा, समानता और अधिकार की लड़ाई को आगे बढ़ाना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी।डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन को श्रद्धांजलि देते हुए मंत्री ने कहा कि वे महान शिक्षक, दार्शनिक और देश के पूर्व राष्ट्रपति थे। उनके जन्मदिवस को शिक्षक दिवस के रूप में मनाया जाता है। गुरु समाज और राष्ट्र के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने सभी शिक्षकों को शिक्षक दिवस की बधाई देते हुए कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और शिक्षकों के सम्मान के बिना विकसित बिहार और विकसित भारत का सपना पूरा नहीं हो सकता। इस मौके पर प्रदेश सचिव गुलरेज अंसारी, धनंजय प्रसाद कुशवाहा, डॉ. धनंजय कुमार देव, माणिकचंद कुशवाहा, निरंजना गुप्ता, इमरान रिजवी, चुन्नी लाल, संजय प्रसाद कुशवाहा सहित बड़ी संख्या में जदयू कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## एक नजर

### शिक्षक दिवस पर कतरीसराय के दो शिक्षक हुए सम्मानित

**कतरीसराय।** शिक्षक दिवस के अवसर पर नालंदा जिले में शिक्षा एवं नवाचार के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले उत्कृष्ट शिक्षकों को सम्मानित किया गया। जिला स्तर पर गठित चयन समिति द्वारा जिले के विभिन्न प्रखंडों के सरकारी विद्यालयों से 14 उत्कृष्ट शिक्षकों का चयन किया गया। चयनित शिक्षकों को उनके बेहतर प्रदर्शन और शिक्षा के क्षेत्र में किए गए सराहनीय कार्यों के लिए प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। जिला शिक्षा पदाधिकारी हेमचंद पासवान ने चयनित शिक्षकों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। सम्मान पाने वाले शिक्षकों में कतरीसराय प्रखंड के दो सरकारी विद्यालयों के शिक्षक भी शामिल हैं। इनमें प्राथमिक विद्यालय मिरचायगंज के शिक्षक अजय प्रसाद तथा मध्य विद्यालय मैरा के प्रधानाध्यापक शिवनंदन प्रसाद शामिल हैं।दोनों शिक्षकों को शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर कार्य करने तथा विद्यालय में नवाचारपूर्ण गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए सम्मानित किया गया। शिक्षकों के सम्मानित होने की खबर से कतरीसराय प्रखंड के शिक्षकों एवं स्थानीय लोगों में खुशी का माहौल है।सम्मानित शिक्षकों ने कहा कि इस प्रकार का प्रोत्साहन शिक्षकों के उत्साह को बढ़ाता है। इससे विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने, नई शिक्षण पद्धतियों को अपनाने तथा विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए और बेहतर कार्य करने की प्रेरणा मिलती है।जिले के उत्कृष्ट शिक्षकों का चयन कर उन्हें सम्मानित किए जाने को शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर कार्य करने वाले शिक्षकों के प्रोत्साहन की दिशा में महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है।

### चोरी की दो मोटरसाइकिल के साथ युवक गिरफ्तार

**बिहारशरीफ।** नूरसराय थाना क्षेत्र के अंधना मोड़ पर अपराध नियंत्रण को लेकर शुक्रवार को पुलिस द्वारा वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था। इसी दौरान गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए चोरी की दो मोटरसाइकिल के साथ एक युवक को गिरफ्तार कर लिया।गिरफ्तार युवक की पहचान ऋतिक कुमार (19 वर्ष), पिता स्व. राम निवास केवट, निवासी मुन्सी पैन, थाना बेलछी, जिला पटना के रूप में की गई है। पुलिस ने उसके पास से चोरी की दो मोटरसाइकिल बरामद की है। इस संबंध में नूरसराय थाना कांड संख्या 487/26 के तहत सुसंगत धाराओं में प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस द्वारा गिरफ्तार अभियुक्त से पूछताछ के साथ मामले में अग्रतर कार्रवाई की जा रही है। पुलिस यह भी पता लगाने में जुटी है कि बरामद मोटरसाइकिलें कहां से चोरी की गई थीं और इस घटना में अन्य लोगों की संलिप्तता है या नहीं।

### हथियार और कारतूस के साथ सरकारी कर्मी गिरफ्तार

**इस्लामपुर।** इस्लामपुर थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर बौलीबाग मोहल्ले में छापेमारी कर किसी बड़ी आपराधिक घटना की योजना बना रहे एक व्यक्ति को हथियारों के साथ गिरफ्तार किया। पुलिस ने उसके पास से दो देशी निर्मित पिस्टल, एक देशी कट्टा और 28 जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। गिरफ्तार व्यक्ति की पहचान बौलीबाग मोहल्ला निवासी मो. इसलामउद्दीन के पुत्र मो. शहवाजुद्दीन उर्फ मंटू के रूप में हुई है। इस संबंध में हिलसा-2 के इसलामपुर डीएसपी रामदुलार प्रसाद ने इसलामपुर थाना में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया कि थाना अध्यक्ष रणविजय कुमार को सूचना मिली थी कि बौलीबाग मोहल्ले में एक बदमाश किस्म का व्यक्ति अवैध हथियार के साथ किसी बड़ी घटना को अंजाम देने की योजना बना रहा है। सूचना के बाद वरीय अधिकारियों को अवगत कराते हुए पुलिस टीम गठित की गई और मोहल्ले की घेराबंदी कर संदिग्ध व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया गया।डीएसपी ने बताया कि तलाशी के दौरान गिरफ्तार व्यक्ति के कमर से दो देशी पिस्टल और एक देशी कट्टा बरामद हुआ। वहीं, उसके पैकेट से 7.65 एमएम के 15 तथा 8 एमएम के 13 जिंदा कारतूस मिले। पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार शहवाजुद्दीन उर्फ मंटू पटना सचिवालय में सरकारी पद पर कार्यरत है। उसके खिलाफ इसलामपुर थाना में आर्म्स एक्ट, गोलीबारी और वाहन जलाने समेत चार आपराधिक मामलों की प्राथमिकी पूर्व से दर्ज है।डीएसपी ने बताया कि इतनी मात्रा में हथियार रखने के पीछे उसकी मंशा क्या थी और क्या वह किसी बड़ी वारदात की तैयारी में था, इसको लेकर पुलिस उससे पूछताछ कर रही है।

# मोदी के जन्मदिन से भाजपा चलाएगी एक माह का सेवा संकल्प अभियान




नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**राजगीर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक भाजपा की ओर से पूरे देश में एक माह का सेवा संकल्प अभियान चलाया जाएगा। इसी को लेकर शनिवार को राजगीर स्थित संस्कार सेवा सदन में भाजपा नालंदा जिला की ओर से सेवा संकल्प अभियान कार्यशाला आयोजित की गई। अध्यक्षता जिला अध्यक्ष राजेश कुमार ने की। कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप में भाजयुमो बिहार प्रदेश अध्यक्ष जितेंद्र सिंह एवं भाजपा बिहार प्रदेश मंत्री सह जिला प्रभारी संजय कुमार मुन्ना शामिल हुए। संचालन जिला महामंत्री शिवरतन प्रसाद ने किया। कार्यशाला को संबोधित करते हुए अतिथियों ने कहा कि नरेंद्र मोदी ने मुख्यमंत्री से लेकर प्रधानमंत्री तक के रूप में सफल, निर्णायक और जनकल्याणकारी नेतृत्व के 25 वर्ष पूरे किए हैं। इस ऐतिहासिक अवसर पर उनके जन्मदिन से शुरू होने वाले अभियान के तहत समाज के सभी वर्गों तक पहुंचने का लक्ष्य रखा गया है। कार्यकर्ताओं द्वारा प्रधानमंत्री के 25 वर्षों के सुशासन, राष्ट्र निर्माण में किए गए कार्यों तथा केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी घर-घर तक पहुंचाई जाएगी।अभियान के दौरान जिले में विभिन्न सेवा और संपर्क कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रमों को सफल बनाने के लिए जिला पदाधिकारियों, विभिन्न मोर्चों के जिलाध्यक्षों और मंडल अध्यक्षों को अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपी गई। भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष जितेंद्र सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री का जीवन सेवा, समर्पण और अंत्योदय का प्रतीक है। कार्यकर्ताओं का दायित्व है कि जन्मदिन को सेवा संकल्प के रूप में मनाते हुए समाज के अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाया जाए और विकसित भारत के संकल्प को साकार किया जाए।

# डीएम-एसपी ने किया इवीएम/वीवीपैट वेयरहाउस का निरीक्षण



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने संयुक्त रूप से ईवीएम/वीवीपैट वेयरहाउस का मासिक निरीक्षण किया। इस दौरान अधिकारियों ने वेयरहाउस में रखी ईवीएम एवं वीवीपैट मशीनों के रख-रखाव, सुरक्षा व्यवस्था तथा अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के क्रम में वेयरहाउस की सुरक्षा से जुड़े इंतजामों, प्रवेश-निकास व्यवस्था और मशीनों के सुरक्षित भंडारण की स्थिति की भी समीक्षा की गई। जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने संबंधित पदाधिकारियों एवं कर्मियों को निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित मानकों और प्रोटोकॉल का पूरी तरह पालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। अधिकारियों ने कहा कि ईवीएम एवं वीवीपैट की सुरक्षा में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। वेयरहाउस में साफ-सफाई, निगरानी और सुरक्षा व्यवस्था को लगातार दुरुस्त रखने को कहा गया। निरीक्षण के दौरान संबंधित निर्वाचन पदाधिकारी एवं कर्मी मौजूद रहे।

# शहीद जगदेव प्रसाद के शहादत दिवस पर श्रद्धांजलि

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ।** नाला रोड स्थित सामुदायिक भवन में सामाजिक न्याय मोर्चा के तत्वावधान में शुक्रवार को शहीद जगदेव प्रसाद का शहादत दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में उनके चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। उपस्थित लोगों ने उनके विचारों को जन-जन तक पहुंचाने और उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया।इस अवसर पर वक्ताओं ने जगदेव प्रसाद के जीवन और संघर्षों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वे बिहार के महान समाजवादी नेता थे। उन्होंने वंचित और शोषित वर्गों के अधिकारों के लिए जीवनभर संघर्ष किया। उन्हें 'बिहार का लेनिन' भी कहा जाता है। वे शोषित समाज दल के संस्थापक थे और सामाजिक न्याय की लड़ाई में 'सौ में नब्बे शोषित हैं' जैसे नारों को प्रमुखता दी।वक्ताओं ने कहा कि 5 सितंबर 1974 को कुर्था में आंदोलन के दौरान पुलिस की गोली से जगदेव बाबू शहीद हो गए। उनका जीवन सामाजिक समानता, न्याय और वंचितों के अधिकारों के लिए संघर्ष की प्रेरणा देता है। मौके पर चंद्रशेखर प्रसाद, रामदेव चौधरी, अनिल पासवान, रंजीत कुमार चैधरी, कमलेश कुमार कमल, अवधेश पंडित, उमेश पंडित, प्रो. शिवकुमार यादव, जाहिद अंसारी, महेंद्र प्रसाद, पप्पू उर्फ प्रभाकर, चंद्रमणि चौहान, रौशन पासवान आदि मौजूद थे।

## नवादा

# नवादा विधि कॉलेज में हर्षोल्लास से मना शिक्षक दिवस समारोह



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा।** नवादा विधि कॉलेज में भारत रत्न से सम्मानित पूर्व राष्ट्रपति एवं महान शिक्षाविद् डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती के अवसर पर शिक्षक दिवस समारोह हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं, शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। समारोह का उद्घाटन कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ. डी.एन. मिश्रा ने किया। इस अवसर पर बॉडी गवर्नर डॉ. मनीष पंकज मिश्रा ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। डॉ. मनीष पंकज मिश्रा ने डॉ. राधाकृष्णन के जीवन, विचारों एवं शिक्षा के क्षेत्र में उनके अमूल्य योगदान पर प्रकाश डालते हुए कहा कि शिक्षक समाज और राष्ट्र के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। शिक्षक विद्यार्थियों को केवल विषयगत ज्ञान ही नहीं देते, बल्कि संस्कार, अनुशासन, नैतिकता और जीवन की सही दिशा भी प्रदान करते हैं। प्रधानाचार्य डॉ. डी.एन. मिश्रा ने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि गुरु केवल पाठ पढ़ाने वाला नहीं, बल्कि सच्ची राह दिखाकर जीवन को महान बनाने वाला होता है। उन्होंने विद्यार्थियों से मेहनत को अपना मंत्र बनाने, लक्ष्य ऊंचा रखने तथा कठिन परिस्थितियों में भी हौसला बनाए रखने की अपील की। उन्होंने समय के महत्व, सत्य, संस्कार एवं अनुशासन को सफलता की कुंजी बताया और माता-पिता तथा गुरुजनों का सम्मान करने की सीख दी। कार्यक्रम में डॉ. संजीव कुमार, प्रोफेसर अकील खान, प्रोफेसर क्षितिज कौशिक, प्रोफेसर समृद्धि, स्नेहा, अनुराधा, अनुष्का, शिवानी, शाहजहां सहित महाविद्यालय के शिक्षक, शिक्षकेत्तर कर्मचारी एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। समारोह का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

# प्रणय भारती हत्याकांडः जन सुराज के नेताओं ने पीड़ित परिवार से की मुलाकात



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**हिसुआ/नवादा।** प्रणय भारती हत्याकांड के बाद पीड़ित परिवार से मिलने के लिए जन सुराज पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष मनोज भारती समेत पार्टी के कई वरिष्ठ नेता हिसुआ पहुंचे। नेताओं ने मृतक के पिता मनीष भारती से मुलाकात कर घटना की जानकारी ली और शोक-संतप्त परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की। इस दौरान सरवर अली, रामलखन सिंह दांगी, सूर्य देव वर्मा, पद्मा ओझा, अरविंद गुप्ता, गुलाम मुस्तफा उर्फ महताब आलम, प्रत्युष कुमार सहित अन्य नेता मौजूद रहे। जन सुराज के युवा अध्यक्ष नीरज कुमार, संगठन महामंत्री सरयू कुशवाहा, सुनील प्रसाद, जे.पी. सिंह, मुकेश कुमार बब्बू, सुरेन्द्र कुमार सुमन तथा प्रखंड अध्यक्ष रौशन कुमार भी पीड़ित परिवार से मिलने पहुंचे। नेताओं ने मनीष भारती से घटना से संबंधित जानकारी ली तथा परिवार के प्रति अपनी संवेदना प्रकट की। उन्होंने कहा कि ऐसी घटना बेहद दुखद और गंभीर है तथा पीड़ित परिवार को न्याय मिलना चाहिए। मृतक के पिता मनीष भारती ने नेताओं को घटना से जुड़ी परिस्थितियों और परिवार की वर्तमान स्थिति के बारे में जानकारी दी। नेताओं ने पीड़ित परिवार को भरोसा दिलाया कि न्याय की मांग में वे परिवार के साथ खड़े रहेंगे।

प्रणय भारती हत्याकांड को लेकर हिसुआ में लोगों के बीच आक्रोश बना हुआ है। अब लोगों की नजर पुलिस की जांच और आरोपियों की गिरफ्तारी पर टिकी है।

# उर्दू प्राथमिक विद्यालय इजहारचक में धूमधाम से मना शिक्षक दिवस

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा।** प्रखंड के उर्दू प्राथमिक विद्यालय इजहारचक में शनिवार को शिक्षक दिवस का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रधान शिक्षक राजेश कुमार ने केक काटकर किया। इस दौरान पूरी कक्षा को गुब्बारों और रंग-बिरंगी झालरों से आकर्षक रूप से सजाया गया था। कार्यक्रम में बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। छात्र-छात्राओं ने बारी-बारी से मंच पर आकर शिक्षक के महत्व पर भाषण दिया और डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जीवन पर प्रकाश डाला। बच्चों के भावपूर्ण भाषणों ने सभी शिक्षकों को भावुक कर दिया। इस मौके पर प्रधान शिक्षक राजेश कुमार ने कहा कि शिक्षक ही समाज और राष्ट्र का निर्माता होता है और बच्चों की यह प्रतिभा ही शिक्षकों की सच्ची पूंजी है। इस अवसर पर शिक्षक मो. इमामुल इस्लाम, शैलेंद्र कुमार, टुनेस्वर रविदास सहित दर्जनों छात्र-छात्राएं उपस्थित थी।

### तरौनी स्कूल में 800 बच्चों के बीच पानी की किल्लत दूर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**अकबरपुर (नवादा)।** अकबरपुर प्रखंड के तेयार पंचायत स्थित तरौनी स्कूल में पढ़ने वाले करीब 800 बच्चों के लिए पेयजल की समस्या गंभीर बनी हुई थी। विद्यालय में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं के होने के कारण पानी की पर्याप्त व्यवस्था नहीं रहने से बच्चों एवं शिक्षकों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। गर्मी और उमस के बीच पानी की किल्लत से बच्चों की परेशानी और बढ़ गई थी। बच्चों की समस्या को देखते हुए। शुक्रवार को तेयार पंचायत के भावी मुखिया प्रत्याशी भोले दानी की ओर से पहल करते हुए विद्यालय में चापाकल गढ़वा कर पानी की व्यवस्था कराई गई। ग्रुप के सदस्यों ने बताया कि बच्चों को मूलभूत सुविधा उपलब्ध कराना सामाजिक जिम्मेदारी है। इसी उद्देश्य से विद्यालय में पानी की समस्या को दूर करने के लिए आवश्यक व्यवस्था कराई गई है। विद्यालय में पानी की व्यवस्था होने से करीब 800 छात्र-छात्राओं को राहत मिली है। स्थानीय लोगों एवं विद्यालय परिवार ने भोले दानी ग्रुप की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि सामाजिक संस्थाओं एवं संगठनों द्वारा इस प्रकार की पहल किए जाने से जरूरतमंदों को सीधा लाभ मिलता है। ग्रामीणों ने उम्मीद जताई कि आगे भी भोले दानी ग्रुप द्वारा शिक्षा एवं जनहित से जुड़े कार्यों में सहयोग जारी रखा जाएगा।

# इनर व्हील क्लब नवादा ने राजकीय कन्या मध्य विद्यालय में मनाया शिक्षक दिवस



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा।** इनर व्हील क्लब नवादा की महिलाओं द्वारा प्रसाद बीघा स्थित राजकीय कन्या मध्य विद्यालय में शिक्षक दिवस समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय के शिक्षकों द्वारा दीप प्रज्वलित कर की गई। इस अवसर पर विद्यालय के नौ शिक्षकों को शॉल, स्टॉल, प्रमाण-पत्र, पेन, गुलाब का फूल एवं पर्यावरण संरक्षण के संदेश के साथ पौधा देकर तथा माला पहनाकर सम्मानित किया गया। क्लब की प्रेसिडेंट रेखा रानी ने सभी शिक्षकों को शिक्षक दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों का हार्दिक अभिनंदन किया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति के जीवन में शिक्षक का होना बेहद जरूरी है। ज्ञान की ज्योति को निरंतर प्रज्वलित करने का कार्य शिक्षक ही करते हैं। भारतीय संस्कृति में गुरु-शिष्य का रिश्ता अत्यंत महत्वपूर्ण और पवित्र माना गया है। माता-पिता प्रथम गुरु होते हैं, जो जन्म देकर दुनिया से परिचित कराते हैं, जबकि शिक्षक जीवन जीने की कला और सही मार्गदर्शन प्रदान करते हैं। उन्होंने कहा कि माता-पिता और शिक्षक का सम्मान करने वालों के चरणों में एक दिन पूरा जहान होता है। क्लब की सेक्रेटरी पुष्पा कुमारी ने कहा कि 5 सितंबर केवल एक तारीख नहीं, बल्कि गुरु के सम्मान का खूबसूरत अवसर है। जब रास्ते मुश्किल लगते हैं, तब शिक्षक उम्मीद की रोशनी बनकर विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करते हैं। शिक्षक भविष्य नहीं बताते, बल्कि भविष्य बनाते हैं।


# बाल विवाह के खिलाफ संयुक्त राष्ट्र का वैश्विक दिवस जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन के असाधारण प्रयासों को मान्यता



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा।** संयुक्त राष्ट्र द्वारा 27 नवंबर को 'बाल विवाह, कम उम्र और जबरन विवाह की समाप्ति के लिए अंतरराष्ट्रीय दिवस' घोषित किए जाने का तटवासी समाज न्यास ने स्वागत किया है। शिक्षक दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में संस्था के निदेशक कन्हैया कुमार सिंह ने इसे 'जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन' (जेआरसी) के प्रयासों की वैश्विक मान्यता और पूरे देश के लिए गर्व का क्षण बताया। उन्होंने बताया कि जिले में प्रशासन के सहयोग से अब तक 1,030 बाल विवाह रुकवाए गए हैं। कानून के साथ-साथ जागरूकता रैलियों, ड्रॉपआउट बच्चों के पुनः दाखिले, कमजोर परिवारों को सरकारी योजनाओं से जोड़ने और धर्मगुरुओं व शिक्षकों की भागीदारी से इसे जन अभियान का रूप दिया गया है। गौरतलब है कि जेआरसी के संस्थापक भुवन ऋभु की पहल पर सिएरा लियोन की प्रथम महिला डॉ. फातिमा मादा बायो ने समर्थन दिया था। इसके बाद भारत सहित 67 देशों के अनुमोदन वाला प्रस्ताव महासभा में पेश हुआ, जिसे 4 सितंबर को पारित कर दिया गया। देश के सभी 782 जिलों में सक्रिय इस मुहिम का असर आंकड़ों में भी दिखा है। एनएफएचएस-5 (2019-21) में 18 वर्ष से कम उम्र में ब्याही लड़कियों का अनुपात 23.3 प्रतिशत था, जो एनएफएचएस-6 (2023-24) में घटकर 20.1 प्रतिशत रह गया। भारत सरकार ने वर्ष 2026 तक इसे 10 प्रतिशत तक लाने का लक्ष्य तय किया है, जो सतत विकास लक्ष्य 5.3 के अनुरूप है।

### पूर्व राष्ट्रपति की जयंती पर विभिन्न विद्यालयों में आयोजित हुए कार्यक्रम



**कौआकोल।** प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों में शनिवार को शिक्षक दिवस के अवसर पर विविध कार्यक्रम आयोजित कर देश के पूर्व राष्ट्रपति एवं महान शिक्षाविद् डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती मनाई गई। इस दौरान विद्यालयों में शिक्षक-शिष्य परंपरा और शिक्षा के महत्व पर चर्चा की गई। विद्यार्थियों ने अपने शिक्षकों के प्रति सम्मान व्यक्त करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं। न्यू जीवन ज्योति पब्लिक स्कूल,कौआकोल में आयोजित कार्यक्रम में विद्यालय के संस्थापक एवं पूर्व मुखिया डॉ. चन्द्रिका प्रसाद तथा निवर्तमान मुखिया नीभा कुमारी को सम्मानित किया गया। विद्यालय के प्राचार्य घनश्याम प्रसाद की देखरेख में आयोजित कार्यक्रम में डॉ. राधाकृष्णन के जीवन,व्यक्तित्व एवं शिक्षा के क्षेत्र में उनके योगदान पर प्रकाश डाला गया। इस दौरान विद्यार्थियों ने शिक्षकों के सम्मान में विभिन्न कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इसी प्रकार प्राथमिक विद्यालय दुर्गामण्डप में वरीय शिक्षक राकेश कुमार के नेतृत्व में शिक्षक दिवस मनाया गया। उत्क्रमित मध्य विद्यालय जोरावरडीह में प्रभारी प्रधानाध्यापक अरिसूदन कुमार के नेतृत्व में कार्यक्रम आयोजित हुआ। मौके पर शिक्षक जयप्रकाश मेहता,सुरेन्द्र प्रसाद सहित विद्यालय के अन्य शिक्षक एवं छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

# प्राथमिक विद्यालय सुदनपुर उर्दू की बदली तस्वीर, प्रधान शिक्षक डॉ. मुकेश के नवाचार से आया बदलाव



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पकरीबरावां।** प्रखंड की उत्तरी ग्राम पंचायत स्थित प्राथमिक विद्यालय सुदनपुर उर्दू में शैक्षणिक माहौल पूरी तरह बदल चुका है। 21 जुलाई 2025 को योगदान देने के बाद प्रधान शिक्षक डॉ. मुकेश कुमार सिन्हा ने नवाचार के जरिए विद्यालय का कायाकल्प कर दिया है। उपस्थिति और नियमितता बढ़ाने के लिए उन्होंने अभिभावकों से सीधा संपर्क साधा। अभिभावकों का व्हाट्सएप ग्रुप बनाकर प्रतिदिन होमवर्क और विद्यालय की गतिविधियों को साझा किया जाने लगा। इसका असर यह हुआ कि अब शत-प्रतिशत बच्चे नियमित रूप से यूनिफॉर्म में विद्यालय आने लगे हैं। छात्रों को स्पोकन इंग्लिश और कंप्यूटर शिक्षा से जोड़ने के साथ-साथ गणित, पहाड़ा, क्विज, श्रुतलेखन और कविता गायन प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही हैं। इसके अलावा ओएमआर आधारित साप्ताहिक परीक्षाएं और प्रोजेक्ट वर्क भी नियमित कराए जा रहे हैं। खेलकूद के साथ-साथ अनुशासन, स्वच्छता और नियमितता के लिए बच्चों को उनके अभिभावकों से सम्मानित कराया गया। बाल संसद और इको क्लब को सक्रिय करते हुए डॉ. मुकेश निरंतर अभिभावकों व विद्यालय शिक्षा समिति के साथ बैठक कर बच्चों के सर्वांगीण विकास में जुटे हैं। पीटीएम में अभिभावकों ने भी शैक्षणिक सुधार पर संतोष जताया है।

# आरके लाइब्रेरी में धूमधाम से मना शिक्षक दिवस, विद्यार्थियों को अनुशासन व समर्पण का दिया संदेश




नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा।** शिक्षक दिवस के अवसर पर शनिवार को आरके लाइब्रेरी में प्रेरणादायक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। संस्थान के निदेशक रौनक कुमार के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में शिक्षकों के प्रति सम्मान व्यक्त करते हुए विद्यार्थियों को लक्ष्य प्राप्ति के लिए प्रेरित किया गया। समारोह को शिक्षक एवं मार्गदर्शक प्रमेश कुमार ने संबोधित किया। उन्होंने कहा कि शिक्षक विद्यार्थियों को सही दिशा दिखाकर उनके भविष्य निर्माण में अहम भूमिका निभाते हैं। उन्होंने छात्रों से नियमित अध्ययन, कड़े अनुशासन और लक्ष्य के प्रति समर्पित रहने का आह्वान करते हुए कहा कि निरंतर प्रयास से ही सपनों को साकार किया जा सकता है। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने भी शिक्षकों के प्रति कृतज्ञता प्रकट की। वक्ताओं ने रेखांकित किया कि सफलता के लिए शिक्षा के साथ संस्कार और अनुशासन का समन्वय अनिवार्य है। इस अवसर पर आयोजन व्यवस्था में राहुल मल्होत्रा, अंकित सिंह, सूरज कुमार, चेतन कुमार, प्रशांत कुमार, रौशन कुमार, उज्ज्वल कुमार और सौरभ कुमार ने सक्रिय भूमिका निभाई।

# पितृपक्ष मेला की तैयारियों को लेकर प्रमुख पिंडवेदियों एवं मेला क्षेत्र का निरीक्षण

**श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए सड़क, नाली, बिजली, पानी, शौचालय एवं साफ-सफाई की व्यवस्था दुरुस्त करने पर जोर**

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**गया।** पितृपक्ष मेला 2026 की तैयारियों को लेकर बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार के निर्देश के आलोक में आज गया जी के विभिन्न प्रमुख पिंडवेदियों एवं मेला क्षेत्रों का संबंधित कोषांग सदस्यों द्वारा निरीक्षण किया गया है।

साफ-सफाई कोषांग के सदस्य विकास कुमार, स्वच्छता एवं जल कोषांग के सदस्य धनंजय कुमार तथा बिजली कोषांग के सदस्य मोहन राय शर्मा ने चांद चौरा, मंगलागौरी गेट के अंदर स्थित भीम गया वेदी, ब्रह्म सरोवर, अक्षयवट, रुक्मिणी तालाब एवं ब्रह्मयोनि पर्वत स्थित सावित्री मंदिर सहित विभिन्न महत्वपूर्ण स्थलों का जायजा लिया हूं। इस दौरान स्थानीय लोगों एवं श्रद्धालुओं से बातचीत कर उनकी समस्याओं की जानकारी भी ली गई है। निरीक्षण के दौरान सड़क, नाली, पेयजल, बिजली, शौचालय, ब्रैकेटिंग एवं साफ-सफाई से जुड़ी कई समस्याएं सामने आईं। इनमें चांद चौरा मोड़ से मंगलागौरी जाने वाली जर्जर सड़क की मरम्मत, मंगलागौरी गेट से भीम गया वेदी तक की खराब गली एवं क्षतिग्रस्त नाली को दुरुस्त करना, माड़नपुर मोड़ की सड़क की मरम्मत तथा अक्षयवट गेट के समीप सड़क पर बने गड्ढे को तत्काल भरना प्रमुख हैं। अक्षयवट क्षेत्र के चंद्रशेखर स्कूल परिसर स्थित शौचालय की साफ-सफाई एवं रखरखाव, अक्षयवट से ब्रह्मयोनि जाने वाली गली में टूटे एवं खुले नाली स्लैब की मरम्मत तथा ब्रह्मयोनि पर्वत स्थित सावित्री मंदिर के समीप निर्माणाधीन शौचालय का कार्य शीघ्र पूरा कराने की आवश्यकता भी सामने आई। इसके अलावा ब्रह्मयोनि पर्वत की सीढ़ियों पर पर्याप्त प्रकाश एवं पेयजल व्यवस्था, मेला क्षेत्र में बिजली के पोलों पर फैले वाई-फाई एवं अन्य तारों को व्यवस्थित करने तथा परम ज्ञान निकेतन स्कूल के समीप झुके हुए ट्रांसफार्मर को सुरक्षित करने की आवश्यकता पर भी विशेष ध्यान दिया गया है। कोषांग सदस्यों ने कहा कि पितृपक्ष मेला गया जी की धार्मिक एवं सांस्कृतिक पहचान का महत्वपूर्ण पर्व है जिसमें देश-विदेश से लाखों श्रद्धालु पिंडदान एवं तर्पण के लिए आते हैं। ऐसे में श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधा उपलब्ध कराना प्रशासन एवं जनप्रतिनिधियों की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार के निर्देश एवं वरीय अधिकारियों के मार्गदर्शन में संबंधित विभागों के साथ समन्वय स्थापित कर निरीक्षण के दौरान सामने आई समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए आवश्यक पहल की जाएगी, ताकि मेला शुरू होने से पहले व्यवस्थाएं पूरी तरह दुरुस्त हो सकें। हमारा संकल्प है गया जी आने वाले देश-विदेश के श्रद्धालुओं को स्वच्छ, सुरक्षित, सुगम एवं बेहतर तीर्थयात्रा का अनुभव मिले।

## बाबू जगदेव प्रसाद के शहादत दिवस पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गुरुआ।** भारत लेनिन, अमर शहीद एवं बहुजन नायक बाबू जगदेव प्रसाद की 52वीं शहादत दिवस के अवसर पर गुरुआ पंचायत सहित प्रखंड क्षेत्र में श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान उपस्थित लोगों ने गुरुआ प्रखंड परिसर में स्थित बाबू जगदेव प्रसाद के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए। साथ ही उनके संघर्ष, विचारों और सामाजिक न्याय के लिए किए गए योगदान को याद किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बसपा के पूर्व जिला अध्यक्ष राघवेंद्र नारायण यादव ने कहा कि बाबू जगदेव प्रसाद ने शोषित, वंचित और पिछड़े समाज के अधिकारों तथा सामाजिक समानता के लिए अपना पूरा जीवन समर्पित कर दिया। उनके विचार आज भी सामाजिक न्याय और समानता की लड़ाई में लोगों को प्रेरणा देते हैं। वही युवा नेता संदीप चौधरी ने कहा कि बाबू जगदेव प्रसाद का संघर्ष केवल किसी एक वर्ग के लिए नहीं, बल्कि समाज के अंतिम पायदान पर खड़े लोगों को उनका अधिकार और सम्मान दिलाने के लिए था।

## मगध विश्वविद्यालय में शिक्षक दिवस सम्मान समारोह एवं संगोष्ठी का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**बोधगया।** मगध विश्वविद्यालय, बोधगया में शिक्षक दिवस के अवसर पर 'राष्ट्र निर्माण में शिक्षकों की भूमिका' विषय पर सम्मान समारोह एवं संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ कुलपति प्रोफेसर दिलीप कुमार केसरी सहित मंचासीन अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इसके बाद महान शिक्षाविद् एवं पूर्व राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम में कुलपति प्रो. दिलीप कुमार केसरी, कुलसचिव प्रो. विनोद कुमार मंगलम, छात्र कल्याण अध्यक्ष प्रो. प्रमोद कुमार चौधरी, शिक्षक संघ अध्यक्ष डॉ. अनुज कुमार तरुण, प्रो. दीपक कुमार, प्रो. मुकेश कुमार एवं प्रो. वासुदेव प्रसाद उपस्थित रहे। विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों के पारंपरिक एवं व्यवसायिक विषयों के शिक्षक, अतिथि शिक्षक, पदाधिकारी, शोधार्थी एवं छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में शामिल हुए।

कुलपति प्रो. दिलीप कुमार केसरी ने कहा कि शिक्षक राष्ट्र की बौद्धिक, सामाजिक एवं नैतिक शक्ति के निर्माण में केंद्रीय भूमिका निभाते हैं। उनका दायित्व केवल ज्ञान प्रदान करना नहीं, बल्कि विद्यार्थियों में संस्कार, नैतिकता, वैज्ञानिक दृष्टिकोण, संवेदनशीलता एवं जिम्मेदार नागरिकता की भावना विकसित करना भी है। उन्होंने कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, अनुसंधान एवं नवाचार के माध्यम से शिक्षक राष्ट्र के उज्ज्वल भविष्य की नींव तैयार करते हैं। कुलसचिव प्रो. विनोद कुमार मंगलम ने कहा कि शिक्षा व्यवस्था की सबसे महत्वपूर्ण कड़ी शिक्षक हैं। शिक्षक विद्यार्थियों को ज्ञान के साथ जीवन-मूल्यों और सामाजिक जिम्मेदारियों से जोड़ते हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल रोजगार योग्य बनाना नहीं, बल्कि बेहतर इंसान और जिम्मेदार नागरिक तैयार करना भी है। बदलते तकनीकी एवं सामाजिक परिवेश में शिक्षकों को निरंतर अपने ज्ञान को अद्यतन करते रहना चाहिए। संगोष्ठी में वक्ताओं ने कहा कि शिक्षक समाज में परिवर्तन के वाहक हैं और विद्यार्थियों में रचनात्मक सोच, नवाचार, अनुसंधान तथा सामाजिक सरोकार विकसित करने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका है।

## धूमधाम से मनी गया जद (यू.) जिला कार्यालय में डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती

**'बिहार लेनिन' अमर शहीद जगदेव प्रसाद का स्मृति दिवस**

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**गया।** गरीबों, वंचितों, शोषितों और सामाजिक न्याय के पुरोधा, महान क्रांतिकारी और 'बिहार लेनिन' के नाम से चर्चित अमर शहीद जगदेव प्रसाद की स्मृति दिवस एवं शिक्षक दिवस 5 सितम्बर 2026 को कर्पूरी सभागार जिला जदयू कार्यालय गया जी में जदयू जिला अध्यक्ष इंजीनियर अजय कुशवाहा की अध्यक्षता में किया गया। संचालन जिला प्रवक्ता जितेन्द्र पंडित प्रजापति ने किया। जिला अध्यक्ष इं. अजय कुशवाहा ने कहा कि जगदेव बाबू ने अपना पूरा जीवन शोषितों, पीड़ितों और पिछड़ों के अधिकारों की लड़ाई के लिए समर्पित कर दिया। उन्होंने 'सौ में नब्बे शोषित है, नब्बे भाग हमारा है' का ऐतिहासिक नारा देकर समाज के अंतिम पायदान पर खड़े लोगों में चेतना जगाई। उनका स्पष्ट मानना था कि जब तक आर्थिक और सामाजिक समानता स्थापित नहीं होती, तब तक देश में वास्तविक लोकतंत्र अधूरा है। साथ ही शिक्षक दिवस डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन की योगदान और उनके जीवनी पर विस्तार पूर्वक चर्चा किये। कार्यक्रम के दौरान प्रवक्ताओं ने उनके तैलीय चित्र पर पुष्पांजलि और श्रद्धांजलि दिये।

## शिक्षा ऐसी पूंजी जिसे कोई बांट या नष्ट नहीं कर सकता : प्रमोद सिंह चंद्रवंशी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**गया जी।** मानपुर प्रखंड अंतर्गत लखनपुर स्थित बुद्धा ओपन स्कूल में पूर्व राष्ट्रपति एवं महान शिक्षाविद् डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती के अवसर पर शिक्षक दिवस समारोह का आयोजन किया गया। समारोह का शुभारंभ भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष प्रमोद सिंह चंद्रवंशी ने केक काटकर एवं डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के तैलचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता उमेश वर्मा ने की जबकि संचालन राजदेव प्रसाद ने किया। विद्यालय के निदेशक अभय सिंह ने अतिथियों का स्वागत किया। इस अवसर पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक एवं कलात्मक प्रस्तुतियां भी दी गईं। समारोह को संबोधित करते हुए प्रमोद सिंह चंद्रवंशी ने कहा कि डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन महान शिक्षाविद्, विचारक एवं शिक्षक थे जिन्होंने अपनी विद्वता और महान व्यक्तित्व के बल पर देश के सर्वोच्च संवैधानिक पद राष्ट्रपति तक का सफर तय किया। उनका जीवन हम सभी के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने कहा कि आज शिक्षा, छात्र और अभिभावक–तीनों के स्तर पर कुछ गिरावट देखने को मिल रही है जिस पर चिंतन और मंथन की आवश्यकता है। बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ संस्कार देना भी जरूरी है। गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए शिक्षक, छात्र और अभिभावक को अनुशासन के साथ अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करना होगा। उन्होंने कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने में निजी विद्यालय भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं और हमारी सरकार भी शिक्षा की गुणवत्ता को लेकर प्रतिबद्ध एवं संकल्पित है। श्री चंद्रवंशी ने कहा कि शिक्षा और ज्ञान ऐसी पूंजी एवं कुंजी है जिससे दुनिया के सभी दरवाजे खोले जा सकते हैं। शिक्षा के बल पर ही समाज, परिवार, राज्य और देश को आगे बढ़ाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि धन-संपत्ति का बंटवारा हो सकता है, लेकिन ज्ञान ऐसी संपत्ति है, जिसे कोई बांट नहीं सकता और न ही नष्ट कर सकता है। उन्होंने कहा कि दुनिया में ऐसी मिसाइलें बन चुकी हैं जो किसी देश को नष्ट कर सकती हैं, लेकिन आज तक कोई ऐसी मिसाइल नहीं बनी जो किसी व्यक्ति के अर्जित ज्ञान और शिक्षा को नष्ट कर सके। इसलिए आज शिक्षक दिवस के अवसर पर हमें संकल्प लेना चाहिए कि 'हम नमक-रोटी खाएंगे, लेकिन अपने बच्चों को जरूर पढ़ाएंगे।' यही डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। इस अवसर पर जदयू के जिला अध्यक्ष अजय कुशवाहा, कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष शशि शेखर सिंह, भाजपा के वरिष्ठ नेता क्षितिज मोहन सिंह, ओबीसी मोर्चा के नेता मुकेश मंडल, भाजपा युवा मोर्चा के नेता मुन्ना कुमार, मकसूदन पटेल, मुखिया पिंकी देवी, गिरिराज पांडे, विनोद यादव, रंजीत सिंह, गोपाल प्रसाद, अरविंद प्रसाद सहित दर्जनों गणमान्य लोग एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

## जदयू को सशक्त एवं बूथ स्तर तक मजबूत बनाने का निर्देश



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गया।** बिहार प्रदेश जनता दल यूनाइटेड प्रदेश अध्यक्ष के निर्देशानुसार प्रखंडों में जदयू प्रखंड कार्यालय उद्घाटन कार्यक्रम के तहत मानपुर प्रखंड में जदयू प्रखंड कार्यालय का उद्घाटन गया जिला जनता दल यूनाइटेड के सम्मानित जिला अध्यक्ष इंजीनियर अजय कुशवाहा ने किया। संचालन जदयू प्रखंड अध्यक्ष राहुल कुमार सिंह ने किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष इं. अजय कुशवाहा ने जदयू राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के द्वारा किए गए कार्यों जैसे शिक्षा, स्वास्थ्य, जल जीवन हरियाली, हर घर नल जल योजना, छात्र-छात्राओं के भविष्य के लिए लाभान्वित योजना, पेंशन योजना (वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन) में बढ़ोतरी, साइकिल योजना, पोशाक योजना आदि पर प्रकाश डाले और संगठन को सशक्त एवं बूथ स्तर तक मजबूत बनाने का निर्देश दिया। जिला अध्यक्ष अजय कुशवाहा ने कहा कि मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी पूर्व मुख्यमंत्री के पद चिन्हों पर चलते हुए कार्य को गति प्रदान कर रहे हैं।

## ताला तोड़ दुकान से उड़ाए 200 बोरे अनाज, दुकानदारों में दहशत



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कोंच (गया)।** थाना क्षेत्र के गुरारू-रफीगंज मुख्य रोड के डुमरा मोड़ पर अज्ञात चोरों ने एक आढ़त की दुकान से करीब 200 बोरे अनाज चोरी कर लिया। शनिवार सुबह दुकान खोलने पहुंचे दुकानदार को घटना की जानकारी मिली। जानकारी के अनुसार गुरारू निवासी पंकज साव पिता सुदय साव डुमरा मोड़ पर दौलता गांव निवासी लक्ष्मण यादव के काशी मार्केट में आढ़त की दुकान चलाते हैं। शुक्रवार शाम दुकान बंद कर वे घर चले गए थे। रात करीब 12 से 1 बजे के बीच चोरों ने शटर का ताला तोड़कर दुकान में प्रवेश किया और वहां रखे मसूर, खेसारी, मूंग, सरसों आदि के करीब 200 बोरे उठा ले गए। चोरी गए अनाज की कीमत करीब 2 लाख रुपये बताई जा रही है। घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी है। पीड़ित ने कोंच थाना में लिखित आवेदन दिया है। डुमरा मोड़ बाजार के रूप में तेजी से विकसित हो रहा है, लेकिन यहां आए दिन चोरी की घटना होने से दुकानदार दहशत में हैं।

# शिक्षक विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य का मार्गदर्शक : प्रो. सतीश सिंह चन्द्र



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गया।** गया कॉलेज के शिक्षा शास्त्र विभाग में आज शिक्षक दिवस समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन गया कॉलेज के प्रधानाचार्य प्रो. सतीश सिंह चंद्र के दिशा-निर्देशन में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ शिक्षा शास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. धनंजय धीरज के संबोधन से हुआ। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि शिक्षक दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए समाज एवं राष्ट्र निर्माण में शिक्षकों की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित किया। इस अवसर पर विभाग के शिक्षकों डॉ. मोहम्मद सदरे आलम, अमरेंद्र कुमार, निकहत परवीन एवं अजय शर्मा ने भी अपने विचार व्यक्त किए। सभी वक्ताओं ने भारत के द्वितीय राष्ट्रपति एवं महान शिक्षाविद् डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के व्यक्तित्व एवं कृतित्व को स्मरण करते हुए उनके शिक्षा के क्षेत्र में योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला। वक्ताओं ने कहा कि शिक्षक केवल ज्ञान प्रदान करने वाला व्यक्ति नहीं, बल्कि विद्यार्थियों के व्यक्तित्व निर्माण और उनके उज्ज्वल भविष्य का मार्गदर्शक होता है। शिक्षक समाज को सही दिशा प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। शिक्षक दिवस समारोह के अवसर पर विभाग के शिक्षकगण एवं प्रथम वर्ष 2026-28 एवं द्वितीय वर्ष 2025- 27 के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम सौहार्दपूर्ण एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का संचालन निखत परवीन कार्यक्रम समन्वयक के रूप में किया और धन्यवाद ज्ञापन डॉक्टर मोहम्मद सदरे आलम ने किया।

### शिक्षक दिवस पर शिक्षा और स्वायत्तता पर संवाद



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गया।** मनोविज्ञान विभाग गया कॉलेज में शिक्षक दिवस समारोह मनाया गया। इस समारोह का मुख्य अतिथि महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ सतीश सिंह चंद्र बच्चों को आशीर्वाद दिये। कार्यक्रम में डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन के प्रतिमा के सामने दीप जलाकर आरंभ किया गया। कार्यक्रम में विभागाध्यक्ष डॉ आनन्द कुमार ने बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि शिक्षक का कार्य है हमेशा दिशा दिखाना। डॉ राधाकृष्णन ने शिक्षा में स्वायत्तता की अहम भूमिका बताया। डॉ मार्कंडेय पाण्डे ने कहा कि आज अच्छे शिक्षक और स्टूडेंट का रिश्ता एक अच्छे समाज का निर्माण करता है। डॉ आशा कुमारी, डॉ संध्या कुमारी और डॉ विशाल कुमार ने सभी विद्यार्थियों को आशीर्वाद दिया।

### शिक्षक दिवस पर गया कॉलेज के प्रतिभावान खिलाड़ियों को किया गया सम्मानित



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गया।** शिक्षक दिवस पर गया कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में विभिन्न खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर महाविद्यालय का नाम रोशन करने वाले प्रतिभावान खिलाड़ियों को प्राचार्य डॉ. सतीश सिंह चन्द्र द्वारा प्रशस्ति-पत्र एवं ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया गया। सम्मानित खिलाड़ियों में सन्नी कुमार, ऋषभ, अक्षय, ऋषव राज, श्रवण कुमार, विकास, प्रवीण, विकास एवं अन्य खिलाड़ी शामिल रहे। खिलाड़ियों की इन उपलब्धियों ने न केवल महाविद्यालय को गौरवान्वित किया, बल्कि अन्य विद्यार्थियों को भी खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर एथलेटिक्स सोसाइटी के अध्यक्ष डॉ. आनंद कुमार एवं बर्सर डॉ. मार्कंडेय पाण्डेय ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें निरंतर मेहनत और अनुशासन के साथ आगे बढ़ने की शुभकामनाएं दीं।

## बच्चा परीक्षा में फेल हो जाए तो माता-पिता के लिए बोझ नहीं : बीडीओ

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**इमामगंज।** गया जिले के नक्सल प्रभावित डुमरिया प्रखंड के मैगरा बाजार स्थित न्यू सेंट जेवियर स्कूल में शिक्षक दिवस और पांचवां वार्षिकोत्सव इस बार शिक्षा, संस्कृति, अध्यात्म और विज्ञान के अनूठे संगम के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत गणेश वंदना से हुई तो बच्चों ने 'जय मां काली', 'बम-बम काशी' सहित विभिन्न धार्मिक, देशभक्ति और सांस्कृतिक गीतों पर नृत्य प्रस्तुत कर माहौल भक्तिमय कर दिया। वहीं वैज्ञानिक रुचि से जुड़े नाटक और अन्य प्रस्तुतियों के जरिए बच्चों ने अपनी प्रतिभा दिखाई। मुख्य अतिथि डुमरिया राजकीय डिग्री महाविद्यालय के प्राचार्य संजय कुमार, परमानंद मिश्रा, गोपाल पाठक व पूर्व प्रमुख रामचंद्र सिंह सहित अन्य अतिथियों ने संयुक्त रूप से कार्यक्रम का उद्घाटन किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में 29वीं बटालियन एसएसबी डुमरिया के असिस्टेंट कमांडेंट जीडी तजेंद्र धामा, इमामगंज बीडीओ संजय कुमार व शिक्षक एमडी शारीक मौजूद रहे। वहीं कार्यक्रम में इमामगंज बीडीओ संजय कुमार का संबोधन बच्चों और अभिभावकों के लिए खास संदेश छोड़ गया। उन्होंने कहा कि अगर बच्चा परीक्षा में फेल हो जाए तो क्या वह माता-पिता के लिए बोझ बन जाता है? नहीं। फिर उसके मन में यह बात कहां से आती है कि वह परिवार पर बोझ है। वहीं डुमरिया एसएसबी 29 बटालियन कैंप के असिस्टेंट कमांडेंट जीडी तजेंद्र धामा ने कहा कि शिक्षा जीवन की सबसे मजबूत नींव है और गुरु का स्थान भगवान के समान है।

## शिक्षक दिवस पर आकाश प्रियदर्शी ने शिक्षकों व विद्यार्थियों को दी शुभकामनाएं

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**गया।** शिक्षक दिवस के पावन अवसर पर गया के प्रसिद्ध दिवंगत व्यवसायी स्वर्गीय बादल सिन्हा के सुपुत्र, युवा समाजसेवी सह विशाल प्राइवेट आईटीआई बोधगया के ट्रस्टी आकाश प्रियदर्शी ने बिहार और मगध के समस्त शिक्षकों एवं विद्यार्थियों को हार्दिक शुभकामनाएं दी है। उन्होंने अपने संदेश में शिक्षा के क्षेत्र में शिक्षकों के अमूल्य योगदान और विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि एक मजबूत समाज के निर्माण में शिक्षक और छात्र रीढ़ की हड्डी के समान होते हैं। इस अवसर पर शुभकामनाएं प्रेषित करने वालों में मुख्य रूप से महादेवा एंटरप्राइजेज सह एचपी पेट्रोल पंप की मालकिन काजल सिन्हा, कॉलेज के प्रिंसिपल नागेंद्र सिंह, कंप्यूटर ऑपरेटर पंकज कुमार, डॉ. सुषमा कुमारी और राजन सिन्हा आदि गणमान्य लोग शामिल रहे जिन्होंने सभी को शिक्षक दिवस की बधाई दी और शिक्षा के प्रसार पर जोर दिया है।

## शिक्षक दिवस पर एनएसएस वालंटियर्स ने किया आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**गया।** शहर के प्रतिष्ठित मिर्जा गालिब कॉलेज में एनएसएस वालंटियर्स द्वारा शिक्षक दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कॉलेज के प्राचार्य डॉ. मो. अली हुसैन ने कहा कि गुरु का महत्व आदि-अनादि काल से चला आ रहा है। शिक्षक केवल पढ़ाता ही नहीं, बल्कि समाज का निर्माता और मार्गदर्शक भी होता है। उन्होंने शिक्षण कार्य को सर्वश्रेष्ठ एवं सम्मानजनक कार्य बताते हुए सभी शिक्षकों को शिक्षक दिवस की बधाई दी। शासी निकाय के सचिव शकील अहमद खान ने कहा कि शिक्षक दीपक की तरह होता है जो स्वयं जलकर विद्यार्थियों के जीवन को रोशन करता है। उन्होंने भी सभी शिक्षकों को शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में एनएसएस वालंटियर्स ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। शिक्षकों के लिए म्यूजिकल चेयर खेल का आयोजन किया गया जिसमें विजेता एवं उपविजेताओं को कॉलेज की ओर से प्रोत्साहन राशि दी गई। इस अवसर पर शासी निकाय के शिक्षाविद सदस्य एस. एम. ओबैदुल्लाह, डॉ. आफताब अहमद खान, डॉ. जोफैल हसन, डॉ. शब्बीर आलम, डॉ. प्रियंका, डॉ. शहनाज परवीन, लुबना अंबरीन सहित विभिन्न विभागों के शिक्षक, शिक्षकेतरकर्मी एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## श्री शिक्षा निकेतन स्कूल में शिक्षक दिवस समारोह का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गयाजी।** नैली रोड खटकाचक स्थित श्री शिक्षा निकेतन स्कूल में शिक्षक दिवस के अवसर पर समारोह का आयोजन हर्षोल्लास एवं उत्साह के साथ किया गया। शिक्षक दिवस को लेकर विद्यालय परिसर को आकर्षक ढंग से सजाया गया था। कार्यक्रम में विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं को मुख्य अतिथि अर्श सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल के चेयरमैन डॉ. नवनीत निश्चल द्वारा प्रशस्ति-पत्र एवं उपहार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि डॉ. नवनीत निश्चल, विद्यालय की प्राचार्या पूनम सिन्हा एवं उप प्राचार्या राखी कुमारी के सम्मान के साथ हुई है। विद्यालय परिवार की ओर से अतिथि को अंगवस्त्र, बुके एवं अयोध्या में स्थापित रामलीला की प्रतिकृति भेंट कर सम्मानित किया गया है। इसके उपरांत विद्यालय की मुख्य अतिथि डॉ. नवनीत निश्चल के साथ डायरेक्टर पूनम कुमारी, प्राचार्या पूनम सिन्हा, उप प्राचार्या राखी कुमारी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन किया है। तत्पश्चात भारत के पूर्व राष्ट्रपति एवं महान शिक्षाविद् डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किया गया है।

## अनशन तीसरे दिन भी जारी, एसडीओ-डीपीओ से वार्ता विफल, विधायक ने 24 घंटे की दी चेतावनी

**बीइओ के खिलाफ आमरण अनशन पर अड़े किशोर, एसडीओ-डीपीओ ने की वार्ता**

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कोंच (गया)।** प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी डॉ. अभय कुमार रमण के खिलाफ पूर्व उप प्रमुख किशोर कुमार का आमरण अनशन शनिवार को तीसरे दिन भी जारी रहा। उनकी हालत बिगड़ने पर स्वास्थ्य विभाग की टीम ने दो बोतल ग्लूकोज चढ़ाया। अनशनकारी से मिलने जिला प्रोग्राम पदाधिकारी स्थापना और अनुमंडल पदाधिकारी प्रवीण कुंदन पहुंचे और वार्ता की, लेकिन अनशनकारी अपनी 7 सूत्री मांगों पर अड़े रहे। किशोर कुमार ने बीईओ की नियम विरुद्ध प्रतिनियुक्ति रद्द कर निलंबित करने की मांग की है। अनशन के समर्थन में पहुंचे विधायक अजय कुमार दांगी ने चेतावनी दी कि यदि 24 घंटे में अनशन नहीं तोड़वाया गया तो वे स्वयं प्रखंड कार्यालय में आमरण अनशन पर बैठेंगे। विधायक ने कहा कि टिकारी में प्रबंधन समिति की बैठक से बीईओ अभय कुमार रमण भाग गए थे। उन्होंने प्रोटोकॉल का भी ध्यान नहीं रखा। अपर मुख्य सचिव के पत्र के आलोक में सभी पर्यवेक्षक को बीईओ बनाया जाना था, लेकिन अभय कुमार रमण को कोंच का बीईओ बना दिया गया। आरोप लगाया कि शिक्षकों का दोहन करने के लिए ही ऐसा किया गया। विधायक ने कहा कि 24 घंटे में बीईओ को नहीं हटाया गया तो जनांदोलन और तेज होगा। राजद जिलाध्यक्ष सुभाष यादव ने कहा कि यदि अनशन नहीं टूटा तो प्रखंड में ताला बंदी और उग्र आंदोलन किया जाएगा। ग्राम अचुकी के रामनरेश दास ने भी शनिवार से किशोर कुमार के समर्थन में आमरण अनशन पर बैठने की घोषणा की है। कार्यक्रम में पूर्व जिला पार्षद सह अतिपिछड़ा विकास संघर्ष समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामचंद्र आजाद, शिव कुमार चौहान, द्वारिका चंद्रवंशी सहित सैकड़ों समर्थक शामिल थे।

## शेरघाटी में धूमधाम से मना शिक्षक दिवस

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**शेरघाटी।** शिक्षक दिवस के अवसर पर शेरघाटी शहर के विभिन्न सरकारी एवं गैर सरकारी शिक्षण संस्थानों में कार्यक्रम आयोजित कर धूमधाम से शिक्षक दिवस मनाया गया। इस दौरान स्कूली छात्र-छात्राओं ने अपने शिक्षकों से केक कटवाकर उन्हें सम्मानित एवं प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम के दौरान शिक्षक एवं छात्र-छात्राएं खुशहाल मिजाज में नजर आए। शहर के रंग लाल इंटर स्कूल, प्रोजेक्ट कन्या विद्यालय, टीचर ट्रेनिंग कॉलेज, एसएमएसजी कॉलेज, गुरुकुल, डीएवी पब्लिक स्कूल, जेपी मेमोरियल स्कूल, एजुकेयर पब्लिक स्कूल समेत विभिन्न शिक्षण संस्थानों में शिक्षक दिवस को लेकर विशेष आयोजन किए गए। छात्र-छात्राओं ने अपने शिक्षकों के प्रति सम्मान व्यक्त करते हुए उन्हें शिक्षक दिवस की शुभकामनाएं दीं। शेरघाटी स्थित जेपी मेमोरियल स्कूल में शिक्षक दिवस के अवसर पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

## भटकी गूंगी युवती को पुलिस ने परिजनों से मिलाया

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**डुमरिया।** दो दिनों से अपनों से बिछड़ी एक गूंगी युवती को डुमरिया पुलिस ने सोशल मीडिया की मदद से उसके परिजनों तक पहुंचा दिया। युवती गुरुवार रात भटकते हुए डुमरिया थाना पहुंची थी। बोल नहीं पाने के कारण पुलिस को उसकी पहचान और घर का पता लगाने में परेशानी हो रही थी। इस संबंध में थानाध्यक्ष राजू कुमार ने बताया कि युवती की पहचान के लिए सोशल मीडिया का सहारा लिया गया। इसके बाद उसकी पहचान औरंगाबाद जिले के देव थाना क्षेत्र के बरई गांव निवासी गुड्डी कुमारी के रूप में हुई। सूचना मिलने पर शनिवार को उसकी मां फूला देवी, पिता संजय ठाकुर और चाचा सुनील ठाकुर डुमरिया थाना पहुंचे।

## रौनियार वैश्य महासभा ने धूमधाम से मनाई श्रीकृष्ण जन्माष्टमी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गया।** रौनियार वैश्य महासभा की ओर से नई गोदाम स्थित श्री राधाकृष्ण एवं शिव-पार्वती मंदिर परिसर में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व धूमधाम और भक्तिभाव के साथ मनाया गया। सुबह से ही मंदिर में भक्तों एवं श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ती रही। दिनभर मंदिर परिसर खचाखच भरा रहा और पूरा वातावरण भक्ति एवं धार्मिक उत्साह से सराबोर रहा। जन्माष्टमी को लेकर मंदिर को आकर्षक ढंग से सजाया गया था। फूलों की खुशबू से पूरा परिसर सुगंधित रहा। श्रद्धालुओं ने भगवान श्रीकृष्ण के दर्शन एवं पूजा-अर्चना कर सुख-समृद्धि की कामना की। रात 12 बजे भगवान श्रीकृष्ण के प्राकट्य के साथ ही श्रद्धालुओं ने जयकारे लगाए और उत्सव का आनंद लिया। इसके बाद धीरे-धीरे भीड़ कम होने लगी। इस अवसर पर मंदिर निर्माण समिति के महामंत्री अरुण कुमार गुप्ता, कोषाध्यक्ष अजय प्रसाद गुप्ता, उपाध्यक्ष सत्येंद्र कुमार गुप्ता, उपाध्यक्ष राजीव कुमार उर्फ डब्बू, मंत्री कुमार रोहित, संरक्षक बाल मुकुंद प्रसाद गुप्ता एवं राम नारायण शर्मा सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे। जन्माष्टमी के दौरान श्रद्धालुओं की भारी भीड़ के कारण मंदिर परिसर में पैर रखने तक की जगह नहीं थी।

संपादकीय

# तमिलनाडु : सूत न कपास...

सूत न कपास, जुलाहों में लट्ठमलट्ठा। यह कहावत तमिलनाडु की राजनीति में जो हो रहा है, उस पर एकदम फिट बैठती है। राज्य में टीवीके-कांग्रेस सरकार को बने अभी तीन ही महीने हुए हैं, लेकिन देश के भावी प्रधानमंत्री का चेहरा कौन हो, इसी बात पर दोनों में तलवारें खिंच गई हैं। मुख्यमंत्री सी. जोसेफ विजय की पार्टी टीवीके (तमिलगा वेत्री कझगम) सीएम जोसेफ विजय को भावी पीएम के रूप में प्रोजेक्ट करना चाहती है, जबकि कांग्रेस राहुल गांधी को ही भावी प्रधानमंत्री का एकमात्र चेहरा मानती है। इस पर टीवीके सरकार के मंत्रियों में बयानबाजी भी शुरू हो गई है। जबकि देश में लोकसभा के चुनाव 2029 में होने हैं। दरअसल ताजा विवाद की शुरूआत टीवीके के पीडब्ल्यूडी मंत्री आधव अर्जुन के उस बयान से हुई, जिसमें उन्होंने कहा कि देश के शीर्ष संवैधानिक पद पर तमिलनाडु के किसी नेता को होना चाहिए। एक निजी मीडिया सर्वे में भी विजय का नाम 2029 के संभावित प्रधानमंत्री पद के दावेदारों में सामने आया था। इस सर्वे में वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राहुल गांधी के बाद पसंदीदा दावेदारों में बताए गए थे। इस पर प्रतिक्रिया देते हुए तमिलनाडु के पर्यटन मंत्री एस. राजेश कुमार ने कहा कि अगर टीवीके 2029 के लोकसभा चुनाव में राहुल गांधी को प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार के रूप में समर्थन नहीं करता है, तो कांग्रेस के मंत्री सरकार से इस्तीफा दे देंगे। तमिलनाडु विस में कांग्रेस विधायक दल की नेता थराहाई कथबर्ट ने कहा कि 2029 में कांग्रेस लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी को प्रधानमंत्री पद के लिए अपना उम्मीदवार मानेगी। मीडिया से बातचीत में कथबर्ट ने कहा कि चूंकि टीवीके का राजनीतिक आधार फिल्म उद्योग से जुड़ा रहा है, इसी वजह से उसके नेता विजय को पीएम पद के लिए आगे कर रहे हैं। इस विवाद में भाजपा भी कूद गई है। पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता सीआर केसवन ने सवाल उठाया कि टीवीके नेताओं के बयानों के बावजूद कांग्रेस टीवीके के नेतृत्व वाली सरकार में शामिल क्यों है? इन राजनीतिक घटनाक्रम के बीच कांग्रेस विधायक थराहाई कथबर्ट की विधानसभा में सीट भी चर्चा का विषय बनी। 31 अगस्त को उन्हें टीवीके विधायकों के लिए निर्धारित हिस्से से हटाकर विपक्षी बेंच की अगली पंक्ति में बैठाया गया। इससे पहले कथबर्ट टीवीके विधायकों के साथ बैठती थीं। गौरतलब है कि कांग्रेस इस साल हुए विधानसभा चुनाव के पूर्व विपक्षी द्रमुक कांग्रेस नेतृत्व वाले यूपीए के साथ थी। लेकिन चुनाव के बाद कांग्रेस ने पाला बदलकर टीवीके के समर्थन दे दिया, जिसके बदले में उसके दो विधायक मंत्री भी बने। राज्य की विजय सरकार के पास विधानसभा में स्पष्ट बहुमत नहीं है। वह कांग्रेस के अलावा आईयूएमएल, सीपीआई और सीपीआई(एम) के समर्थन के भरोसे है। देश में अगला प्रधानमंत्री कौन होगा, यह अभी दूर की कौड़ी है, क्योंकि लोकसभा चुनाव में अभी दो साल हैं। वैसे भी विजय जोसेफ के पीएम पद की दावेदारी में दम इसलिए नहीं है, क्योंकि उनकी पार्टी का अभी एक भी लोकसभा सदस्य नहीं है। अगले लोस चुनाव में क्या होगा, यह भविष्य की बात है। इस बीच खबर है कि दोनों दलों में इस विवाद को लेकर सुलह हो गई है। हालांकि इसकी पुष्टि नहीं हुई है। लेकिन जो विवाद खड़ा किया गया, वह अपने आप में बेबुनियाद था। अभी तो यह भी तय नहीं है कि टीवीके कांग्रेस का यह गठबंधन कितने दिनों तक चलता है। दूसरे, विजय तमिलनाडु में भले कितने ही लोकप्रिय हों, शेष भारत में कितने लोग उन्हें जानते हैं? पीएम बनाने की कुंजी तो यूपी के पास है। देश का पीएम बनने की तमन्ना पालना गलत नहीं है, लेकिन वह हकीकत के करीब तो हो।

# एससी-एसटी अत्याचार अधिनियम के तीन दशक बाद की तस्वीर

**समाज के इस दोहरे चरित्र के बावजूद 14 सितम्बर 2020 को उत्तर प्रदेश के हाथरस में एक वाल्मीकि लड़की की बलात्कार करके अपराधी फेंक देते हैं जिसका अस्पतालों में इलाज के दौरान 15 दिन बाद मौत हो जाती है। इस बलात्कार की घटना ने सरकार को हिला दिया था जिससे उत्तर प्रदेश की सरकार इतने दबाव में आ गई कि उसने पीड़िता की लाश तक घरवालों को नहीं सौंपी और प्रशासन ने यूं ही उस लड़की के शव को सरे आम सड़क पर जला दिया। 13 अगस्त 2022 को राजस्थान के एक स्कूल में इंद्र कुमार मेघवाल नाम के 9 वर्ष से बच्चे को एक शिक्षक अपने मटके में रखें पानी को छूने पर इतनी बुरी तरह पीटता है कि बच्चा कुछ दिनों बाद मर जाता है। इस घटना के अगले ही महीने इस राजस्थान में राजेंद्र मेघवाल नाम के एक दलित नवयुवक को कुछ सरफिरे सिर्फ इसलिए मार देते हैं कि उन्हें उसका मूंछ हा रखना पसंद नहीं था। क्या यह सब घटनाए एक विकसित भारत की पहचान हो सकती है? देश में आज भी हर दस मिनट में एक दलित का शोषण किया जाता।**

आजाद भारत में समानता लाने के लिए कानून में बहुत सारे प्रावधान किए गए जिससे पिछड़े और शोषित समाज को मुख्य धारा में लाया जा सके। कानून के इन्हीं मुख्य धाराओं और प्रावधानों की वजह से सामंतवादियों का वह जत्था जो शोषण करना, जुल्म करना और दूसरों पर अत्याचार करना अपना जन्मसिद्ध अधिकार समझता था। जो दूसरों के सुदखोरी और बेगारी पर जातीय दम्भ के कारण शासन करता था अब उसे कानून की यह नीतियां नागवार गुजर रही थी। उसे यह बर्दाश्त नहीं था कि जो समाज उसके आगे घुटने टेके हुए जिंदा गिड़गिड़ा रहा था अब वह उनके आंखों में आंखें मिलाकर बात करना चाहता है। उन्हें अपनी जमींदारी, सामंती, वर्णवादी व्यवस्था टूटती हुई दिखाई दे रही थी जिसे वे आसानी से अपने हाथ से निकलता हुआ नहीं देख सकते थे। और फिर शुरू होती है मुफ्तखोर तथा कामगार जातियों के बीच संघर्ष। इस संघर्ष के कुछ उदाहरण यहाँ रख रहा हूँ। एक-इसका सबसे बड़ा उदाहरण तमिलनाडु में हुए 1968 का वह नरसंहार हैं जिसने आजाद भारत की आत्मा को लहूलुहान कर दिया था। जिसे दुनिया भर में आज किलवेनमणि नरसंहार के नाम से जाना जाता है। बात मात्र कुछ रुपए मजदूरी बढ़ाने की थी। 200 बंदूकधारी, लठैत 25 दिसंबर की आधी रात में पूरी झोपड़ियों की बस्ती को घेर लेते हैं और सबको घसीटकर- पीटकर जिंदा जलाकर मार देते हैं। दो- आपातकाल के बाद बिहार की राजधानी पटना के समीप बेलछी गांव में 27 मई 1977 को भूमि विवाद के चलते गांव के सामंती और जमींदार लोगों ने 11 दलितों को भूमि विवाद में हाथ पैर बांधकर जिन्दा जला दिया था। इस घटना ने तत्कालीन राजनीति में भूचाल ला दिया था। माना जाता है कि इसी घटना की वजह से इंदिरा गांधी फिर राजनीति में वापसी कर पाई थी। तीन-इस घटना के 3 साल बाद 18 नवम्बर 1981 उत्तर प्रदेश के मैनपुरी जिले के दिहुली गाँव में 24 से ज्यादा




दलितों को डकैतों की एक टीम (जिसमें सभी उच्च वर्ग के लोग शामिल थे) ने अपने खिलाफ कुछ जाटवों के गवाही देने की वजह से दिनदहाड़े गोलियों से छलनी कर हत्या कर दी थी। बता दूँ कि फूलन देवी के साथ सामूहिक बलात्कार की घटना भी इसी दौर में हुई थी और ओमप्रकाश वाल्मीकि की मशहूर कविता ठाकुर का कुआं भी इसी दौर में लिखी गई थी। चार- आंध्र प्रदेश के प्रकाशम जिले में करमचेडू नाम का एक गांव है जिसमें तथाकथित उच्च जातियां एवं दलित जातियां समान रूप से रहते थे। जैसा कि देशभर का इतिहास है इस गांव की भी सारी जमीने यहां की उच्च जातियों जिनमे कम्मा प्रमुख तौर से हावी थे उन्हीं का दबदबा था। मजदूरी और तालाबों में पानी के लिए दोनों समुदाय में हमेशा संघर्ष होता रहता था।

17 जुलाई 1985 को कम्मा (सवर्ण) जातियों के कुछ युवक दलितों की बस्तियों से लगे हुए उस तालाब में अपनी भैंस धोने लगे जहां से वह पानी पीते थे। जब इसका विरोध कुछ लड़कों और महिलाओं ने किया तो वे बुरा मान गए। और इस प्रकार रात में सुनियोजित तरीके से कई गांव के लोगों को इकट्ठा कर दलितों की बस्ती पर हमला किया, उनकी पत्नियों के साथ बलात्कार किया तथा दर्जनों लोगों की हत्या की। संविधान निर्माताओं ने तो अनुच्छेद 17 के अनुसार अस्पृश्यता को पूर्णतः देश में अपराध घोषित कर दिया था। पर हजारों साल से जिनकी मानसिकता रूढ़ीवादी बन चुकी थी वह भला कहां सुधरने वाले थे। इसलिए इस तरह के नरसंहार देश में रुकने का नाम नहीं ले रहा था। अतः ऐसे अपराधों को रोकने के लिए सरकार 11 सितम्बर 1989 को अनुसूचित जाति जनजाति अत्याचार अधिनियम बिल प्रस्तुत किया और 30 जनवरी 1990 को यह कानून लागू होता है। 1990 और 1992 के मध्य भारत की राजनीति में बहुत उथल-पुथल हुई थी। इस पर फिर कभी मैं विस्तार से बात करूंगा।

यह कानून लागू होने के बाद जब गिरफ्तारियां होने लगी तब तथा कथित उच्च जातियों को जिनमे पिछड़ी जातियाँ तथा मुस्लिम जातियां भी शामिल है सबको इस कानून की ताकत का अंदाजा होने लगा। इसलिए क्रिया और प्रतिक्रिया के बीच यह उन्माद और बढ़ने लगे। सामूहिक नरसंहार तो अब रुक गए लेकिन प्रतिदिन होने वाले शोषण बढ़ने लगे जिम मंदिरों में जाना, मूछ रखना, घोड़ी पर बैठना, राजनीतिक प्रतिनिधित्व के लिए लड़ना, जैसे अपराध बढ़ने लगे खैरलांजी की घटना उसकी एक कड़ी है। दूसरी तरफ इन तथाकथित उच्च जातियों और दलितों से अपने आप को बड़ा समझने वाली जातियों ने इस एक्ट के फर्जीवाड़े पर आरोप लगाना आरंभ कर दिया। वें तर्क देने लगे की इस एक्ट का दलित समाज दुरुपयोग कर रहा है। दरअसल आज तक जितने भी इस एक्ट के तहत मामले दर्ज होते हैं अमूमन उनमें न्याय की दर एक चौथाई से थी कम लोगों को मिल पाता है। वह भी दशकों लग जाते हैं।

अनुसूचित जाति और जनजातियों की सबसे बड़ी समस्या यह है कि उन्हें उन्हीं की खेतों में मजदूरी करना पड़ता है, उन्ही के खेतों में अपनी बहन बेटियों के बारात रखने पड़ते हैं। मजबूरी आने पर उन्ही से कर्ज लेना पड़ता है। इसलिए ज्यादा समय तक वह कानूनी प्रक्रिया सह नहीं पाते और अपने विपक्षी से कोर्ट के बाहर समझौता कर लेते है। ऐसे ही आंकड़ों को दिखाते हुए गैर दलित समाज इस एक्ट के दुरुपयोग की बात उठाते हैं वे इसी फर्जी बताने लगते है। इन्हीं आंकड़ों के दबाव में आकर 20 मार्च 2018 को सुप्रीम कोर्ट के जज सुभाष महाजन की बेंच ने इस एक्ट में संशोधन करने की बात कही थी। जबकि इसी बीच ऊना कांड, रोहित वेमुला एवं पायल तडवी आत्महत्या कांड भी हुए थे। इस संशोधन का प्रमुख उद्देश्य यह था कि अब इस एक्ट के तहत तुरंत गिरफ्तारियां नहीं होगी। जिसका देशभर के दलित संगठनों ने पुरजोर विरोध किया था। आज आजाद पार्टी के जो प्रमुख है चंद्रशेखर आजाद जी उस वक्त उनकी भीम आर्मी नई थी परंतु उन्होंने पूरे देश भर में 2 अप्रैल 2018 को भारत बंद का आह्वान कर सरकार को घुटने पर ला दिया था जिससे कि सरकार को पीछे हटना पड़ा। समाज के इस दोहरे चरित्र के बावजूद 14 सितम्बर 2020 को उत्तर प्रदेश के हाथरस में एक वाल्मीकि लड़की की बलात्कार करके अपराधी फेंक देते हैं जिसका अस्पतालों में इलाज के दौरान 15 दिन बाद मौत हो जाती है। इस बलात्कार की घटना ने सरकार को हिला दिया था जिससे उत्तर प्रदेश की सरकार इतने दबाव में आ गई कि उसने पीड़िता की लाश तक घरवालों को नहीं सौंपी और प्रशासन ने यूं ही उस लड़की के शव को सरेआम सड़क पर जला दिया।

## अध्यात्म

### आत्मारामी ब्रह्मवेत्ता महापुरुष जगत को तीर्थरूप बना देते हैं

दो संन्यासी युवक यात्रा करते-करते किसी गाँव में पहुँचे। लोगों से पूछाः हमें एक रात्रि यहाँ रहना है। किसी पवित्र परिवार का घर दिखाओ। लोगों ने बताया कि वह एक चाचा का घर है। साधु-महात्माओं का आदर सत्कार करते हैं। अखिल ब्रह्माण्डमां एक तुं श्रीहरि का पाठ उनका पक्का हो गया है। वहाँ आपको ठीक रहेगा। उन्होंने उन सज्जन चाचा का पता बताया। दोनों संन्यासी वहाँ गये। चाचा ने प्रेम से सत्कार किया, भोजन कराया और रात्रि-विश्राम के लिए बिछौना दिया। रात्रि को कथा-वार्ता के दौरान एक संन्यासी ने प्रश्न किया- आपने कितने तीर्थों में स्नान किया है? कितनी तीर्थयात्राएँ की हैं? हमने तो चारों धाम की तीन-तीन बार यात्रा की है। चाचा ने कहा- मैंने एक भी तीर्थ का दर्शन या स्नान नहीं किया है। यहीं रहकर भगवान का भजन करता हूँ और आप जैसे भगवत्स्वरूप अतिथि पधारते हैं तो सेवा करने का मौका पा लेता हूँ। अभी तक कहीं भी नहीं गया हूँ। दोनों संन्यासी आपस में विचार करने लगेः ऐसे व्यक्ति का अन्न खाया! अब यहाँ से चले जायें तो रात्रि कहाँ बितायेंगे? यकायक चले जायें तो उसको दुःख भी होगा। चलो, कैसे भी करके इस विचित्र वृद्ध के यहाँ रात्रि बिता दें। जिसने एक भी तीर्थ नहीं किया उसका अन्न खा लिया, हाय! आदि-आदि। इस प्रकार विचारते हुए वे सोने लगे लेकिन नींद कैसे आवे! करवटें बदलते-बदलते मध्यरात्रि हुई। इतने में द्वार से बाहर देखा तो गौ के गोबर से लीपे हुए बरामदे में एक काली गाय आयी... फिर दूसरी आयी... तीसरी, चौथी... पाँचवीं... ऐसा करते-करते कई गायें आयीं। हरेक गाय वहाँ आती, बरामदे में लोटपोट होती और सफेद हो जाती तब अदृश्य हो जाती। ऐसी कितनी ही काली गायें आयीं और सफेद होकर विदा हो गयीं। दोनों संन्यासी फटी आँखों से देखते ही रह गये। वे दंग रह गये कि यह क्या कौतुक हो रहा है! आखिरी गाय जाने की तैयारी में थी तो उन्होंने उसे प्रणाम करके पूछाः हे गौ माता! आप कौन हो और यहाँ कैसे आना हुआ? यहाँ आकर आप श्वेतवर्ण हो जाती हो इसमें क्या रहस्य है? कृपा करके आपका परिचय दें। गाय बोलने लगी- हम गायों के रूप में सब तीर्थ हैं। लोग हममें गंगे हर.. यमुने हर... नर्मदे हर.. आदि बोलकर गोता लगाते हैं। हममें अपने पाप धोकर पुण्यात्मा होकर जाते हैं और हम उनके पापों की कालिमा मिटाने के लिए द्वन्द्व-मोह से विनिर्मुक्त आत्मज्ञानी, आत्मा-परमात्मा में विश्रान्ति पाये हुए सत्पुरूषों के आँगन में आकर पवित्र हो जाते हैं। हमारा काला बदन पुनः श्वेत हो जाता है। तुम लोग जिनको अशिक्षित, गँवार, बूढ़ा समझते हो वे बुजुर्ग तो जहाँ से तमाम विद्याएँ निकलती हैं उस आत्मदेव में विश्रान्ति पाये हुए आत्मवेत्ता संत हैं। तीर्थी कुर्वन्ति जगतीं! ऐसे आत्मारामी ब्रह्मवेत्ता महापुरुष जगत को तीर्थरूप बना देते हैं। अपनी दृष्टि से, संकल्प से, संग से जन-साधारण को उन्नत कर देते हैं। ऐसे पुरुष जहाँ ठहरते हैं, उस जगह को भी तीर्थ बना देते हैं। जैन धर्म ने ऐसे पुरुषों को तीर्थंकर (तीर्थ बनाने वाले) कहा है।

# श्रीकृष्ण, सांदीपनि और जेन अल्फा

**आधुनिक टेक्नालॉजी के दौर में यह समझना रोचक होगा कि श्रीकृष्ण, सांदीपनी और जेन अल्फा का रिश्ता कैसे सामयिक हो सकता है। और यह भी कि इस संदर्भ में हम गुरु-शिष्य परंपरा को किस तरह देखते हैं। यह संयोग है कि पहले दिन हम श्रीकृष्ण के उदात्त चरित्र का स्मरण कर रहे हैं और अगले दिन ही हम शिक्षक दिवस मनाएंगे और दोनों दिनों में श्रीकृष्ण की उपस्थिति अपरिहार्य है। आज शिक्षा के सामने चुनौती केवल ज्ञान उपलब्ध कराने की नहीं, बल्कि ज्ञान के असीमित प्रवाह में सही ज्ञान का चयन करने की है। श्रीकृष्ण के समय में ज्ञान प्राप्त करने के लिए गुरु के पास जाना पड़ता था; आज के जेन अल्फज्ञ के समय में ज्ञान स्वयं बच्चे की स्क्रीन तक पहुँच रहा है। तब गुरु ज्ञान का प्रमुख स्रोत था, आज इंटरनेट और कृत्रिम बुद्धिमत्ता भी ज्ञान के स्रोत बन चुके हैं। किंतु ज्ञान के स्रोत बदल जाने से ज्ञान की आवश्यकता, विवेक की आवश्यकता और मार्गदर्शन की आवश्यकता समाप्त नहीं हुई है।**

श्री कृष्ण का उदात्त चरित्र को लेकर हम हमेशा से ऊर्जावान रहे हैं। जिस सहजता और सरलता से उन्होंने जीवन जीने की सीख दी है, वह अपने आप में विशिष्ट है। सतयुग से लेकर वर्तमान समय में श्रीकृष्ण हमेशा से सामयिक रहे हैं। जब हम श्रीकृष्ण के जीवन का विवेचन करते हैं तो सहज ही शिक्षा के व्यापक परिप्रेक्ष्य में श्रीकृष्ण और उनके गुरु सांदीपनि का संबंध हमें भारतीय ज्ञान परंपरा से अवगत कराता है। भारतीय ज्ञान-परंपरा में शिक्षा केवल सूचना प्राप्त करने की प्रक्रिया नहीं रही है। शिक्षा का उद्देश्य मनुष्य को ज्ञानवान बनाने के साथ-साथ विवेकशील, अनुशासित, संवेदनशील और उत्तरदायी बनाना भी रहा है। वर्तमान समय में हम श्रीकृष्ण का स्मरण करते हुए जेन अल्फा तक आ गए हैं। इस समय भी भारतीय ज्ञान परंपरा हमें इस बात का स्मरण कराती है कि श्रीकृष्ण भी अपने समय में जेन अल्फा रहे हैं लेकिन उन्हें किशोर वय संबोधन दिया गया। आधुनिक टेक्नालॉजी के दौर में यह समझना रोचक होगा कि श्रीकृष्ण, सांदीपनी और जेन अल्फा का रिश्ता कैसे सामयिक हो सकता है। और यह भी कि इस संदर्भ में हम गुरु-शिष्य परंपरा को किस तरह देखते हैं। यह संयोग है कि पहले दिन हम श्रीकृष्ण के उदात्त चरित्र का स्मरण कर रहे हैं और अगले दिन ही हम शिक्षक दिवस मनाएंगे और दोनों दिनों में श्रीकृष्ण की उपस्थिति अपरिहार्य है। आज शिक्षा के सामने चुनौती केवल ज्ञान उपलब्ध कराने की नहीं, बल्कि ज्ञान के असीमित प्रवाह में सही ज्ञान का चयन करने की है। श्रीकृष्ण के समय में ज्ञान प्राप्त करने के लिए गुरु के पास जाना पड़ता था; आज के जेन अल्फज्ञ के समय में ज्ञान स्वयं बच्चे की स्क्रीन तक पहुँच रहा है। तब गुरु ज्ञान का प्रमुख स्रोत था, आज इंटरनेट और कृत्रिम बुद्धिमत्ता भी ज्ञान के स्रोत बन चुके हैं। किंतु ज्ञान के स्रोत बदल जाने से ज्ञान की आवश्यकता, विवेक की आवश्यकता और मार्गदर्शन की आवश्यकता समाप्त नहीं हुई है। इसी दृष्टि में श्रीकृष्ण और उनके गुरु सांदीपनि के संबंध को भारतीय गुरु-शिष्य परंपरा के स्वरूप में देखते हैं तो दूसरी ओर, आज की पीढ़ी है जिसका जन्म डिजिटल तकनीक, इंटरनेट, स्मार्टफोन, कृत्रिम बुद्धिमत्ता और सोशल मीडिया के वातावरण में हुआ है। भारतीय परंपरा में सांदीपनि आश्रम का उल्लेख केवल इस कारण महत्वपूर्ण नहीं है कि वहाँ श्रीकृष्ण और बलराम ने शिक्षा प्राप्त की, बल्कि इसलिए भी कि यह आश्रम उस शिक्षा-दृष्टि का प्रतीक है जिसमें विद्यार्थी का निर्माण बहुआयामी रूप से किया जाता था। गुरु के सान्निध्य में विद्यार्थी केवल विषयगत ज्ञान अर्जित नहीं करता था, बल्कि जीवन जीने की कला, अनुशासन, कर्तव्य, सामाजिक उत्तरदायित्व और आत्मसंयम भी सीखता था। प्रश्न यह है कि क्या हजारों वर्ष पुरानी सांदीपनि-परंपरा और आज की डिजिटल पीढ़ी के बीच कोई सार्थक संवाद संभव है? यदि संभव है तो वह संवाद किस प्रकार का होगा? श्रीकृष्ण का व्यक्तित्व इस शिक्षा-दृष्टि का उत्कृष्ट उदाहरण माना जा सकता है। वे एक साथ दार्शनिक, कूटनीतिज्ञ, योद्धा, प्रशासक, मित्र और मार्गदर्शक के रूप में सामने आते हैं। उनके व्यक्तित्व में ज्ञान और कर्म का जो समन्वय दिखाई देता है, वह इस बात की ओर संकेत करता है कि शिक्षा का अंतिम लक्ष्य परीक्षा में सफलता प्राप्त करना मात्र नहीं, बल्कि जीवन की जटिल परिस्थितियों का विवेकपूर्ण सामना करने की क्षमता विकसित करना है। वहीं जेन अल्फा अनेक प्रकार की सूचनाओं और विकल्पों से घिरा हुआ है। उसे केवल यह बताना पर्याप्त नहीं है कि क्या जानना है; उसे यह भी सिखाना आवश्यक है कि क्या स्वीकार करना है, क्या अस्वीकार करना है और क्यों स्वीकार या अस्वीकार करना है। चुनौती यह है कि यह पीढ़ी अपने जिज्ञासा का समाधान करने या किसी प्रश्न का उत्तर खोजने के लिए पुस्तकालय तक जाने के बजाय कुछ सेकंड में डिजिटल माध्यमों में तलाश करने लगता है। हम मानते हैं कि सूचना का विस्फोट हो रहा है और यह लाजिमी भी है लेकिन हम यह भी मानते हैं कि परंपरा और अनुभव का कोई विकल्प नहीं। सूचना की अधिकता भी ज्ञान की गारंटी नहीं है। श्रीकृष्ण की शिक्षा और जेन अल्फा की शिक्षा के मध्य यह बड़ा अंतर दिखता है।

श्रीकृष्ण का समकालीन महत्त्व इसी बिंदु पर दिखाई देता है। श्रीकृष्ण का व्यक्तित्व हमें यह समझने में सहायता करता है कि ज्ञान तब तक अधूरा है, जब तक उसमें विवेक और परिस्थिति-बोध का समावेश न हो। श्रीकृष्ण ने अर्जुन के सामने केवल सूचनाओं का ढेर नहीं रखा। उन्होंने उसे कर्तव्य, कर्म, आत्मबोध और निर्णय के प्रश्नों पर विचार करने के लिए प्रेरित किया। सांदीपनि की परंपरा हमें गुरु की एक ऐसी भूमिका की याद दिलाती है जिसमें गुरु विद्यार्थी के व्यक्तित्व को समझता है। वह केवल विषय नहीं पढ़ाता, बल्कि विद्यार्थी के भीतर छिपी संभावनाओं को पहचानता है। डिजिटल युग ने शिक्षक की भूमिका को और अधिक चुनौतीपूर्ण बना दिया है। गुरु की भूमिका मार्गदर्शक और मूल्य-निर्माता के रूप में और अधिक महत्वपूर्ण हो सकती है। शिक्षक को बच्चे को यह सिखाना होगा कि तकनीक का उपयोग कैसे किया जाए, लेकिन उससे भी अधिक महत्वपूर्ण यह है कि तकनीक का उपयोग किस उद्देश्य से किया जाए। यह भी सत्य है कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता विद्यार्थी के लिए उत्तर लिख सकती है, लेकिन शिक्षक उसे यह सिखा सकता है कि उस उत्तर की सत्यता की जाँच कैसे की जाए। इंटरनेट जानकारी दे सकता है, लेकिन शिक्षक यह समझा सकता है कि जानकारी को ज्ञान और ज्ञान को विवेक में कैसे बदला जाता है। गुरु-शिष्य संबंध को नए संदर्भों में पुनर्परिभाषित किए जाने की आवश्यकता है। आने वाला समय कृत्रिम बुद्धिमत्ता, स्वचालन और डिजिटल अर्थव्यवस्था का है। ऐसे में अनेक पारंपरिक रोजगार बदलेंगे और नई प्रकार की क्षमताओं की आवश्यकता होगी। लेकिन तकनीकी दक्षता के साथ मानवीय गुणों का महत्त्व कम नहीं होगा। सहानुभूति, सहयोग, धैर्य, नेतृत्व, नैतिक निर्णय, रचनात्मकता और सामाजिक उत्तरदायित्व ऐसी क्षमताएँ हैं जिन्हें मशीनें पूर्ण नहीं कर सकती हैं अपितु अनुभव ही यहाँ कारगर भूमिका निभाएगा। डिजिटल गुरुकुल की आवश्यकता सांदीपनि आश्रम को आधुनिक संदर्भ में देखा जाए तो आज के विद्यालय और विश्वविद्यालय एक प्रकार के डिजिटल गुरुकुल में परिवर्तित हो सकते हैं। इसका अर्थ यह नहीं कि आधुनिक शिक्षा को पुराने गुरुकुल की नकल करने के स्थान पर उसके मूल तत्वों-अनुशासन, संवाद, आत्मीयता, अनुभवात्मक शिक्षा, प्रकृति से जुड़ाव और चरित्र-निर्माण-को आधुनिक तकनीक के साथ जोड़ा जाना चाहिए। ऐसी शिक्षा वास्तव में आधुनिक तकनीक और प्राचीन ज्ञान-दृष्टि का समन्वय होगी।

**जड़ों की ओर लौटता मध्यप्रदेश**

कहते हैं कि नाम का प्रभाव अधिक होता है और उसी के अनुरूप भाव बनते बिगड़ते हैं। सांदीपनि संबोधन सुनते ही भला-भला सा लगता है और मोहन सरकार ने अंग्रेजी दासता से मुक्त करते हुए सीएमराइज स्कूल के स्थान पर सांदीपनि संबोधन दिया है। सीएमराइज स्कूल का संबोधन से भाव अंग्रेजियत का हो जाता है वहीं सांदीपनि हमारी परंपरा की ओर लौटने का संकेत देता है। यह नहीं, मध्यप्रदेश में श्रीकृष्ण ने शिक्षा ग्रहण की थी, सो सांदीपनि अपने आपमें सुंदर और सम्मानजनक भी है। यह भी समझना होगा कि सांदीपनि की परंपरा विद्यार्थी को केवल परीक्षा के लिए तैयार नहीं करता है अपितु उसे जीवन के लिए तैयार करता है। सांदीपनि-परंपरा का आधुनिक पुनर्पाठ हमें याद दिलाता है कि शिक्षा का अंतिम उद्देश्य अच्छे अंक नहीं, अच्छा मनुष्य बनाना है।

## आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**
आज बचत पर ध्यान और दफ्तर में जिम्मेदारी मिलेगी। पैसों के मामले में आज खर्चों पर अच्छा नियंत्रण बना रहेगा। आप अपनी पुरानी देनदारियों को निपटाने या भविष्य के लिए बचत बढ़ाने पर मुख्य रूप से ध्यान देंगे।

**वृषभ**
आज धन की सुरक्षा और काम में निरंतरता बनाए रखना होगा। पैसों की सुरक्षा पर आपका पूरा ध्यान रहेगा। अपने घर का बजट देखने और आगे के लिए सही योजना बनाने के लिए दिन बहुत बढ़िया है।

**मिथुन**
आज समझदारी से बचत और काम में तेजी आएगी। पैसों से जुड़े मामलों में आज आपको काफी सोच-समझकर चलने की सख्त जरूरत है।

**कर्क**
आज धन की मजबूती और दफ्तर में सहारा मिलेगा। आपकी कमाई बढ़ने की एक बहुत अच्छी उम्मीद नजर आ रही है। आप आय के नए साधन खोजने और परिवार की सुरक्षा पर विचार करेंगे।

**सिंह**
आज दिखावे से बचाव और दफ्तर में पहचान दिलाएगा। अपनी कमाई बढ़ाने का मन बहुत तेजी से करेगा। आप अपनी समझ से नए रास्ते खोजेंगे।

**कन्या**
आज बजट की जांच और काम में धीरज बनाए रखे। अपने पैसों का सही हिसाब-किताब रखने से आज आपको बड़ा फायदा मिलने वाला है।

**तुला**
आज संतुलित खर्च और बेहतर तालमेल बनाए रखना होगा। पैसों के लेन-देन में एक बहुत अच्छा संतुलन बना रहेगा। अपने आराम और पसंद की चीजों पर खर्च करने का मन जरूर होगा, लेकिन एक सीमा में रहें।

**वृश्चिक**
आज भविष्य की योजना और धीरज से काम का है। पैसों के मामले में एकदम से नहीं, बल्कि बहुत धीरे-धीरे अच्छी बढ़त देखने को मिलेगी।

**धनु**
आज समझदारी से निवेश और काम में नए मौके मिलेंगे। कमाई बढ़ाने के नए-नए रास्ते खोजने का आपका मन बहुत करेगा। किसी भी नए काम में हाथ डालने से पहले उसके हर छोटे-बड़े पहलू को अच्छे से जांच लें।

**मकर**
आज रुके काम निपटाना और काम में अनुशासन रखना होगा। अपनी पैसों की जिम्मेदारी को पूरे नियम और अनुशासन से संभालने के लिए आज का दिन बहुत बढ़िया है।

**कुंभ**
आज सोच-समझकर निवेश और नई सोच के साथ करे। बहुत जल्दी पैसा कमाने की तीव्र चाहत जाग सकती है। तुरंत फायदा देने वाली बातों के लालच में बिल्कुल न पड़ें।

**मीन**
आज शांत मन से फैसले और पेंडिंग काम का निपटारा होना। आपको पैसों की पुरानी आदतों को तुरंत सुधारने की सलाह दे रही है। अपने पुराने बजट या वादों पर दोबारा गहराई से सोचें।


## संक्षिप्त समाचार

### अवैध बालू लदे दो ट्रैक्टर जब्त, खनन विभाग को दी सूचना



**पालीगंज (पटना)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पालीगंज थाना क्षेत्र में अवैध बालू के खिलाफ पुलिस ने कार्रवाई करते हुए अलग-अलग स्थानों से बालू लदे दो ट्रैक्टरों को जब्त किया है। दोनों मामलों में पुलिस ने खनन विभाग को सूचना दे दी है। पुलिस के अनुसार, महाबलीपुर इलाके में जांच के दौरान एक ट्रैक्टर पर अवैध रूप से बालू लदा पाया गया। इसके बाद पुलिस ने ट्रैक्टर को विधिवत जब्त कर पालीगंज थाना लाया। वहीं, कासीपुर गांव से भी पुलिस ने अवैध बालू लदे एक अन्य ट्रैक्टर को जब्त किया है। इस संबंध में पालीगंज थानाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह ने बताया कि महाबलीपुर और कासीपुर से एक-एक बालू लदे ट्रैक्टर को जब्त किया गया है। दोनों ट्रैक्टरों के संबंध में खनन विभाग, पटना को सूचना दे दी गई है। खनन विभाग द्वारा संबंधित मामलों में नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### मंदिर में सो रहे राहगीर के गले से सोने का लॉकेट काटा, आरोपित गिरफ्तार



**पालीगंज (पटना)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पालीगंज नगर बाजार के बिहटा मोड़ स्थित मंदिर में सो रहे एक राहगीर के गले से गुरुवार की रात सोने का लॉकेट काटकर चोरी कर लिया गया। घटना की सूचना मिलने के बाद पालीगंज पुलिस ने मामले की जांच शुरू की। पालीगंज थानाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह ने शुक्रवार को मंदिर एवं आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज का अवलोकन किया। फुटेज के आधार पर पुलिस ने नगर बाजार स्थित रामलखन कॉलेज के पास रहने वाले राहुल कुमार को पकड़ लिया। पुलिस ने उसके पास से काटकर चोरी किया गया सोने का लॉकेट भी बरामद कर लिया है। पुलिस आरोपी से पूछताछ करने के बाद आगे की कानूनी कार्रवाई में जुटी है।

### रेवां मुसहरी स्कूल से टैबलेट और 50 किलो चावल की चोरी

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढ़ी प्रखंड के प्राथमिक विद्यालय रेवां मुसहरी में चोरी की घटना सामने आई है। प्रधान शिक्षक रामानुज सिंह ने नदौल ओपी थाने में आवेदन देकर प्राथमिकी दर्ज कराने की मांग की है। प्रधान शिक्षक के अनुसार सुबह 9:15 बजे जब वे विद्यालय पहुंचे और मुख्य द्वार खोलकर अंदर प्रवेश किया तो बरामदे का गेट खुला मिला। कार्यालय के पास पहुंचने पर दरवाजे का ताला टूटा हुआ था। अंदर प्रवेश करने पर सारा सामान बिखरा पड़ा था। चोरों ने टेबल के ड्रॉअर तोड़कर दो सरकारी टैबलेट, एक व्यक्तिगत टैबलेट, एक व्यक्तिगत मोबाइल और मध्याह्न भोजन योजना का 50 किलो चावल चोरी कर लिया।घटना की जानकारी मिलते ही नदौल ओपी में आवेदन देकर कानूनी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

### सिविल सर्जन ने किया राणाबीघा पीएससी का निरीक्षण

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बाढ़ प्रखंड के राणाबीघा गांव स्थित स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण सिविल सर्जन ने शुक्रवार की शाम को किया। इस दौरान प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बंद पाया गया। अस्पताल प्रबंधन और चिकित्सा प्रभारी को सिविल सर्जन ने गायब रहने पर चेतावनी देते हुए कार्रवाई करने का निर्देश दिया है ।ज्ञात हो कि एक सप्ताह पूर्व एसडीओ के द्वारा स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया गया था जिसमें कर्मचारी गायब मिले थे ।इसकी शिकायत सिविल सर्जन से की गई थी ।सिविल सर्जन ने इस केंद्र में प्रतिदिन 24 घंटे चिकित्सा सेवा बहाल करने का निर्देश दिया था। इसके बावजूद निर्देश का पालन नहीं किया गया ।

### ट्रेन से गिरकर बुजुर्ग यात्री की मौत

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बाढ़ और अथमलगोला रेलवे स्टेशन के बीच अचुआरा रेल हाल्ट के पास शुक्रवार को 60 वर्षीय अज्ञात यात्री की ट्रेन से गिरकर मौत हो गई। इस संबंध में रेल थानाध्यक्ष विकास कुमार ने बताया कि सूचना मिलने के बाद पुलिस ने मौके पर जाकर शव बरामद करते हुए उसका पोस्टमार्टम अनुमंडल अस्पताल में कराया है। शव को पहचान के लिए रखा गया है।

### जुआ के अड्डे पर छापा, एक गिरफ्तार

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बाढ़ रेलवे स्टेशन परिसर के सामने पोस्ट ऑफिस गली के पास जुए के अड्डे पर पुलिस ने छापेमारी की। इस दौरान गिरोह के एक सदस्य को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। स्थानीय लोगों ने बताया कि जुए के अड्डे का संचालन कभी बाढ़ थाना क्षेत्र में तो कभी रेलवे परिसर में किया जा रहा है ।कई बार ग्राहकों के साथ संचालक के द्वारा मारपीट का भी आरोप लगाया गया है।

### गंगा की तेज धार में बही वृद्ध महिला

**मोकामा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मरांची थाना क्षेत्र में शनिवार को गंगा की तेज धार में एक वृद्ध महिला के बह जाने से इलाके में हड़कंप मच गया। महिला की पहचान श्यामा देवी (लगभग 55 वर्ष), पति रामाश्रय सिंह, निवासी विजयगढ़ टोला के रूप में हुई है।बताया जा रहा है कि बाढ़ के कारण गंगा का बहाव काफी तेज है। इसी दौरान श्यामा देवी गंगा की धारा की चपेट में आ गईं और तेज बहाव में बह गईं। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय प्रशासन और पुलिस मौके पर पहुंची तथा महिला की तलाश शुरू कराई गई।ग्रामीणों के अनुसार देर शाम तक एसडीआरएफ की टीम मौके पर नहीं पहुंच सकी, जिससे ग्रामीणों में नाराजगी देखी गई। ग्रामीणों ने महिला की तलाश के लिए तत्काल बचाव दल भेजे जाने की मांग की।मरांची थानाध्यक्ष रौशन कुमार ने बताया कि इस संबंध में अंचलाधिकारी से बात की गई है। क्षेत्र में बाढ़ की गंभीर स्थिति के कारण एसडीआरएफ की टीम मौके तक नहीं पहुंच सकी। उन्होंने बताया कि रविवार को महिला के शव की तलाश के लिए अभियान चलाया जाएगा।गंगा के बढ़ते जलस्तर और तेज बहाव को देखते हुए प्रशासन ने लोगों से नदी एवं बाढ़ प्रभावित इलाकों में सावधानी बरतने की अपील की है।

### पुनपुन में बाढ़ का कहर, दो दर्जन गांवों का संपर्क टूटा



**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पुनपुन प्रखंड में पुनपुन नदी के उफान से बाढ़ की स्थिति भयावह हो गई है। प्रखंड के पांच पंचायत पूरी तरह बाढ़ से प्रभावित हैं, जहां दो दर्जन से अधिक गांवों की सड़कों पर पानी भर जाने से संपर्क टूट गया है और यातायात पूरी तरह ठप हो गया है।जानकारी के अनुसार लखनपार, लोदीपुर, सबलपुर, दुलारचक, जोगापुर, दरियापुर सहित दर्जनों गांवों में बाढ़ का पानी घरों और सड़कों में घुस गया है। सड़कों पर 2 से 3 फीट पानी बहने से आवागमन मुश्किल हो गया है। ग्रामीणों को रोजमर्रा की जरूरतों जैसे राशन, दवा और चारा लाने के लिए भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कई जगह लोग नाव और ट्रैक्टर के सहारे आने-जाने को मजबूर हैं।बाढ़ से खेतों में लगी फसलें भी जलमग्न हो गई हैं, जिससे किसानों को भारी नुकसान की आशंका है। बच्चों का स्कूल जाना बंद हो गया है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से जल्द राहत, नाव की व्यवस्था और ऊंचे स्थानों पर सामुदायिक किचन शुरू करने की मांग की है।

### शिक्षक दिवस पर विद्यार्थियों की सांस्कृतिक प्रस्तुति



**पालीगंज (पटना)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिहार पब्लिक स्कूल की पालीगंज एवं लालगंज सेहरा शाखा में शिक्षक दिवस हर्षोल्लास एवं गरिमापूर्ण वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत भारत के पूर्व राष्ट्रपति एवं महान शिक्षाविद् डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र पर माल्यार्पण एवं श्रद्धासुमन अर्पित कर की गई। इस दौरान विद्यार्थियों ने गीत, नृत्य, कविता सहित विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से शिक्षकों के प्रति सम्मान और कृतज्ञता व्यक्त की। इसी अवसर पर विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक राम नरेश पाठक के सेवानिवृत्ति उपरांत विदाई समारोह का भी आयोजन किया गया। विद्यालय परिवार ने उनके लंबे सेवाकाल, अनुशासन, समर्पण और शिक्षा के क्षेत्र में दिए गए योगदान को याद करते हुए उन्हें भावभीनी विदाई दी।

# गंगा का रौद्र रूप: मोकामा में टूटा बाढ़ का रिकॉर्ड, कई गांव जलमग्न

## हाथीदह में 43.38 मीटर पहुंचा गंगा का जलस्तर, खतरे के निशान से 1.62 मीटर ऊपर; सात स्कूलों में घुसा पानी, एनएच-31 पर थमी वाहनों की रफ्तार





**मोकामा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** गंगा नदी के जलस्तर में लगातार हो रही रिकॉर्ड वृद्धि ने मोकामा प्रखंड में बाढ़ की स्थिति को बेहद गंभीर बना दिया है। शिवनार, बरहपुर, कसहा दियारा, जंजीरा दियारा समेत कई इलाकों में गंगा का पानी फैल गया है।मोकामा नगर परिषद के भी कई वार्ड बाढ़ के पानी से प्रभावित हैं। वर्ष 2021 में आई बाढ़ के जलस्तर का रिकॉर्ड भी टूटने की स्थिति में पहुंच गया है।हाथीदह में शनिवार सुबह आठ बजे गंगा का जलस्तर 43.38 मीटर दर्ज किया गया। केंद्रीय बाढ़ नियंत्रण कक्ष के अनुसार यहां खतरे का निशान 41.76 मीटर है। यानी गंगा खतरे के निशान से करीब 1.62 मीटर ऊपर बह रही है। राज्य आपदा प्रबंधन विभाग के अनुसार पटना के दीघा घाट, गांधी घाट, हाथीदह, मुंगेर, भागलपुर और कहलगांव समेत कई स्थानों पर गंगा खतरे के निशान से ऊपर बह रही है।बाढ़ का पानी मोकामा प्रखंड के सात स्कूलों में प्रवेश कर गया है। इन विद्यालयों को नजदीकी सुरक्षित स्कूलों से अटैच कर दिया गया है। प्रभावित विद्यालयों में कसहा दियारा और जंजीरा दियारा के विद्यालयों के अलावा नगर परिषद क्षेत्र का मध्य विद्यालय धौरानी टोला, प्राथमिक विद्यालय शिवनार पश्चिमी टोला, प्राथमिक विद्यालय बरहपुर बिंद टोली और प्राथमिक विद्यालय नौरंगा जलालपुर शामिल हैं।शिवनार से बरहपुर के बीच एन एच-31 पर गंगा का पानी फैल जाने से वाहनों की रफ्तार थम गई है। बरहपुर के समीप सड़क पर करीब एक फीट तक पानी बह रहा है और तेज धार के कारण आवागमन प्रभावित हो रहा है। सड़क पर दूर तक पानी फैलने से लोगों को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।औंटा-सिमरिया सिक्स लेन को औंटा गांव से जोड़ने वाली सड़क भी पानी में डूब गई है। टाल क्षेत्र में पानी तेजी से फैल रहा है। बड़हिया-पचमहला का खेल मैदान जलमग्न हो गया है, जबकि कॉलेज घाट जाने वाली सड़क भी पानी में डूब गई है।बाढ़ के पानी ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है। शिवनार, बरहपुर और मोकामा क्षेत्र में कई एकड़ में लगी सब्जी, मक्का समेत अन्य फसलें पूरी तरह पानी में डूब गई हैं। खेतों में पानी भरने से किसानों को भारी नुकसान की आशंका है। पशुपालकों के सामने भी चारे की समस्या बढ़ती जा रही है।मोकामा प्रखंड मुख्यालय में शरण लिए बाढ़ पीड़ितों का हालचाल जानने मोकामा विधायक अनंत कुमार सिंह पहुंचे। उन्होंने पीड़ितों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। विधायक ने बरहपुर और शिवनार से होते हुए पचमहला तक बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण किया तथा लोगों को हरसंभव मदद का आश्वासन दिया।मोकामा अंचलाधिकारी लवली कुमारी ने बताया कि कसहा दियारा और प्रखंड मुख्यालय में कम्युनिटी किचन शुरू कर दिया गया है। बाढ़ प्रभावित लोगों के लिए भोजन की व्यवस्था की जा रही है। स्वास्थ्य टीमों को भी तैनात कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड में काम कर रहा है।प्रशासन की ओर से लोगों से अपील की गई है कि वे बाढ़ की गंभीर स्थिति को देखते हुए सतर्क रहें और सुरक्षित स्थानों पर रहें। पानी के तेज बहाव वाले क्षेत्रों में अनावश्यक आवागमन से बचने की भी सलाह दी गई है।

### गंगा का पानी नगर परिषद में घुसा

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बाढ़ के नगर परिषद क्षेत्र के अंतर्गत वार्ड नंबर 10 में उफनती गंगा नदी का पानी प्रवेश कर गया है। इसके कारण गलियों और निचले इलाकों में पानी फैलता जा रहा है ।स्थानीय लोगों ने बताया कि पोस्ट ऑफिस गंगा घाट के पास से पुराने पुलिया के माध्यम से जलस्तर बढ़ने के बाद गंगा का पानी प्रवेश कर गया है।

## पुनपुन का कहर: छोटकी सपहुआं गांव बना टापू, सड़क पर ढाई फीट पानी, कई गांवों से टूटा संपर्क







**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पुनपुन नदी का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है। बाढ़ नियंत्रण विभाग के रिकॉर्ड के अनुसार नदी का जलस्तर 53.28 मीटर दर्ज किया गया है। बढ़ते जलस्तर से पुनपुन प्रखंड के कई पंचायत पूरी तरह बाढ़ से प्रभावित हो गए हैं,बरावा पंचायत के छोटकी सपाहुआं गांव की स्थिति सबसे ज्यादा खराब है। गांव चारों तरफ से बाढ़ के पानी से घिर गया है और कई गांवों से उसका संपर्क पूरी तरह टूट गया है। सड़क पर करीब ढाई फीट पानी चढ़ जाने से आवागमन पूरी तरह बाधित हो गया है। ग्रामीण अपने ही गांव में जलकैदी बन गए हैं। घरों से निकलना दूभर हो गया है।ग्रामीणों ने बताया कि छोटकी सपाहुआं, बड़की सपहुआं, उड़ान टोला और सामने का नुसरतपुर गांव का आपसी संपर्क टूट गया है। लोग घर से बाजार तक नहीं निकल पा रहे हैं, जिससे खाने-पीने और राशन को लेकर भारी परेशानी हो रही है।बाढ़ पीड़ितों ने सरकार से सामुदायिक किचन और अन्य मूलभूत सुविधाओं की मांग की है।पूर्व विधायक गोपाल रविदास और पूर्व मुखिया जयप्रकाश ने कहा कि सपहुआं गांव का संपर्क टूटने से लोगों का जीना दुश्वार हो गया है। सरकार अविलंब नाव की व्यवस्था करे, सामुदायिक किचन शुरू करे, साथ ही माचिस, मोमबत्ती और पेयजल की व्यवस्था करे। उन्होंने बताया कि घरों में जहरीले सांप-बिच्छू निकल रहे हैं, जिससे लोग रात-रात भर जागने को विवश हैं।

## विधायक श्याम रजक ने किया बाढ़ग्रस्त क्षेत्रों का दौरा, पीड़ितों को हर संभव मदद का दिया भरोसा



**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** फुलवारीशरीफ विधायक श्याम रजक ने अपने विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत पुनपुन प्रखंड के दर्जनभर बाढ़ प्रभावित गांवों का दौरा किया। उन्होंने बेहरावां पंचायत के राजघाट नवादा, चकिया बेहरावां, बेहरावां चक और कल्याणपुर पंचायत के डेहरी सहित कई गांवों में जाकर बाढ़ पीड़ित परिवारों से मुलाकात की और राहत कार्यों की जानकारी ली।इस दौरान विधायक ने पुनपुन प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी और आपदा प्रबंधन पदाधिकारियों के साथ संयुक्त रूप से भ्रमण कर अधिकारियों को सभी जरूरी सामग्री तुरंत मुहैया कराने का निर्देश दिया। विधायक श्याम रजक ने कहा, फुलवारी विधानसभा क्षेत्र की जनता को घबराने की जरूरत नहीं है, बल्कि सतर्क रहने की जरूरत है। इस आपदा में हम 24 घंटे आपके साथ हैं और सदैव सेवा के लिए तत्पर हैं। उन्होंने कहा कि वे स्वयं रात-दिन बाढ़ के पानी पर निगरानी रख रहे हैं और प्रत्येक गांव व आपदा विभाग के अधिकारियों के संपर्क में हैं। भ्रमण के दौरान पुनपुन प्रखंड अध्यक्ष सुरेन्द्र सिंह, ओम सिंह, मनीष कुमार, रवि कुमार, गजेंद्र कुमार सहित आपदा प्रबंधन विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

## जर्जर रेफरल अस्पताल का विधायक ने लिया जायजा, विधायक निधि से मदद का भरोसा



**मोकामा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** गंगा के बढ़ते जलस्तर से प्रभावित लोगों का हाल जानने शनिवार को मोकामा विधायक अनंत कुमार सिंह क्षेत्र के दौरे पर रहे। उन्होंने पचमहला गांव तक पहुंचकर बाढ़ प्रभावित लोगों से मुलाकात की और उनकी समस्याओं की जानकारी ली। इसके बाद ब्लॉक परिसर में जंजीरा दियारा से आए बाढ़ पीड़ितों से भी मुलाकात की।इसी दौरान स्थानीय युवक राहुल आनंद के आग्रह पर विधायक ने मोकामा रेफरल अस्पताल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अस्पताल की जर्जर स्थिति सामने आई। अस्पताल की छत कई जगह से टूट रही है और भवन की स्थिति खराब है। अस्पताल की अन्य व्यवस्थाओं और कमियों की भी विधायक ने जानकारी ली।विधायक अनंत कुमार सिंह ने अस्पताल की जर्जर स्थिति पर चिंता जताते हुए कहा कि विधायक निधि से जो भी संभव होगा, वह कराया जाएगा। वहीं अस्पताल की प्रमुख समस्याओं और कमियों को राज्य सरकार के समक्ष उठाने तथा संबंधित अधिकारियों से शिकायत करने की बात भी कही।

## आशा की कहानियां, स्वस्थ जीवन की नई शुरूआत

### रूबन मेमोरियल हॉस्पिटल मे चेस्ट एवं थोरेसिक सर्जरी के मरीजों ने साझा किए अपने अनुभव



**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** रूबन मेमोरियल हॉस्पिटल में उन मरीजों के साहस, हौसले और संघर्ष को सम्मानित किया गया, जिन्होंने विभिन्न चेस्ट एवं थोरेसिक बीमारियों के लिए सर्जरी कराई और उपचार के बाद सफलतापूर्वक अपने सामान्य जीवन में लौटे। इस अवसर पर रूबन मेमोरियल हॉस्पिटल के निदेशक डॉ. सत्यजीत कुमार सिंह तथा थोरेसिक सर्जन डॉ. रवि रंजन सहित चिकित्सा टीम ने मरीजों की स्वस्थ जीवन में वापसी को उनके उपचार की सबसे बड़ी उपलब्धि बताया। डॉ सिंह ने बताया कि हर मरीज की अपनी एक अलग कहानी होती है लेकिन इन सभी कहानियों में एक बात समान है उनका बीमारी से लड़ने का साहस, डॉक्टरों पर विश्वास और स्वस्थ होकर सामान्य जीवन में लौटने की दृढ़ इच्छा। चेस्ट सर्जरी केवल एक उपचार प्रक्रिया नहीं, बल्कि अपने सामान्य जीवन को दोबारा हासिल करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। आज ये मरीज अपने परिवार या कार्यस्थल पर लौट चुके हैं या अपनी पसंदीदा गतिविधियों में फिर से सक्रिय हैं। डॉ. सत्यजीत कुमार सिंह, निदेशक, ने कहा कि मरीज का स्वस्थ होकर अपने सामान्य जीवन में लौटना चिकित्सा टीम के लिए सबसे बड़ी संतुष्टि है। उन्होंने कहा कि समय पर बीमारी की पहचान, उचित उपचार और समर्पित चिकित्सा देखभाल मरीज के जीवन में महत्वपूर्ण सकारात्मक बदलाव ला सकती है। डॉ. रवि रंजन, थोरेसिक सर्जन ने कहा कि चेस्ट एवं थोरेसिक बीमारियों में समय पर विशेषज्ञ से परामर्श और सही उपचार बेहद महत्वपूर्ण है। उपचार के बाद मरीजों को स्वस्थ और सक्रिय जीवन जीते देखना पूरी चिकित्सा टीम के लिए प्रेरणादायक है। यह उन लोगों के लिए भी उम्मीद और प्रेरणा का संदेश हैं, जो वर्तमान में चेस्ट या थोरेसिक बीमारी से जूझ रहे हैं। इन अनुभवों से यह संदेश मिलता है कि सही समय पर जांच, विशेषज्ञ की सलाह और उचित उपचार के माध्यम से बीमारी से उबरकर बेहतर गुणवत्ता वाला जीवन संभव है। हॉस्पिटल की चिकित्सा टीम ने कहा कि उनके लिए सबसे बड़ा पुरस्कार मरीजों को स्वस्थ, आत्मविश्वास से भरपूर और अपने परिवार एवं समाज के बीच सक्रिय जीवन जीते हुए देखना एक बेहतर जिंदगी की नई शुरूआत का उत्सव है।

## गेहूं का बकाया 40 हजार रुपए मांगने पर मारपीट, जेब से 2500 रुपए छीने

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** छाता ओपी क्षेत्र के गोढ़ना गांव निवासी अजय कुमार (47) ने गेहूं के बकाया 40 हजार रुपए मांगने पर मारपीट करने, जेब से 2500 रुपए निकालने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। अजय कुमार ने इस संबंध में छाता ओपी प्रभारी को आवेदन देकर प्राथमिकी दर्ज करने की मांग की है।आवेदन के अनुसार, अजय कुमार और सरबदही गांव निवासी अनिल प्रसाद सिंह के बीच इसी वर्ष गेहूं की खरीद-बिक्री को लेकर बातचीत हुई थी। बातचीत के आधार पर अनिल प्रसाद सिंह ने अजय कुमार को 70 हजार रुपए दिए थे। गेहूं का काम पूरा होने के बाद हिसाब में अजय कुमार के 40 हजार रुपए अनिल प्रसाद सिंह के पास बकाया रह गए।अजय कुमार का कहना है कि बकाया राशि लेने के लिए वह कई बार अनिल प्रसाद सिंह के पास गए, लेकिन हर बार उन्हें टाल दिया गया। आरोप है कि 3 सितंबर की सुबह करीब 7:30 बजे वह फिर बकाया राशि मांगने पहुंचे।

## पूर्व राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती के अवसर पर शिक्षक दिवस समारोह का आयोजन



**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** रामकृष्ण द्वारिका महाविद्यालय, पटना में भारत के महान दार्शनिक, शिक्षाविद् एवं पूर्व राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती के अवसर पर शिक्षक दिवस समारोह का आयोजन किया गया। महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. (डॉ.) सीता सिन्हा ने कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कहा कि शिक्षक केवल ज्ञान प्रदान करने वाला व्यक्ति नहीं, बल्कि विद्यार्थियों के व्यक्तित्व, चरित्र एवं भविष्य के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने सभी शिक्षकों को शिक्षक दिवस की शुभकामनाएँ दीं तथा विद्यार्थियों से शिक्षकों के प्रति सम्मान और कृतज्ञता की भावना बनाए रखने का आह्वान किया। इस अवसर पर प्रो. शैलजा सिन्हा, विभागाध्यक्ष, संस्कृत विभाग ने कहा कि छात्रों और शिक्षकों के बीच कर्तव्य परायणता शिक्षा की सफलता का आधार है। शिक्षक निष्ठापूर्वक मार्गदर्शन करें और छात्र अनुशासन, परिश्रम एवं सम्मान से अपने कर्तव्यों का पालन करें। शिक्षकों में डॉ. रवि रंजन प्रसाद, डॉ आशीष कुमार, डॉ रंजन कुमार, डॉ अमर कुमार, डॉ सरिता कुमारी, डॉ निधि सिन्हा, श्रीमती भावना सिंह, डॉ बबलू कुमार, श्री सुबोध चौधरी, डॉ मुकेश कुमार राय, डॉ सुनीता कुमारी, डॉ जया दीक्षित, डॉ अविनाश रंजन, डॉ सुशील कुमार, डॉ चित्रलेखा कुमारी, डॉ कृष्णकांत राय, डॉ हरजीत कुमार, डॉ नवीन कुमार उपस्थित रहें।

## गुरु-शिष्य की विलुप्त होती परंपरा को पुनर्जीवित करने की जरूरत : डॉ. शिवचंद्र सिंह

### जयंती पर पूर्व और पश्चिम के महान शिक्षक डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन को दी गई पुष्पांजलि



**दनियावां/हिलसा/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** शनिवार को स्थानीय श्रीचंद् उदासीन9 महाविद्यालय, हिलसा के सेमिनार हॉल में भारत के पूर्व राष्ट्रपति, भारत रत्न और महान दार्शनिक डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती शिक्षक दिवस के रूप में हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. शिवचंद्र सिंह ने दीप प्रज्वलित कर किया। इसके बाद प्राचार्य, शिक्षकों, कर्मचारियों और छात्र-छात्राओं ने डॉ. राधाकृष्णन के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। अपने संबोधन में प्राचार्य डॉ. शिवचंद्र सिंह ने कहा कि जीवन में पांच गुरु होते हैं। प्रथम गुरु माता, द्वितीय गुरु पिता, तृतीय गुरु प्रकृति, चतुर्थ गुरु मित्र और पंचम गुरु जीवन का अनुभव होता है। उन्होंने शिक्षक शब्द की व्याख्या करते हुए कहा -
शि - शिखर तक ले जाने वाला,
क्ष - क्षमा करने वाला,
क - कमजोरी दूर करने वाला।
अर्थात जो विद्यार्थी की हर गलती को क्षमा करने की भावना रखता हो और उसकी हर कमजोरी को दूर कर उसे सफलता के शिखर तक ले जाए, वही सच्चा शिक्षक है। इस अवसर पर मीडिया प्रभारी और कर्मचारी संघ के अध्यक्ष डॉ. राजीव नयन सिंह ने कहा कि आज के भौतिकवादी युग में गुरु-शिष्य की पवित्र परंपरा विलुप्त होने के कगार पर है। इसे फिर से पुनर्जीवित करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि प्राचीन काल में गुरु अपने शिष्यों को बाग-बगीचों में, प्रकृति के बीच रहकर शिक्षा देते थे। गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर ने भी शांतिनिकेतन के बगीचे में ही अपने विद्यार्थियों को शिक्षा दी थी,क्योंकि वे प्रकृति और बसुंधरा को सबसे पहला व पूजनीय गुरु मानते थे।

## शिक्षिका हत्या कांड: स्कूल के प्रभारी सहित 4 पर प्राथमिकी

### जातिसूचक गाली और गहना लूटने का आरोप

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड शिक्षिका लक्ष्मी कुमारी हत्याकांड में मृतका के पति ने मसौढ़ी थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है। मृतका के पति ज्ञानचंद चौधरी पिता जुदागी चौधरी ग्राम भभौल पिपरा निवासी है जो गया जिला के टेकारी प्रखंड के ग्रामीण कार्य विभाग में कनीय अभियंता के पद पर कार्यरत हैं। दर्ज प्राथमिकी में पति ने बताया कि उनकी पत्नी लक्ष्मी कुमारी (46 वर्ष) उत्क्रमित मध्य विद्यालय शहबाजपुर में प्रखंड शिक्षिका थीं। 1 सितंबर 2026 को उनकी फोन पर बात हुई थी। 2 सितंबर को सुबह 10:30 बजे से फोन करने पर कॉल रिसीव नहीं हुआ। स्कूल के प्रभारी ब्रजेश कुमार को फोन किया तो उन्होंने भी फोन नहीं उठने की बात कही।इसके बाद उन्होंने अपनी बेटी शिखा कुमारी से संपर्क करने को कहा, लेकिन उसकी भी बात नहीं हो पाई। तब बेटे गौरव कुमार को घर भेजा गया। घर का दरवाजा अंदर से बंद था। खटखटाने पर कोई आवाज नहीं आई तो गौरव ने स्थानीय लोगों के सहयोग से चहारदीवारी फांदकर खिड़की का पल्ला तोड़कर देखा तो लक्ष्मी कुमारी बेड पर खून से लथपथ मृत पड़ी थी।

## पुनपुन नदी उफान पर, रेल पुल से सटा बाढ का पानी; डाउन लाइन बंद, 7 ट्रेनें रद्द और 4 डायवर्ट





**मसौढ़ी/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** : पुनपुन नदी 1976 के बाद पहली बार रौद्र रूप में है। लगातार बढ़ते जलस्तर से रेल परिचालन बुरी तरह प्रभावित हुआ है। शुक्रवार रात करीब 8 बजे पुनपुन घाट स्थित रेल पुल संख्या-21 पर नदी का पानी डाउन लाइन ट्रैक ही नहीं, बल्कि पुल के गार्डर से सट गया। सुरक्षा के मद्देनजर PPN-PRBZ सेक्शन की डाउन लाइन को 4 सितंबर रात 8:10 बजे से अगले आदेश तक बंद कर दिया गया है। पुनपुन स्टेशन प्रबंधक संजय गोयल ने बताया कि पानी ट्रैक पर आते ही डाउन लाइन बंद कर दी गई। 22350 वंदे भारत एक्सप्रेस, 12346 जनशताब्दी एक्सप्रेस और 63258 डाउन पैसेंजर सहित कई ट्रेनों को पुनपुन घाट से परसा बाजार तक अप लाइन से चलाया गया। उन्होंने चेतावनी दी कि जलस्तर में 30-40 सेंटीमीटर की और बढ़ोतरी हुई तो अप लाइन भी बंद करनी पड़ सकती है। बाढ़ नियंत्रण विभाग के सहायक अभियंता धर्मेंद्र कुमार के अनुसार पुनपुन नदी का जलस्तर 53.28 मीटर रिकॉर्ड किया गया है, जो 1976 के बाद सबसे अधिक है। क्षतिग्रस्त तटबंधों की मरम्मत युद्धस्तर पर जारी है और आसपास के इलाकों को हाई अलर्ट पर रखा गया है।

### 7 ट्रेनें रद्द, 4 का रूट बदला

नदी के उफान के कारण गया-पटना रेलखंड पर शनिवार 6 सितंबर को चलने वाली 7 मेमू ट्रेनें रद्द कर दी गई हैं- 63242 गया-पटना, 63244 गया-पटना, 63245 पटना-गया, 63247 पटना-गया, 63248 गया-पटना, 63251 पटना-गया और 63256 गया-पटना मेमू। वहीं ब्रिज पर जलस्तर बढ़ने से 5 सितंबर को चलने वाली 4 एक्सप्रेस ट्रेनों को डायवर्ट किया गया है,13329 धनबाद-पटना एक्सप्रेस, गया के बजाय BNF/PMI-TIA-IPR-FUT होते हुए पटना आएगी।,13330 पटना-धनबाद एक्सप्रेस:PNBE-FUT-IPR-TIA-BNF/PMI रूट से चलेगी,15138 बनारस-राजगीर एक्सप्रेस, DDU-गया के बजाय DDU-बक्सर-आरा-पटना रूट से15137 राजगीर-बनारस एक्सप्रेस,पटना-आरा-बक्सर-DDU रूट से चलेगी।

## संक्षिप्त समाचार

### बिहार इंस्टीट्यूट ऑफ लॉ में शिक्षक दिवस समारोह

**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** आज दिनांक 5 सितम्बर 2026 को बिहार इंस्टीट्यूट ऑफ लॉ द्वारा शिक्षक दिवस समारोह धूमधाम से ताराशंकर सभागार में मनाया गया। साथ ही इस अवसर पर संस्थान के लीगल लिटरेसी क्लब



की ओर से विभिन्न जागरूकता बुकलेट का वितरण किया गया। इस उपलक्ष्य पर संस्थान के निदेशक डॉ. अरुण श्रीवास्तव, प्राचार्या डॉ. अमृता, प्रो. इंचार्ज डॉ. फरहत जबीन, स्टाफगण एवं छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया।

### कार से बकरी चोरी कर भाग रहे चार चोर गिरफ्तार

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बाढ़ के बीच इलाके में मवेशी चोरी की घटनाएं बढ़ गई हैं। इसी क्रम में पिपरा पुलिस ने ग्रामीणों के हल्ला पर त्वरित कार्रवाई करते हुए कार से बकरी चोरी कर भाग रहे चार लोगों को खगौल के पास से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके पास से एक स्विफ्ट डिजायर कार और चोरी की एक बकरी बरामद की है।जानकारी के अनुसार बीते देर शाम पुनिया गांव के पास ग्रामीणों ने देखा कि कुछ लोग कार से बकरी चोरी कर भाग रहे हैं। ग्रामीणों के हो-हल्ला पर पिपरा पुलिस दलबल के साथ मौके पर पहुंची और पीछा कर खगौल के पास कार को घेर लिया।गिरफ्तार आरोपियों की पहचान अभिषेक कुमार (25 वर्ष), पिता स्व. भीम यादव, पेशा- वाहन चालक,मो. यासीन अंसारी (25 वर्ष), पिता स्व. मोहम्मद नईम अंसारी, दोनों साकिन- नीमतल्ला रोड, खगौल,. गोलू कुमार (22 वर्ष), पिता अजय प्रसाद, साकिन- नवरत्नपुर मुसहरी,मो. रियाज कुरैशी (38 वर्ष), पिता इदरीश महरूम, साकिन- छोटी खगौल चीकटोली, सभी थाना खगौल के रूप में हुई है।थानाध्यक्ष प्रिंस कुमार ने बताया कि सभी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।



### जनता दरबार कार्यक्रम आयोजित, एक का निष्पादन

**एकमा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** एकमा अंचल कार्यालय में शनिवार को आयोजित साप्ताहिक जनता दरबार में भूमि विवाद से संबंधित मामलों की सुनवाई की गई। अंचलाधिकारी रवि शेखर की अनुपस्थिति में राजस्व पदाधिकारी रामप्रवेश साहू ने फरियादियों की समस्याएं बारी-बारी से सुनीं तथा संबंधित दस्तावेजों व अभिलेखों की जांच की। जनता दरबार में पूर्व में प्राप्त आवेदनों में से एक मामले का निष्पादन किया गया, जबकि शनिवार को दो नया आवेदन प्राप्त हुआ। अधिकारियों ने फरियादियों को मामलों की नियमानुसार जांच कर आवश्यक कार्रवाई का भरोसा दिलाया। अंचलाधिकारी एवं राजस्व पदाधिकारी ने कहा कि भूमि संबंधी विवादों के समाधान के लिए प्रत्येक सप्ताह जनता दरबार आयोजित कर शिकायतों की सुनवाई की जा रही है। उन्होंने फरियादियों से अपील की कि शिकायत के साथ संबंधित आवश्यक दस्तावेज भी प्रस्तुत करें, ताकि मामले की जांच कर नियमानुसार शीघ्र कार्रवाई की जा सके। जनता दरबार में अंचल कार्यालय के कर्मियों के अलावा विभिन्न गांवों से पहुंचे फरियादी, एकमा व रसूलपुर थानों के कर्मी आदि मौजूद रहे।



### नुक्कड़ नाटक से बाल विवाह के खिलाफ अलख

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड के धनरुआ पंचायत अंतर्गत ग्राम डुमरा में बाल विवाह के खिलाफ जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शंकर स्थान जीविका ग्राम संगठन उ-3 के माध्यम से जीविका दीदियों द्वारा नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत कर ग्रामीणों को जागरूक किया गया।कार्यक्रम की अध्यक्षता पंचायत की मुखिया रानी कुमारी ने की। इस दौरान जीविका दीदियों ने प्रभावशाली अभिनय के जरिए बाल विवाह से होने वाले शारीरिक, मानसिक, शैक्षिक और सामाजिक दुष्प्रभावों को जीवंत रूप में दिखाया। उन्होंने बताया कि कम उम्र में शादी होने से बच्चियों के स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ता है, उनकी पढ़ाई छूट जाती है और वे आत्मनिर्भर नहीं बन पाती हैं। यह कानूनन अपराध भी है।इस अवसर पर गांव की सैकड़ों महिलाएं, जीविका दीदियां, बुजुर्ग, युवा, अभिभावक और बच्चे उपस्थित रहे। सभी ने ध्यानपूर्वक नाटक देखा और बाल विवाह जैसी कुप्रथा को जड़ से खत्म करने की शपथ ली।मुखिया रानी कुमारी ने कहा कि बाल विवाह समाज के विकास में सबसे बड़ी बाधा है। हम सभी को मिलकर इसे रोकना होगा। अगर कहीं भी बाल विवाह की सूचना मिलती है तो तुरंत प्रशासन को सूचित करें। अंत में सभी ग्रामीणों ने हाथ उठाकर संकल्प लिया कि न तो अपने परिवार में बाल विवाह करेंगे और न ही कहीं होने देंगे।



### लापता युवक का पेड़ से लटका मिला शव

**पालीगंज(पटना)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** दुल्हिनबाजार थाना क्षेत्र के सोनियावां पंचायत के नरमन डुमरी बधार में शनिवार को एक युवक का शव पेड़ से लटका मिला। शव मिलने की सूचना पर इलाके में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान सब्जपुरा गांव निवासी वीर मांझी के 40 वर्षीय पुत्र नीरज मांझी के रूप में हुई है। परिजनों ने बताया कि नीरज मानसिक रूप से परेशान था और अक्सर घर से निकल जाता था। दो दिन पहले भी वह बिना बताए घर से चला गया था, जिसके बाद परिजन उसकी खोजबीन कर रहे थे। शनिवार सुबह पुलिस ने परिजनों को शव मिलने की सूचना दी। परिजनों ने बताया कि पूर्व में भी वह इस तरह का प्रयास कर चुका था और उसका इलाज कराया गया था। घटना की सूचना पर पालीगंज डीएसपी-2 पंकज शर्मा और दुल्हिनबाजार थानाध्यक्ष विकास कुमार मौके पर पहुंचे। पुलिस ने एफएसएल टीम को भी सूचना दी है। थानाध्यक्ष ने बताया कि परिजनों ने किसी तरह का आरोप नहीं लगाया है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही मौत के कारण और समय की स्थिति स्पष्ट होगी। पुलिस मामले की जांच कर रही है।



### सारण प्रमंडल प्राथमिक शिक्षक संघ की बैठक आज

**छपरा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिहार राज्य प्राथमिक शिक्षक संघ की सारण प्रमंडलीय बैठक का आयोजन 6 सितंबर 2026 यानी रविवार को जिला स्कूल, छपरा में किया जाएगा। बैठक सुबह 11 बजे से शुरू होगी। बैठक में बिहार राज्य प्राथमिक शिक्षक संघ के सम्मानित अध्यक्ष, महासचिव सहित संघ के विभिन्न पदाधिकारी शामिल होंगे। इस दौरान शिक्षकों से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर विचार-विमर्श किए जाने की संभावना है। इस आशय की जानकारी देते हुए सारण जिला प्राथमिक शिक्षक संघ के उप प्रधान सचिव एवं प्रधानाध्यापक मंजीत कुमार तिवारी की ओर से जिले के सभी शिक्षक साथियों एवं शिक्षिका बहनों से बैठक में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की गई है।

### बाढ़ प्रभावित इलाकों में पहुंचीं सिटी एसपी शैलजा

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पुनपुन नदी में आई भीषण बाढ़ को देखते हुए शनिवार को नगर पुलिस अधीक्षक (पूर्वी), पटना शैलजा ने मसौढ़ी अनुमंडल के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सिटी रढ ने बाढ़ की वर्तमान स्थिति, जलस्तर, आवागमन की स्थिति और आम लोगों की समस्याओं की जानकारी ली। उन्होंने बाढ़ पीड़ितों से मिलकर उनकी सुरक्षा और राहत व्यवस्था का जायजा लिया।इस दौरान उन्होंने संबंधित थानाध्यक्षों और पुलिस पदाधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि राहत एवं बचाव कार्य में जिला प्रशासन को पूरा सहयोग करें, पीड़ितों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दें और बाढ़ प्रभावित इलाकों में लगातार गश्ती व निगरानी बनाए रखें ताकि किसी भी अप्रिय घटना को रोका जा सके।

# निरंतर अध्ययन, जिज्ञासा, अनुशासन और कठिन परिश्रम ही सफलता की कुंजी : पुलिस महानिदेशक

**78 वर्षों की यात्रा केवल समय का कालखंड नहीं, बल्कि संकल्प, संघर्ष और बौद्धिक चेतना की गौरवगाथा : कुलपति**





**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** कॉलेज ऑफ कॉमर्स, आर्ट्स एंड साइंस का 78वां स्थापना दिवस समारोह शनिवार को गौरवपूर्ण वातावरण में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. उपेन्द्र प्रसाद सिंह ने की। समारोह के मुख्य अतिथि बिहार के पुलिस महानिदेशक विनय कुमार ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता। निरंतर अध्ययन, जिज्ञासा, अनुशासन और कठिन परिश्रम ही सफलता की कुंजी है। उन्होंने विद्यार्थियों से प्रत्येक क्षण का सदुपयोग करने, नई तकनीक और नवाचार से जुड़े रहने तथा ज्ञान अर्जित करने की निरंतर जिज्ञासा बनाए रखने का आह्वान किया। अपने अध्यक्षीय संबोधन में कुलपति प्रो. उपेन्द्र प्रसाद सिंह ने कहा कि कॉलेज की 78 वर्षों की यात्रा केवल समय का कालखंड नहीं, बल्कि संकल्प, संघर्ष और बौद्धिक चेतना की गौरवगाथा है। उन्होंने कहा कि तकनीक और तेजी से बदलते दौर में विद्यार्थियों को नए ज्ञान एवं तकनीक के साथ संवेदनशील मन, विवेकपूर्ण सोच और मजबूत व्यक्तित्व का निर्माण करना चाहिए। महाविद्यालय की प्रधानाचार्य प्रो. सुनीता राय ने कहा कि पंडित इंदु शेखर झा के प्रयासों से स्थापित यह महाविद्यालय 78 वर्षों की गौरवशाली यात्रा पूरी कर रहा है। इन वर्षों में महाविद्यालय ने अनेक चुनौतियों का सामना करते हुए उच्च शिक्षा के क्षेत्र में अपनी विशिष्ट पहचान बनाई है। उन्होंने महाविद्यालय की शोध उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए कहा कि भौतिकी, भूगोल तथा अन्य विज्ञान विषयों में कई शोध परियोजनाएँ संचालित की जा रही हैं। आइक्यूएसी समन्वयक प्रो. संतोष कुमार ने महाविद्यालय के विकास एवं शोध गतिविधियों पर विस्तार से प्रकाश डाला। समारोह में प्रधानाचार्य प्रो. सुनीता राय द्वारा महाविद्यालय के सेवानिवृत्त शिक्षकों प्रो. आनंद मूर्ति, प्रो. पद्मिनी प्रसाद एवं प्रो. तारिक फातमी तथा एक शिक्षकेतर कर्मचारी को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान अंग्रेजी विभाग की शोध पत्रिका का विमोचन भी किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय की प्रॉक्टर प्रो. कीर्ति, परीक्षा नियंत्रक प्रो. मनोज कुमार, शिक्षक संघ के महासचिव डॉ. अजय कुमार, शोध पत्रिका के संपादक प्रो. कुमार चंद्रदीप तथा शिक्षकेतर कर्मचारी संघ के अध्यक्ष रौशन कुमार सहित बड़ी संख्या में शिक्षक, शोधार्थी, शिक्षकेतर कर्मचारी एवं छात्र-छात्राएँ उपस्थित थे।

# एसएफसी को चावल देने के बाद भी पैक्सों को भुगतान नहीं

**पैक्स अध्यक्षों ने ब्याज से राहत और कमीशन 15 से बढ़ाकर 60 प्रतिशत करने की उठाई मांग**

**पालीगंज (पटना)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पालीगंज अनुमंडल के पैक्स अध्यक्षों की बैठक शनिवार को धरहरा स्थित पम्पम मैरिज हॉल में हुई। बैठक की अध्यक्षता अखितयारपुर पैक्स अध्यक्ष विजय कुमार सिंह ने तथा संचालन विक्रम प्रखंड के कंचनपुर पंचायत के पैक्स अध्यक्ष अरविंद सिंह उर्फ पप्पूजी द्वारा किया गया। बैठक में पैक्स अध्यक्षों ने किसानों से धान खरीद के बाद एसएफसी को चावल उपलब्ध कराने के बावजूद भुगतान नहीं होने पर नाराजगी जताई। पैक्स अध्यक्षों ने कहा कि किसानों से धान खरीदने के लिए पैक्सों को बैंक से ऋण लेना पड़ता है। इसी ऋण से किसानों को धान की राशि का भुगतान किया जाता है। इसके बाद पैक्सों द्वारा धान की कुटाई कराकर चावल एसएफसी बिहटा को उपलब्ध करा दिया गया है। बावजूद एसएफसी को चावल दिए जाने के बाद पैक्सों को उसकी राशि तत्काल मिलनी चाहिए, लेकिन अब तक भुगतान नहीं होने से पैक्स आर्थिक संकट से जूझ रहे हैं। उन्होंने कहा कि धान खरीद के लिए बैंक से लिए गए ऋण पर लगातार ब्याज बढ़ रहा है। जब पैक्स एसएफसी को चावल उपलब्ध करा चुके हैं, तो उसके भुगतान में देरी के कारण लगने वाले ब्याज का बोझ पैक्सों पर नहीं पड़ना चाहिए। पैक्स अध्यक्षों ने सरकार और सहकारिता विभाग से मांग की कि एसएफसी को दिए गए चावल का भुगतान तत्काल किया जाए और भुगतान होने तक ऋण पर लगने वाले ब्याज से पैक्सों को राहत दी जाए। बैठक में पैक्स अध्यक्षों ने धान खरीद के लक्ष्य



पर मिलने वाले कमीशन को बढ़ाने की भी मांग की। उन्होंने कहा कि वर्तमान में पैक्सों को धान खरीद के लक्ष्य पर 15 प्रतिशत कमीशन मिलता है। इसे बढ़ाकर 60 प्रतिशत किया जाना चाहिए, ताकि पैक्सों को धान खरीद और अन्य कार्यों के संचालन में आर्थिक परेशानी का सामना नहीं करना पड़े। पैक्स अध्यक्षों ने कहा कि यदि उनकी मांगों पर शीघ्र विचार नहीं किया गया तो वे आगे सामूहिक रूप से अपनी मांगों को लेकर आवाज उठाएंगे।

# वीपीआरपी का प्रशिक्षण जारी, 2 अक्टूबर से पहले ग्राम सभाओं में योजना प्रस्तुत करने का लक्ष्य

**छपरा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिला कार्यालय के बैठक कक्ष में ग्राम गरीबी उन्मूलन योजना (वीपीआरपी) को लेकर जीविका कर्मियों का चरणबद्ध प्रशिक्षण जारी है। प्रबंधक समाज विकास राकेश कुमार के नेतृत्व में जिले के सभी संबंधित कर्मियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य ग्राम पंचायत विकास योजना के तहत तैयार की जाने वाली ग्राम गरीबी उन्मूलन योजना को समयबद्ध एवं प्रभावी तरीके से तैयार करना है। प्रशिक्षण में जिला स्तर के सभी प्रबंधक, युवा पेशेवर, प्रशिक्षण अधिकारी, संकुल संघ के एंकर पर्सन, प्रखंड परियोजना प्रबंधक, सामुदायिक समन्वयक, क्षेत्रीय समन्वयक, कार्यालय सहायक, लेखपाल, ब्लॉक आईटी एग्जीक्यूटिव एवं एमआईएस एग्जीक्यूटिव चरणवार शामिल हो रहे हैं। प्रशिक्षण के दौरान कर्मियों को समूह स्तर पर हकदारी योजना एवं आजीविका योजना तैयार करने के साथ-साथ ग्राम संगठन एवं ग्राम स्तर पर सार्वजनिक वस्तुओं, सेवाओं, संसाधन विकास तथा सामाजिक मुद्दों से जुड़ी योजनाओं के निर्माण की प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी जा रही है। जिला परियोजना प्रबंधक अरुण कुमार ने बताया कि प्रशिक्षण चरणबद्ध तरीके से कराया जा रहा है, ताकि जिले का कोई भी संबंधित कर्मी प्रशिक्षण से वंचित न रहे। उन्होंने कहा कि ग्राम गरीबी उन्मूलन योजना के समयबद्ध क्रियान्वयन के लिए सभी संबंधित प्रबंधकों के सहयोग से कार्य किया जा रहा है। लक्ष्य है कि 2 अक्टूबर 2026 से पहले ग्राम गरीबी उन्मूलन योजना को ग्राम सभा में प्रस्तुत कर ग्राम पंचायत विकास योजना में एकीकृत किया जाए।



# शिक्षक दिवस पर एकमा क्षेत्र में विभिन्न शिक्षण संस्थानों में हुए विविध कार्यक्रम, कुछ निजी विद्यालयों में विद्यार्थियों ने निभाई गुरु की भूमिका






**एकमा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** एकमा नगर पंचायत एकमा बाजार सहित प्रखंड क्षेत्र व आसपास के विभिन्न सरकारी व निजी शिक्षण संस्थानों में शनिवार को शिक्षक दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। विद्यार्थियों ने केक काटकर, मिठाई बांटकर एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर अपने गुरुजनों के प्रति सम्मान एवं आभार व्यक्त किया। गौसपुर स्थित उत्क्रमित मध्य एवं उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में एचएम मंजीत कुमार तिवारी तथा उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय में प्रधानाध्यापक तौकीर अंसारी की अध्यक्षता में पूर्व राष्ट्रपति एवं प्रख्यात शिक्षाविद् डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर आयोजित विचार गोष्ठी में शिक्षकों ने उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला। छात्र-छात्राओं ने केक काटकर शिक्षक दिवस मनाया तथा शिक्षकों को उपहार भेंट किए। कार्यक्रम में शिक्षक कमल कुमार सिंह, दिग्विजय गुप्ता, योगेश कुमार सिंह, छविनाथ मांझी, अंजू कुमारी, सोनाली नंदा, अर्किता कुशवाहा, राज मोहम्मद अंसारी, रंजीत कुमार प्रसाद, ओमप्रकाश सिंह, सुशील यादव, अनीता कुमारी सहित अन्य शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं विद्यार्थी मौजूद रहे।

**सीनियर विद्यार्थियों ने जूनियर कक्षा के छात्रों को पढाया:**

नचाप स्थित रिद्धि सिद्धि सेंट्रल स्कूल में शिक्षक दिवस पर बौद्धिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। सीनियर कक्षाओं के छात्र-छात्राओं को जूनियर कक्षाओं में शिक्षक की भूमिका निभाने का अवसर दिया गया। विद्यार्थियों ने शिक्षक की जिम्मेदारी निभाते हुए जूनियर छात्रों को पढ़ाया। स्कूल के चेयरमैन परमेश्वर सिंह, निदेशक राकेश कुमार सिंह, संयुक्त निदेशक मुकेश कुमार सिंह, प्राचार्य दशरथ साह, संतोष कुमार सिंह एवं अरविंद कुमार श्रीवास्तव ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करने और शिक्षक की भूमिका निभाने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया। विद्यार्थियों ने भी अपने गुरुजनों को उपहार भेंट कर सम्मान व्यक्त किया।

**इन स्थानों पर भी हुए आयोजनः**

शिक्षक दिवस के अवसर पर रामाधार सिंह बीएड कॉलेज आमडाढ़ी, कन्या मध्य विद्यालय एकमा, अलख नारायण सिंह उच्च विद्यालय एकमा, गुरुकुल पब्लिक स्कूल एकमा, यमुना सिंह महाविद्यालय एकमा, उत्क्रमित मध्य विद्यालय टोला डोमन राय, उत्क्रमित मध्य विद्यालय रीठ, हुसेपुर, मध्य विद्यालय हंसराजपुर, प्राथमिक विद्यालय पांडेय छपरा, मध्य विद्यालय आमडाढ़ी, उत्क्रमित मध्य एवं उच्च माध्यमिक विद्यालय लाकठ छपरा, कन्या प्राथमिक विद्यालय कर्णपुरा, पीएस नवतन कोईरी टोला, एनपीएस पचरुखिया, रामपुर मठिया, मध्य विद्यालय रामपुर, प्राथमिक विद्यालय राजापुर, उच्च विद्यालय योगियां, बेसिक स्कूल रसूलपुर, हिंदी मध्य सह उच्च माध्यमिक विद्यालय परसागढ़ एवं अंबिका दादा उच्च विद्यालय छित्रवलिया, उच्च माध्यमिक विद्यालय नवादा सहित अन्य शिक्षण संस्थानों में भी विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए।

# अर्पण जीविका महिला विकास स्वावलंबी सहकारी समिति की वार्षिक आमसभा संपन्न

**छपरा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिले के पानापुर प्रखंड परियोजना क्रियान्वयन इकाई (जीविका), पानापुर द्वारा संपोषित अर्पण जीविका महिला विकास स्वावलंबी सहकारी समिति की वार्षिक आमसभा पंचायत सरकार भवन, भोरहा के सभागार में आयोजित की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता सीएलएफ अध्यक्ष मीना देवी ने की। आमसभा का उद्घाटन अध्यक्ष मीना देवी, प्रखंड परियोजना प्रबंधक आमोद कुमार शर्मा, सचिव पूजा देवी एवं कोषाध्यक्ष गीता देवी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। आमसभा में बसहियां, भोरह एवं कोंध संकुल संघ से जुड़े विभिन्न ग्राम संगठनों और स्वयं सहायता समूहों की सैकड़ों जीविका दीदियों, सामुदायिक कैडरों एवं परियोजना कर्मियों ने भाग लिया। सभा के प्रारंभ में सीएलएफ सचिव पूजा देवी ने वित्तीय वर्ष 2025-26 की प्रमुख उपलब्धियों, आय-व्यय एवं ऑडिट रिपोर्ट का विस्तृत ब्योरा प्रस्तुत किया। अध्यक्षीय संबोधन में मीना देवी ने वित्तीय वर्ष 2026-27 के प्राथमिक लक्ष्यों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि अर्पण सीएलएफ का मुख्य उद्देश्य प्रत्येक गरीब एवं वंचित परिवार को आत्मनिर्भरता की मुख्यधारा से जोड़ना है। आगामी वर्ष में किसी भी जरूरतमंद दीदी को आजीविका के साधन से वंचित नहीं रहने देने, समूहों एवं ग्राम संगठनों के लेन-देन को समयबद्ध तरीके से डिजिटल प्लेटफॉर्म पर दर्ज करने तथा शत-प्रतिशत पारदर्शिता सुनिश्चित करने पर जोर दिया जाएगा। इसके अलावा स्वास्थ्य, पोषण, स्वच्छता, सरकारी बीमा एवं जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रत्येक परिवार तक पहुंचाना प्राथमिकता होगी। प्रखंड परियोजना प्रबंधक आमोद कुमार शर्मा ने कहा कि सीएलएफ ग्रामीण परिवर्तन और महिला नेतृत्व की सशक्त मिसाल बन चुका है। वित्तीय वर्ष 2025-26 में समूहों द्वारा वित्तीय अनुशासन, नियमित बचत एवं समय पर ऋण वापसी का बेहतर उदाहरण प्रस्तुत किया गया है। जीविका दीदियां बैंक लिंकेज एवं सीएलएफ की वित्तीय सहायता से डेयरी, उन्नत खेती और लघु उद्यम संचालित कर परिवार की आर्थिक स्थिति मजबूत कर रही हैं। उन्होंने कहा कि जीविका से जुड़ी महिलाएं अब पारंपरिक सीमाओं को तोड़कर आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बन रही हैं और समाज में अपनी अलग पहचान स्थापित कर रही हैं। समारोह के दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाले ग्राम संगठनों एवं सक्रिय सदस्यों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को प्रमोद कुमार, राज श्री, मान्यता कुमारी, अभिषेक कुमार, मुन्ना कुमार, रानावती देवी, सरिता देवी, चन्द्रदीप कुमार, कुन्दन कुमार एवं सुषमा कुमारी ने भी संबोधित किया। अंत में सीएलएफ कोषाध्यक्ष गीता देवी ने अतिथियों, जीविका दीदियों एवं परियोजना कर्मियों के प्रति आभार व्यक्त किया।




# जिलाधिकारी सौरभ सुमन की अध्यक्षता में शिक्षक दिवस समारोह का भव्य आयोजन

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** शिक्षक दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी, पूर्वी चम्पारण की अध्यक्षता में जिला स्तरीय शिक्षक दिवस समारोह का आयोजन महात्मा गांधी प्रेक्षा गृह, मोतिहारी में विधिवत रूप से किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिलाधिकारी, जिला सहायक समाहर्ता एवं जिला शिक्षा पदाधिकारी के संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलन एवं भारत के पूर्व राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र पर माल्यार्पण के साथ किया गया।इस अवसर पर जिलाधिकारी महोदय ने सभी शिक्षकों को शिक्षक दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षक ही समाज के वास्तविक निमार्ता हैं। शिक्षकों के सम्मान और शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने मंच से अपने शिक्षकों को याद किया, साथ ही हिंदी एवं अंग्रेजी के अपने शिक्षकों के प्रति कृतज्ञता प्रकट किया। उन्होंने जिले के उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों, पी बी एल में शानदार प्रदर्शन करने वाले शिक्षकों, एफ एल एन में बेहतर कार्य करने वाले कुल 74शिक्षकों को प्रशस्ति पत्र, अंगवस्त्र एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया। समारोह में जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी सहित जिले के सैकड़ों सेवानिवृत्त एवं कार्यरत शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित थे।



# सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र एकमा में शुद्ध पेयजल का संकट, मरीज व तीमारदार परेशान

**छपरा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सारण जिले के एकमा प्रखंड मुख्यालय स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र एकमा में इन दिनों शुद्ध पेयजल का गंभीर संकट बना हुआ है। अस्पताल में आने वाले मरीजों, गर्भवती महिलाओं, उनके परिजनों, चिकित्सकों, स्वास्थ्य कर्मियों और अन्य लोगों को पीने के पानी के लिए इधर-उधर भटकना पड़ रहा है। अस्पताल परिसर में पेयजल की समुचित व्यवस्था नहीं होने से मरीजों और परिजनों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। अस्पताल परिसर के बाहर मुख्य गेट के समीप इंडिया मार्का हैंडपंप लगा हुआ है, लेकिन स्थानीय लोगों के अनुसार उससे निकलने वाला पानी अत्यधिक आयरनयुक्त है। बताया जाता है कि हैंडपंप से पानी निकालकर करीब आधे घंटे से एक घंटे तक रखने पर उसका रंग बदलने लगता है। पानी के रंग में बदलाव आने के बाद वह पीने योग्य नहीं रह जाता। लोगों का कहना है कि यह पानी अशुद्ध है और इसका नियमित सेवन स्वास्थ्य के लिए गंभीर रूप से नुकसानदायक हो सकता है। मरीजों और तीमारदारों का कहना है कि अस्पताल प्रशासन द्वारा शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से अस्पताल परिसर के अंदर आधुनिक तकनीक वाला आरओ प्लांट लगाया गया है। लेकिन यह आरओ प्लांट करीब एक पखवाड़ा से खराब पड़ा हुआ है। इसके कारण मरीजों, उनके परिजनों, अस्पताल प्रशासन के अधिकारियों, डॉक्टरों और स्वास्थ्य कर्मियों को भी बाजार से महंगे दामों पर बोतलबंद पानी खरीदकर पीने को विवश होना पड़ रहा है। अस्पताल में इलाज कराने आने वाले मरीजों के साथ रहने वाले परिजनों को पीने के पानी के लिए इधर-उधर भटकना पड़ रहा है। कई लोग बाजार से बोतलबंद पानी खरीदने को मजबूर हैं, जबकि आर्थिक रूप से कमजोर मरीजों के परिजनों के लिए यह अतिरिक्त खर्च परेशानी का कारण बन रहा है। गर्भवती महिलाओं और प्रसव के लिए आने वाली महिलाओं के परिजनों को भी पानी की व्यवस्था करने में काफी परेशानी उठानी पड़ रही है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि खराब पड़े वॉटर प्यूरीफायर यानी आरओ प्लांट की मरम्मत की दिशा में अस्पताल प्रशासन और विभागीय अधिकारी उदासीन बने हुए हैं। लंबे समय से प्लांट खराब रहने के बावजूद इसकी मरम्मत नहीं कराई गई है। इससे अस्पताल में आने वाले लोगों को मजबूरी में असुरक्षित हैंडपंप का पानी इस्तेमाल करना पड़ रहा है या फिर बाजार से पानी खरीदना पड़ रहा है। उल्लेखनीय है कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र एकमा में ओपीडी के अलावा 24 घंटे इमरजेंसी सेवा और 24 घंटे प्रसव की सुविधा विभाग की ओर से उपलब्ध कराई गई है। ऐसे में अस्पताल में दिन-रात मरीजों और उनके परिजनों की आवाजाही रहती है। प्रसव के लिए आने वाली गर्भवती महिलाओं, इमरजेंसी मरीजों और उनके साथ रहने वाले परिजनों को पीने के पानी के लिए इधर-उधर भटकना पड़ रहा है। बाजार से महंगे दामों पर पानी खरीदकर पीना उनकी मजबूरी बन गई है। मरीजों और तीमारदारों का कहना है कि अस्पताल जैसे महत्वपूर्ण स्थान पर शुद्ध पेयजल की व्यवस्था हर समय उपलब्ध रहनी चाहिए। लेकिन लंबे समय से यहां पीने के पानी की समस्या बनी हुई है। इससे अस्पताल में भर्ती मरीजों के साथ-साथ ओपीडी में आने वाले लोगों को भी परेशानी हो रही है। आमडाढी पंचायत के पूर्व मुखिया ओम प्रकाश सिंह ने बताया कि विशेषज्ञों का कहना है कि दूषित या आर्सेनिकयुक्त पानी के सेवन से संक्रमण, पेट संबंधी बीमारी और अन्य स्वास्थ्य समस्याओं का खतरा भी बना हुआ रहता है।





## एक नजर

### कृष्ण भक्तों ने फोड़ी मटकी, गूंजे 'जय गोविंदा' के जयकारे

**हरनौत**। प्रखंड क्षेत्र में शुक्रवार की रात जन्माष्टमी का पर्व श्रद्धा, उल्लास और भक्तिभाव के साथ मनाया गया। चेरो बाजार, हरनौत बाजार के चंडी रोड, नेहुसा गांव स्थित श्रीराम-जानकी मंदिर, मुढ़ारी समेत विभिन्न स्थानों पर श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। मंदिरों को रंग-बिरंगी रोशनी, फूलों और आकर्षक सजावट से सजाया गया था।रात 12 बजे भगवान श्रीकृष्ण के जन्म के समय मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना, आरती और हरिनाम संकीर्तन हुआ। शंख, घंटियों और जयकारों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। श्रद्धालुओं ने भगवान के दर्शन कर सुख-शांति एवं समृद्धि की कामना की। इसके बाद प्रसाद का वितरण किया गया। मुढ़ारी और चेरो बाजार सहित कई जगहों पर युवाओं ने दही-मटकी फोड़ कार्यक्रम आयोजित किया। पानी के फव्वारों के बीच युवाओं ने मानव पिरामिड बनाकर मटकी फोड़ी। मटकी फूटते ही 'जय गोविंदा' और 'जय श्रीकृष्ण' के जयकारे गूंजने लगे।हरनौत नगर पंचायत के पोरई, सबनहुआडीह, बस्ती, चेरन, चेरो पंचायत के खरूआरा, नेहुसा बिगहा, बराह और मुसहरी सहित विभिन्न गांवों में भी घरों में बाल गोपाल का अभिषेक कर पूजा की गई। बच्चों ने राधा-कृष्ण का रूप धारण किया। आयोजन को सफल बनाने में जीतेंद्र कुमार सहित स्थानीय युवाओं, श्रद्धालुओं और आयोजन समिति के सदस्यों ने सहयोग किया। सुरक्षा को लेकर पुलिस-प्रशासन भी मुस्तैद रहा।

### जन्माष्टमी महोत्सव में गूंजे श्रीकृष्ण के जयकारे, सांस्कृतिक कार्यक्रम ने बांधा समां

**इस्लामपुर**। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के शुभ अवसर पर श्रीकृष्ण चेतना सेवा समिति के तत्वावधान में इसलामपुर के बुढ़ानगर स्थित सूर्य मंदिर परिसर में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव श्रद्धा एवं भक्ति के साथ धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन दीप प्रज्वलित कर मनेर विधायक भाई वीरेंद्र, जहानाबाद विधायक राहुल शर्मा एवं इसलामपुर विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक राकेश कुमार रौशन ने संयुक्त रूप से किया। उपस्थित श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए विधायक भाई वीरेंद्र ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण की लीला अपरंपार है। धार्मिक आयोजनों से समाज में आपसी प्रेम, भाईचारा और सद्भाव मजबूत होता है। जहानार्बाद विधायक राहुल शर्मा ने जन्माष्टमी की शुभकामनाएं देते हुए श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का वर्णन किया। मखदुमपुर के पूर्व विधायक सतीश दास ने भी श्रीकृष्ण के जीवन एवं आदर्शों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व विधायक राकेश कुमार रौशन ने की, जबकि संचालन युगेश्वर सिंह ने किया। मौके पर रिंकू देवी, श्रीनिवास शर्मा, अनिल प्रसाद, मंजू रौशन, उपेंद्र यादव, राजनंदन यादव उर्फ बब्लू, रंजीत यादव, उमेश पासवान, मिथलेश यादव सहित कई लोग मौजूद थे।

### केशहर नदी पर बनेगा पुल, लोगों में हर्ष



**मदनपुर**। मदनपुर प्रखंड के शिवगंज स्थित गैवालगंज के समीप केशहर नदी पर पुल निर्माण कराने के लिए पूर्व विधायक मो नेहालुद्दीन द्वारा दो वर्ष पूर्व अनुशंसा किया गया था जिसके आलोक में औरंगाबाद आरडब्ल्यू डी के सहायक अभियंता सोनू कुमार व कनीय अभियंता जगनारायण कुमार के द्वारा स्थल निरीक्षण किया गया। संवेदक को आदेश दिया गया की जल्द से जल्द गैवालगंज, शिवगंज केशहर नदी पर पुल का निर्माण किया जाए। इसके लिए ग्रामीणों मे खुशी की लहर हैं। पूर्व विधायक मो. नेहलुद्दीन के प्रति आभार जताया और बधाई दिए। राजद वरीय नेता रामेश्वर कुमार रौशन, पूर्व मुखिया प्रतिनिधि रामसुंदर यादव उर्फ लंबु यादव, सोनु कुमार यादव उर्फ मुखिया, रामकुमार यादव सहित अन्य लोग शामिल थे।

# इस्कॉन औरंगाबाद में भव्य रूप से संपन्न हुआ तीन दिवसीय श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद**। इस्कॉन औरंगाबाद में आयोजित तीन दिवसीय श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव का शनिवार को नंदोत्सव एवं विशाल निःशुल्क भंडारा प्रसाद के साथ भव्य समापन हुआ। 3 से 5 सितंबर तक चले महोत्सव में लगभग 15 से 20 हजार श्रद्धालुओं ने भगवान श्रीकृष्ण के दर्शन और विभिन्न कार्यक्रमों का लाभ लिया। जन्माष्टमी के मुख्य दिवस 4 सितंबर को सुबह से देर रात तक मंदिर परिसर में भक्तों की भीड़ बनी रही। महोत्सव में भगवान श्रीकृष्ण का महाभिषेक, हरिनाम संकीर्तन, सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, आध्यात्मिक प्रतियोगिताएं, झूलन सेवा, छप्पन भोग, महाआरती एवं मटकी फोड़ कार्यक्रम आयोजित किए गए। भव्य महाभिषेक में लगभग 500 श्रद्धालु शामिल हुए, जबकि करीब 50 श्रद्धालुओं ने कलश अभिषेक किया। इस्कॉन के गर्ल्स फोरम एवं यूथ फोरम द्वारा श्रीकृष्ण जन्म और भक्तों की रक्षा पर आधारित नाट्य प्रस्तुतियां दी गईं। गायन, चित्रकला, हस्तकला एवं बाल रूप-सज्जा प्रतियोगिताओं में बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। "सीधी बात प्रभुजी के साथ" कार्यक्रम में भक्तों ने आध्यात्मिक जीवन एवं दैनिक जीवन से जुड़े प्रश्न पूछे, जिनका प्रभुजी ने समाधान किया। महोत्सव में प्रस्तावित इस्कॉन मंदिर का भव्य थ्रीडी मॉडल श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण रहा। मंदिर की परिकल्पना देखकर लोगों ने निर्माण में सहयोग का संकल्प लिया। मंदिर के जमीन दानकर्ता एवं संरक्षक राजीव कुमार गुप्ता ने अगले दो से तीन वर्षों में मंदिर निर्माण पूरा कराने का संकल्प दोहराया। महोत्सव में औरंगाबाद के पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह एवं विधायक त्रिविक्रम नारायण सिंह ने भगवान के दर्शन किए। पूर्व सांसद ने आरती उतारी और आगामी भूमि पूजन कार्यक्रम में शामिल होने की इच्छा व्यक्त की। 5 सितंबर को नंदोत्सव एवं इस्कॉन के संस्थापक आचार्य श्रील प्रभुपाद जी का आविर्भाव दिवस श्रद्धा के साथ मनाया गया। भक्तों ने छप्पन भोग अर्पित किया और विशेष कीर्तन का आयोजन हुआ। दोपहर 12 बजे से शाम 5 बजे तक आयोजित निःशुल्क भंडारे में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं एवं आम नागरिकों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस्कॉन औरंगाबाद के अध्यक्ष अभय अच्युत दास ने कहा कि जन्माष्टमी भगवान श्रीकृष्ण के साथ अपने संबंध को और गहरा करने का अवसर है। उन्होंने बताया कि संस्था में प्रत्येक रविवार को सभी वर्गों के लोगों के लिए आध्यात्मिक प्रशिक्षण दिया जाता है। जनसंपर्क प्रमुख युगनायक दास ने आयोजन को औरंगाबाद का अब तक का सबसे बड़ा जन्माष्टमी महोत्सव बताते हुए प्रशासन, पुलिस, स्वयंसेवकों, भक्तों एवं शहरवासियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

## पेंशनर समाज ने मनाया जन्माष्टमी और शिक्षक दिवस



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद**। देव प्रखंड के एक निजी रिसोर्ट में पेंशनर समाज के द्वारा शनिवार को कृष्ण जन्माष्टमी समारोह एवं पूर्व राष्ट्रपति डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन शिक्षक दिवस मनाया गया जिसमें सैकड़ों शिक्षकों और बुद्धजीवियों ने भाग लिया। इस दौरान पेंशनरों ने भगवान श्रीकृष्ण की जन्म और उपदेश पर प्रकाश डाला गया। वहीं डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्म दिवस पर शिक्षक दिवस मनाया जाता है। इस पर भी विस्तार से प्रकाश डाला गया। इस कार्यक्रम में मुख्य वक्ता मथुरा सिंह, अशोक सिंह, अजय कुमार, श्यामता प्रसाद यादव एवं रामनारायण सिंह ने अपने वक्तव्य दिए। मुख्य अतिथि मथुरा सिंह ने बताया कि पूर्व राष्ट्रपति डॉ सर्वपल्ली राधा कृष्णन का जीवन भारतीय शिक्षा, संस्कृति और मानवीय मूल्यों का प्रेरणास्रोत है। उनका व्यक्तित्व एवं कृतित्व आज भी शिक्षकों और विद्यार्थियों को प्रेरित करता है। इस दौरान पेंशनर्स समाज के अध्यक्ष विरेन्द्र सिंह, शिक्षक अशोक सिंह, नवल सिंह, अजय पाठक, राजेंद्र प्रसाद, सूर्यदेव यादव, रामचन्द्र यादव, उद्देश्य राम, रामनारायण सिंह, रामनारायण भगत, गायत्री परिवार सेवा निवृत्त लिपिक वक्ताओं ने डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जीवन पर प्रकाश डाला गया। सर्व प्रथम पूर्व राष्ट्रपति के स्मृति चिन्ह पर श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मथुरा सिंह एवं संचलन रामचन्द्र चौरसिया ने किया।

## शिक्षक सम्मान समारोह में शिक्षकों को किया गया सम्मानित, कई गणमान्य शामिल



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)**। शिक्षक दिवस पर रफीगंज के श्रीनगर, महादेव घाट स्थित कारगिल गैस एजेंसी के समीप एलआइसी अभिकर्ता संजय कुमार शर्मा के आवास पर 'शिक्षकों का सम्मान समारोह' आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में शिक्षक एवं गणमान्य लोग शामिल हुए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि इंडिया नंबर-1 डेवलपमेंट ऑफिसर संजय कुमार सिंह रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता एवं संचालन जीवन बीमा निगम के अभिकर्ता संजय कुमार शर्मा ने किया। इस दौरान उपस्थित शिक्षकों एवं पदाधिकारियों को माला पहनाकर तथा अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि शिक्षक समाज के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। शिक्षक विद्यार्थियों को शिक्षा देने के साथ-साथ उन्हें संस्कार, अनुशासन और बेहतर नागरिक बनने की दिशा में मार्गदर्शन करते हैं। शिक्षक दिवस प्रत्येक वर्ष 5 सितंबर को पूर्व राष्ट्रपति एवं महान शिक्षाविद् डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती के अवसर पर मनाया जाता है। समारोह में मंजू कुमारी, उपेंद्र कुमार केशरी, प्रवीण कुमार सुमन, रामाशीष प्रसाद, सियाराम यादव, सुनील कुमार रंजन, ओमप्रकाश कुमार, जितेंद्र कुमार दास सहित अन्य शिक्षक एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## संजय सिंह यादव महाविद्यालय में शिक्षक दिवस समारोह का आयोजन



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)**। संजय सिंह यादव महाविद्यालयमें महान शिक्षाविद्, दार्शनिक एवं भारत के पूर्व राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती के अवसर पर शिक्षक दिवस समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के अध्यक्ष प्रो. डॉ. संजय सिंह यादव एवं प्राचार्य डॉ. विनोद कुमार मिश्र ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर एवं डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र पर श्रद्धा-सुमन अर्पित कर किया।

इस अवसर पर महाविद्यालय के अध्यक्ष प्रो. डॉ. संजय सिंह यादव ने कहा कि डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन का मानना था कि शिक्षा का उद्देश्य केवल रोजगार प्राप्त करना नहीं, बल्कि व्यक्ति के चरित्र का निर्माण एवं उसके सर्वांगीण विकास को सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा कि एक शिक्षक समाज और राष्ट्र के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. विनोद कुमार मिश्र ने महत्वपूर्ण विचारों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि डॉ. राधाकृष्णन के विचार आज भी विद्यार्थियों और शिक्षकों के लिए प्रेरणास्रोत हैं।

कार्यक्रम में मो० गुड्डू, स्वीकांत कुमार, कुंदन कुमार, ओमप्रकाश कुमार, मोहम्मद इजार, दिलकेश्वर कुमार, शालू कुमारी, शोभा कुमारी, नीतू कुमारी, शालू वर्मा, अनूपा कुमारी, गौतम यादव, पवन कुमार, सचिन कुमार, अभिमन्यु कुमार, हिमांशु कुमार सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के दौरान शिक्षकों ने विद्यार्थियों को शिक्षक दिवस की महत्ता बताते हुए शिक्षा, संस्कार, अनुशासन और चरित्र निर्माण के महत्व पर प्रकाश डाला। पूरे कार्यक्रम का वातावरण श्रद्धा, सम्मान और उत्साह से भरा रहा।

# शिक्षक दिवस पर शिक्षकों को किया गया सम्मानित





**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दाउदनगर (औरंगाबाद)**। शिक्षक दिवस पर अनुमण्डल मुख्यालय स्थित विभिन्न शिक्षण संस्थानों में सांस्कृतिक व शिक्षकों के लिए सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। चावल बाजार स्थित विवेकानंद चाइल्ड गाइडेंस सेंटर में उद्घाटन संस्थापक निदेशक डॉ. शम्भू शरण सिंह, वरिष्ठ लेखक व पत्रकार उपेंद्र कश्यप, मुन्ना अजीज, डिप्टी डायरेक्टर अद्यन्त वत्स व डिप्टी डायरेक्टर सह काउंसलर अद्या वत्स, अवधेश पांडेय ने किया। प्राचार्य एसके श्रीवास्तव, शिक्षिका श्रुति पांडेय व अन्य ने कार्यक्रम का नेतृत्व किया। डॉ. सिंह ने शिक्षा, शिक्षक व शिक्षण संस्थान की भूमिका पर अपनी बात रखी। नवज्योति शिक्षा निकेतन में बीडीओ मो.जफर इमाम, निदेशक नीरज गुप्ता, सचिव सोनम गुप्ता, देवदत्त पाठक, आलोक टंडन ने कार्यक्रम को संबोधित किया। संचालन छात्रा स्वर्णा गुप्ता, छोटी कुमारी व अनूपा कुमारी तथा दीपक कुमार ने किया। मौलाबाग स्थित आर्यभट्ट स्टडी इंस्टीट्यूट में डॉ. संजय सिंह के निर्देशन में कार्यक्रम हुआ। पूर्व कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष राजेश्वर सिंह, राजद प्रखंड अध्यक्ष देवेंद्र सिंह, कांग्रेस प्रखंड प्रवक्ता युवराज पाण्डेय, आर.पी. सिंह, संजय सिन्हा, संजय कुमार सिंह, कमाल खान,अवकाश प्राप्त शिक्षक उमा शर्मा, मृत्युंजय सिंह, शैलेंद्र सिंह, उपस्थित रहे। भखरुआं स्थित लिटिल एंजल्स इंटरनेशनल स्कूल में निदेशक डॉ.विकास कुमार एवं मोहन शास्त्री के निर्देशन में सांस्कृतिक कार्यक्रम हुआ। बैजनाथ सिंह पूर्व प्रधानाध्यापक, डॉ. गौरी शंकर पूर्व प्रधानाध्यापक, शशि भूषण सिंह मुखिया तरार, पीएचसी प्रभारी डॉ. अनमोल कुमार, डॉ. मधुमिता शर्मा, मुखिया प्रतिनिधि नागेंद्र सिंह, उपस्थित रहे। एसएस ग्लोबल पब्लिक स्कूल में शम्भू शरण सिंह व ई.मनीष कुमार की देखरेख में कार्यक्रम हुआ। सूर्यदयाल सिंह, संजय कुमार, इमानुल हक, चंद्रशेखर कुमार उपस्थित रहे। सभी शिक्षण संस्थानों में वहां कार्यरत शिक्षकों को सम्मानित किया गया। अतिथियों को सम्मानित किया गया। चुनिंदा अतिथियों को संबोधन का अवसर मिला। प्रायः वक्ताओं ने सर्वपल्ली राधा कृष्णन के व्यक्तित्व व कृतित्व पर प्रकाश डाला।

## शिक्षक दिवस पर चरकावां निचली डीह में गूंजा सांस्कृतिक रंग, विधायक प्रमोद कुमार सिंह ने किया उद्घाटन



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)**। चरकावां निचली डीह के साइंटिस्ट इंटरनेशनल स्कूल में शिक्षक दिवस के अवसर पर भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि विधायक प्रमोद कुमार सिंह समेत अन्य अतिथियों ने दीप प्रज्वलित एवं केक काटकर किया। यह आयोजन महान शिक्षाविद् एवं देश के पूर्व राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती के अवसर पर आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विधायक प्रतिनिधि भोला चौधरी, सरपंच दयानंद प्रसाद दांगी, लोजपा प्रखंड अध्यक्ष राजेश कुमार पासवान, विधायक प्रतिनिधि सुनील कुमार सिंह, पूर्व जदयू प्रखंड अध्यक्ष अर्जुन सिंह, जदयू प्रखंड अध्यक्ष मधुकर लाल कुशवाहा, विनय कुमार सिंह एवं विद्यालय के प्रिंसिपल अमित कुमार सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। विद्यालय परिवार की ओर से मुख्य अतिथि विधायक प्रमोद कुमार सिंह का अंगवस्त्र, माला एवं गुलदस्ता भेंटकर गर्मजोशी से स्वागत किया गया। इस अवसर पर विधायक प्रमोद कुमार सिंह ने सभी शिक्षकों को शिक्षक दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि शिक्षक हमारे जीवन के सबसे मजबूत स्तंभ होते हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षक केवल किताबों का ज्ञान ही नहीं देते, बल्कि बच्चों को अनुशासन, संस्कार, सभ्यता और जीवन में आगे बढ़ने की सीख भी देते हैं। उन्होंने कहा कि किसी भी सफल व्यक्ति के जीवन में शिक्षक की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण होती है। विधायक ने कहा कि शिक्षक समाज और राष्ट्र के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने औरंगाबाद जिले, बिहार एवं पूरे देश के सभी शिक्षकों को शिक्षक दिवस की हार्दिक बधाई एवं अभिनंदन किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने विभिन्न प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया, जिसे उपस्थित लोगों ने खूब सराहा। विधायक ने छात्राओं को सम्मानित किया। कार्यक्रम में विकास यादव, अशोक मेहता, सुधीर कुमार चंद्रवंशी, शिक्षक अभिषेक कुमार, संजीत कुमार, राहुल कुमार, नवजीत कुमार, शिक्षिका कुसुम कुमारी कुमकुम कुमारी, कोमल कुमारी, खुशबू कुमारी, सपना कुमारी सहित अन्य शिक्षक, अभिभावक एवं सैकड़ों छात्र-छात्राएं उपस्थित रहें।

### अधिक मूल्य पर खाद बेचने का आरोप, दुकानदार से मांगा गया स्पष्टीकरण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज**। शहर के सरकारी अस्पताल पथ, थाना के समीप स्थित गणेश ट्रेडर्स पर निर्धारित मूल्य से अधिक कीमत पर खाद बेचने का आरोप लगा है। कासमा थाना क्षेत्र के धमनी गांव निवासी किसान लुटन सिंह ने इस संबंध में प्रखंड कृषि पदाधिकारी से शिकायत की है। किसान ने आवेदन में बताया कि 1 सितंबर 2026 को उन्होंने दुकान से यूरिया की सात बोरी और एनपीके 10:26:26 की छह बोरी खाद खरीदी। आरोप है कि दुकानदार ने यूरिया के लिए 330 प्रति बोरी और एनपीके के लिए 2,100 प्रति बोरी की मांग की, जो निर्धारित मूल्य से अधिक है। किसान ने भुगतान फोन के माध्यम से करने के बाद कृषि विभाग में शिकायत दर्ज कराई। प्रखंड कृषि पदाधिकारी अमृता कुमारी ने बताया कि मामले में संबंधित दुकानदार को स्पष्टीकरण जारी किया गया है। स्पष्टीकरण प्राप्त होने के बाद नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।




# सीएम ने तटबंधों का निरीक्षण कर कटावनिरोधी कार्यों की ली जानकारी

## तटबंध को कटाव से बचाने के लिए प्रशासन और जल संसाधन विभाग ने किया बेहतर कार्य : सीएम

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**भागलपुर।** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने आज भागलपुर जिले के खरीक अंचल के काजीकोरैया - राघोपुर तटबंध का निरीक्षण कर कटाव निरोधी कार्यों की जानकारी ली। इस दौरान मुख्यमंत्री ने तटबंध पर हुए कटाव एवं उसके बचाव के लिए किए जा रहे कार्यों की विस्तृत जानकारी जल संसाधन विभाग के अधिकारियों से लेने के बाद उक्त कार्यो में तेजी लाने हेतु आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने तटबंध के निरीक्षण के दौरान वहां उपस्थित स्थानीय ग्रामीणों से भी बातचीत की और तटबंध टूटने तथा कटाव की स्थिति के संबंध में जानकारी ली। श्री चौधरी ने कहा कि इस तटबंध को कटाव से बचाने के लिए जिला प्रशासन एवं जल संसाधन विभाग ने बेहतर कार्य किया है। जिससे स्थानीय ग्रामीणों को राहत मिली है। गंगा, कोसी, गंडक और सोन नदियों में काफी पानी आया है। सभी प्रमुख नदियों के तटबंध को दुरुस्त किया जाएगा। गंगा नदी के तटबंध को भी ठीक किया जाएगा, गंगा नदी में ड्रेजिंग की जायेगी। जहां रिंग बांध बनाने की जरूरत है वहां रिंग बांध बनाए जाएंगे। गाद की सफाई करवाई जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि बाढ़ की स्थिति को लेकर प्रशासन पूरी तरह अलर्ट है। राहत एवं बचाव कार्य पूरी मुस्तैदी के साथ किया जा रहा है। सरकार बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में लोगों को हरसंभव सहायता उपलब्ध कराने के लिए तत्पर है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि तटबंधों की लगातार निगरानी की जाए और जहां भी कटाव या क्षति की स्थिति उत्पन्न हो, वहां तत्काल आवश्यक सुरक्षात्मक एवं मरम्मत कार्य कराए जाएं, ताकि लोगों को किसी प्रकार की परेशानी न हो। निरीक्षण के दौरान पथ निर्माण मंत्री कुमार शैलेंद्र, ऊर्जा मंत्री शैलेश कुमार उर्फ बुलो मंडल, स्थानीय सांसद अजय कुमार मंडल सहित अन्य जन प्रतिनिधिगण, मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत, मुख्यमंत्री के सचिव संजय कुमार सिंह, भागलपुर प्रमंडल के आयुक्त प्रेम सिंह मीणा, जल संसाधन विभाग के सचिव डॉ0 चंद्रशेखर सिंह, भागलपुर की जिलाधिकारी अलंकृता पांडे, वरीय पुलिस अधीक्षक प्रमोद कुमार यादव, एडीएम दिनेश राम, नवगछिया के एसपी वैभव शर्मा सहित जल संसाधन विभाग के वरीय अधिकारी और अभियंतागण उपस्थित थे।

### जदयू नेताओं ने हवाई अड्डे पर सीएम का किया स्वागत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**भागलपुर।** जिले के खरीक अंचल के काजीकोरैया-राघोपुर तटबंध और बाढ़ प्रभावित लोगों के लिए किए जा रहे राहत एवं बचाव कार्यों का स्थलीय निरीक्षण करने पहुंचे मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी का भागलपुर हवाई अड्डे पर जदयू नेताओं ने भव्य स्वागत किया। इस दौरान ऊर्जा मंत्री शैलेश कुमार उर्फ बुलो मंडल, सांसद अजय मंडल, विधायक प्रो ललित नारायण मंडल की गरिमामय उपस्थिति में जनता दल (यू) के जिलाध्यक्ष विवेकानंद गुप्ता के नेतृत्व में पार्टी पदाधिकारीयों एवं कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री को अंग-वस्त्र एवं पुष्प गुच्छ से स्वागत एवं सम्मान किया। जदयू जिलाध्यक्ष विवेकानंद गुप्ता ने कहा कि सरकार बाढ़ प्रभावित लोगों की सुरक्षा एवं राहत के लिए पूरी गंभीरता से कार्य कर रही है। इस मौके पर कहकशां परवीन, वरिष्ठ नेता सुड्डू साईं, वरिष्ठ नेता अशोक कुमार आलोक, शबाना दाऊद, विभूति गोस्वामी,शेखर पांडे, प्रदीप कुशवाहा, शैलेन्द्र तोमर, अनुज सिंह, शाबान खान, उचित लाल सिंह के साथ-साथ बड़ी संख्या में जदयू के पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं समर्थक उपस्थित थे।

## भोजपुर में बाढ़ की स्थिति को देखते हुए राहत, बचाव एवं सुरक्षा कार्य जारी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**आरा।** भोजपुर में बाढ़ की स्थिति को देखते हुए जिला पदाधिकारी, भोजपुर मनेश कुमार मीणा के निर्देशानुसार प्रभावित एवं संवेदनशील क्षेत्रों में राहत, बचाव एवं सुरक्षा कार्य लगातार जारी हैं। प्रभावित लोगों को आवश्यक राहत सामग्री, भोजन, स्वास्थ्य सुविधाएं एवं सुरक्षित आवागमन की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है।

**57 सामुदायिक रसोई संचालित**

प्रभावित लोगों के लिए जिले में कुल 57 सामुदायिक रसोई संचालित की जा रही हैं। सामुदायिक रसोई के माध्यम से प्रभावित लोगों को नियमित रूप से भोजन उपलब्ध कराया जा रहा है तथा बच्चों के लिए आवश्यकतानुसार दूध की व्यवस्था की जा रही है।

**238 निःशुल्क नावों का परिचालन**

प्रभावित क्षेत्रों में सुरक्षित आवागमन एवं राहत कार्यों के लिए कुल 238 निःशुल्क नावों का परिचालन किया जा रहा है। इनमें शाहपुर, बड़हरा, आरा सदर, कोईलवर एवं बिहिया अंचल शामिल हैं। इसके अतिरिक्त आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु 3 बोट एंबुलेंस का भी परिचालन किया जा रहा है।

**25 मेडिकल कैंपों में 2,574 लोगों का उपचार**

प्रभावित क्षेत्रों में आज कुल 25 मेडिकल कैंपों का संचालन किया गया, जिनके माध्यम से कुल 2,574 लोगों का उपचार किया गया। स्वास्थ्य एवं पेयजल सुरक्षा के दृष्टिगत 1,589 हैलोजन टैबलेट्स का वितरण किया गया तथा आवश्यकतानुसार 28 स्थानों पर ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव कराया गया।

**6 पशु चिकित्सा कैंपों में 715 पशुओं का उपचार**

पशुधन की सुरक्षा एवं स्वास्थ्य सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए कुल 6 पशु चिकित्सा कैंपों का संचालन किया गया। इन कैंपों के माध्यम से आज 715 पशुओं का उपचार किया गया तथा आवश्यक दवाओं का वितरण किया गया। साथ ही पशुओं के लिए 315 क्विंटल पशुचारा उपलब्ध कराया गया।

**10,060 पॉलिथीन शीट्स का वितरण**

राहत कार्य के तहत प्रभावित परिवारों के बीच अब तक कुल 10,060 पॉलिथीन शीट्स का वितरण किया जा चुका है, ताकि आवश्यकता के समय प्रभावित लोगों को तत्काल राहत एवं अस्थायी आश्रय उपलब्ध कराया जा सके। बाढ़ की स्थिति पर लगातार निगरानी रखी जा रही है। त्वरित कार्रवाई हेतु पदाधिकारियों एवं कर्मियों की तीन शिफ्टों में चौबिस घंटे प्रतिनियुक्ति की गई है। जिला नियंत्रण कक्ष सक्रिय है तथा आवश्यकता के अनुसार राहत एवं बचाव दलों द्वारा त्वरित कार्रवाई की जा रही है। जिला आपातकालीन संचालन केंद्र 247 सक्रिय है। किसी भी आपात स्थिति में 94723 98730 एवं 06182-221233 पर संपर्क कर आवश्यक सहायता प्राप्त की जा सकती है।

## आरा-छपरा फोरलेन पर 24 घंटे से भीषण जाम

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बड़हरा (भोजपुर)।** आरा-छपरा फोरलेन सड़क पर पिछले 24 घंटों से वाहनों की लंबी कतारें लगी होने से यातायात पूरी तरह ठप रहा। भीषण जाम के कारण यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा।

**रॉन्ग साइड परिचालन से बिगड़े हालात**

बताया जा रहा है कि फोरलेन पर बालू ढोने वाले वाहन चालकों द्वारा अनियंत्रित और विपरीत दिशा से वाहन चलाने के कारण जाम ने विकराल रूप ले लिया। सड़क पर दोनों तरफ ट्रकों की लंबी कतारें लग गईं।

एंबुलेंस और स्कूली वाहन भी फंसे इस भीषण जाम में एंबुलेंस, स्कूल बसें, यात्री बसें और बाइक सवार घंटों तक फंसे रहे। एंबुलेंस में मरीज तो स्कूल बसों में बच्चे परेशान रहे।

**जाम छुड़वाने में हलकान रही बबुरा पुलिस**

जाम की सूचना मिलते ही बबुरा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जाम छुड़वाने में जुटी रही। पुलिस के जवान घंटों तक सड़क पर खड़े होकर वाहनों को एक-एक कर निकालते दिखे, लेकिन वाहनों की अधिकता और रॉन्ग साइड परिचालन से उन्हें काफी मशक्कत करनी पड़ी। पुलिस लगातार प्रयास कर जाम को सामान्य करने में जुटी है।

### पृष्ठ 1 का शेष

#### शिक्षकों के बेहतर प्रशिक्षण ...

सबसे महत्वपूर्ण है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार शिक्षा व्यवस्था को मजबूत करने और विद्यार्थियों को बेहतर अवसर उपलब्ध कराने के लिए लगातार काम कर रही है। सरकार की कोशिश है कि बिहार के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिले और उन्हें आगे बढ़ने के लिए बेहतर शैक्षणिक माहौल उपलब्ध कराया जा सके। मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में शिक्षक नियुक्ति प्रक्रिया का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि चौथे चरण की शिक्षक बहाली यानी टीआरइ-4 के माध्यम से 32 हजार से अधिक नए शिक्षकों की नियुक्ति प्रक्रिया शुरू की जा चुकी है। उन्होंने कहा कि बड़ी संख्या में शिक्षकों की नियुक्ति से सरकारी स्कूलों में शिक्षकों की उपलब्धता बढ़ेगी और बच्चों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण मिल सकेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार सरकार शिक्षा के क्षेत्र में बुनियादी ढांचे से लेकर मानव संसाधन और आधुनिक तकनीक तक सभी स्तरों पर सुधार करने की दिशा में काम कर रही है। स्कूलों में बेहतर सुविधाएं, शिक्षकों की नियुक्ति, प्रशिक्षण और डिजिटल संसाधनों की उपलब्धता सरकार की प्राथमिकताओं में शामिल है। उनका मानना है कि बदलते समय के साथ शिक्षा व्यवस्था में भी बदलाव जरूरी है। बच्चों को केवल पारंपरिक पढ़ाई तक सीमित रखने के बजाय उन्हें आधुनिक तकनीक, डिजिटल संसाधनों और भविष्य की जरूरतों के अनुसार तैयार करना होगा। इसी उद्देश्य से शिक्षकों को भी तकनीकी रूप से सशक्त बनाने की दिशा में पहल की जा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि शिक्षकों के बेहतर प्रशिक्षण एवं क्षमता विकास के लिए शिक्षक प्रशिक्षण विश्वविद्यालय की स्थापना की जाएगी। उन्होंने कहा कि बिहार में प्राथमिक विद्यालय से लेकर उच्च शिक्षा, इंजीनियरिंग और पॉलिटेक्निक को मिलाकर सात लाख से अधिक शिक्षक हैं। शिक्षकों की गुणवत्ता बढ़ाने और उन्हें समय-समय पर प्रशिक्षण उपलब्ध कराने के लिए अलग विश्वविद्यालय बनाया जाएगा। इस अवसर पर बिहार शिक्षा विभाग और गूगल के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया गया। इस दौरान शिक्षा विभाग के सचिव राजीव रौशन ने अंगवस्त्र और पौधा भेंटकर मुख्यमंत्री का अभिनंदन किया। कार्यक्रम की शुरुआत में मुख्यमंत्री ने डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन जी के तैल चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री बिजेन्द्र प्रसाद यादव, शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी, विज्ञान, प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा मंत्री शीला कुमारी, मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत, पुलिस महानिदेशक विनय कुमार, शिक्षा विभाग के सचिव राजीव रौशन, मुख्यमंत्री के सचिव संजय कुमार सिंह, शिक्षा विभाग के विशेष सचिव धर्मेन्द्र कुमार, बिहार विद्यालय परीक्षा समिति के अध्यक्ष डॉ. त्यागराजन एसएम, जिलाधिकारी कुंदन कुमार, वरीय पुलिस अधीक्षक कार्तिकेय के. शर्मा सहित शिक्षा विभाग के पदाधिकारी, शिक्षक एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थीगण उपस्थित थे।

#### स्पर्शाघात से दंपति

के साथ मजदूरी का कार्य करते हैं। माता-पिता की मौत की सूचना मिलते ही दोनों मुंबई से अपने घर के लिए रवाना हो गए हैं। बौर पंचायत के मुखिया विनय प्रसाद ने घटना पर गहरा दुख जताते हुए सरकार एवं संबंधित विभाग से मृतक के परिजनों को उचित मुआवजा देने की मांग की है। रफीगंज थानाध्यक्ष शंभू कुमार ने बताया कि मामले में आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। बिजली तार के टूटकर गिरने और हादसे के कारणों की भी जानकारी जुटाई जा रही है।

#### गंगा के बाढ़ का...

किया जा सके। श्री चौधरी ने कहा कि कई जगहों पर गंगा का पानी 20-20 किलोमीटर के स्ट्रेच में फैल रहा है। सरकार का प्रयास है कि पानी के फैलाव को सीमित कर इसे व्यवस्थित किया जाए। उन्होंने कहा कि गंगा में जमा होने वाली गाद की समस्या से भी निजात दिलाने की दिशा में काम किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि बेगूसराय नगर निगम क्षेत्र भी बाढ़ से प्रभावित हुआ है। उन्होंने कहा कि इस समस्या को भी ठीक किया जाएगा और क्षेत्र को बेहतर बनाने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएंगे।

## भागलपुर में जदयू ने मनायी शहीद जगदेव प्रसाद की पुण्यतिथि

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**भागलपुर।** शहीद जगदेव प्रसाद जी की पुण्यतिथि के अवसर पर शनिवार को यहां जिला जदयू कार्यालय में एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। जदयू के जिलाध्यक्ष विवेकानंद गुप्ता के नेतृत्व में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में पार्टी नेताओं ने शहीद जगदेव प्रसाद जी के तैलचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन किया। जिलाध्यक्ष श्री गुप्ता ने कहा कि शहीद जगदेव प्रसाद जी ने सामाजिक विषमता और शोषण के खिलाफ संघर्ष करते हुए समाज के दबे-कुचले एवं वंचित वर्गों के अधिकारों के लिए अपना जीवन समर्पित किया। जिसे भुलाया नहीं जा सकता है। पूर्व सांसद कहकशां परवीन ने कहा कि उनका संघर्ष और विचार आज भी समाज को सामाजिक न्याय एवं समानता की दिशा में आगे बढ़ने की प्रेरणा देते है।स्व जगदेव प्रसाद के विचारों से आज सामाजिक बदलाव और लोकतांत्रिक मूल्यों को मजबूत करने में पूरा बल मिलता है। जदयू की प्रदेश सचिव शबाना दाऊद ने कहा कि शहीद जगदेव प्रसाद जी के सपनों का समाज बनाने के लिए सामाजिक न्याय, समानता और लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति प्रतिबद्ध रहना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

## अपराधियों और नशा तस्करों पर रेल पुलिस की सख्ती

### अगस्त माह में 23 गिरफ्तार, 100 लीटर शराब बरामद

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**जमालपुर (मुंगेर)।** पुलिस अधीक्षक रेल जमालपुर विद्यासागर के नेतृत्व में शनिवार को अपराध गोष्ठी आयोजित की गई। इसमें जमालपुर रेल जिले के विभिन्न रेल थाना क्षेत्रों के पुलिस पदाधिकारियों ने भाग लिया। बैठक में अगस्त माह में अपराध नियंत्रण, गिरफ्तारी, शराब बरामदगी और विशेष अभियानों की उपलब्धियों की समीक्षा की गई। अगस्त में रेल पुलिस ने विभिन्न मामलों में 23 आरोपितों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा, जबकि 17 वारंटों का निष्पादन किया गया। कुर्की की कोई कार्रवाई नहीं हुई। मद्यनिषेध अधिनियम के तहत सात मामले दर्ज किए गए। कार्रवाई में 51.10 लीटर विदेशी और 49.40 लीटर देशी शराब, कुल 100.50 लीटर शराब बरामद हुई। शराब मामले में छह आरोपितों को गिरफ्तार किया गया। विशेष अभियान के दौरान रेल पुलिस ने 43 मोबाइल फोन और 200 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद किया। एसपी ने नशीले पदार्थों की तस्करी और रेल क्षेत्र में अपराध पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए लगातार अभियान चलाने का निर्देश दिया। बैठक में लंबित कांडों के शीघ्र निष्पादन तथा पुलिस मुख्यालय के निर्देशों का सख्ती से पालन करने को कहा गया। सीसीटीएनएस में निर्धारित सभी प्रविष्टियां समय पर करने का निर्देश देते हुए एसपी ने स्पष्ट किया कि इसमें लापरवाही पर संबंधित थानाध्यक्ष की जवाबदेही तय होगी। मौके पर रेल अंचल निरीक्षक जमालपुर उमेश प्रसाद, झाझा की प्रमिला, डीसीबी प्रभारी इन्तेखाब अहमद सहित भागलपुर, जमालपुर, झाझा, किऊल, जमुई, शेखपुरा और बड़हिया रेल थानों के थानाध्यक्ष एवं पदाधिकारी मौजूद थे।

## कटोरिया थाना एवं जमदाहा ओपी प्रभारी ने संभाला कार्यभार

**कटोरिया (बांका) (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** कटोरिया थाना एवं जमदाहा ओपी प्रभारी ने संभाला कार्यभार, जमदाहा ओपी प्रभारी मो आशिफ अख्तर ने कहा कि आम लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करना पुलिस की प्राथमिक जिम्मेदारी है। थाना में अपनी समस्या लेकर आने वाले प्रत्येक व्यक्ति की बात गंभीरता से सुनी जाएगी और समस्याओं का त्वरित समाधान करने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने आम लोगों से भी पुलिस का सहयोग करने की अपील की। कहा कि किसी भी तरह की आपराधिक गतिविधि, अवैध कारोबार, नशे के कारोबार या संदिग्ध गतिविधियों की जानकारी मिलने पर तत्काल पुलिस को सूचना दें, ताकि समय रहते आवश्यक कार्रवाई की जा सके। वही कटोरिया थाना के नए थानाध्यक्ष के रूप में पुलिस निरीक्षक श्रीकांत भारती ने थानाध्यक्ष के रूप में कार्यभार संभाला। उनके सामने क्षेत्र में विधि-व्यवस्था बनाए रखने और अपराध नियंत्रण की चुनौती होगी।

## छात्रों ने गुरुजनों को दिए उपहार, डॉ राधाकृष्णन को किया याद

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**कटोरिया (बांका)।** कटोरिया प्रखंड क्षेत्र के सभी शिक्षण संस्थानों कॉलेजो में पूर्व राष्ट्रपति डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्ण की जयंती धुमधाम से मनाई गयी। इस दौरान छात्र-छात्राओं ने शिक्षकों के साथ केक काटकर खुशियां मनाई और एक दूसरे के केक खिलाएं। छात्रों ने अपने गुरू को उपहार स्वरूप कलम आदि भेंट कर उनसे आर्शीवाद प्राप्त किया।शहर के आईडीयल होली मिशन आवासीय विधालय कटोरिया, ब्रिडर पब्लिक स्कुल राजासार, संत टरेसा पब्लिक स्कुल घोरमारा, राजकीय मध्य विद्यालय राधानगर, उर्दू मध्य विद्यालय घोरमारा, इंटर इंटरस्तीय उच्च विद्यालय कटोरिया, गर्ल हाई स्कूल कटोरिया, संत मेरी आवासीय विधालय कटोरिया, संकल्प कोचिंग सेन्टर घोरमार , सहित अन्य शिक्षण संस्थान में केक काटकर शिक्षक दिवस धुमधाम से मनाया।इस दौरान डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन को श्रद्धांजलि देकर उनके आदर्शो को आत्मसात करने का संकल्प लिया गया।वही कटोरिया बांका मुख्य मार्ग स्थित राजासार (राधानगर) हाट के पास टॉपर्स एकेडमी कोचिंग सेंटर में बच्चो ने सुबह से ही अपने कोचिंग पहुंचकर अपने-अपने शिक्षकों सम्मानित करने की तैयारी में जुट गए। मौके पर छात्र छात्राओं ने संस्थान को बहुत ही आकर्षक तरीके से सजाया। सर्वप्रथम छात्रों ने संस्थान के डायरेक्टर सह शिक्षक मो मेहताब आलम को फुल का गुलदस्ता देकर स्वागत गान गाकर स्वागत किया। उसके बाद डायरेक्टर मो मेहताब आलम नें केक काटकर कार्यक्रम की शुरूआत की। मौके पर शिक्षक मो अरवाज अंसारी ने कहा कि गुरू शिष्य का रिश्ता प्राचीनकाल से चलते रहा है और आज भी कायम है। उन्होंने शिक्षक दिवस की महत्ता एवं गुरू शिष्य के रिश्तों का व्याख्यान किया। वही डायरेक्ट मो मेहताब आलम ने कहा कि छात्रों के भविष्य को उज्जवल बनाने आगे चल के अपने लक्ष्य प्राप्त करना ही संस्थान का उदेश्य है। मौजूद छात्र-छात्राओं ने गुरू शिष्य के परंपरा को निभाने और एक अच्छे शिक्षक की तरह छात्रों ने प्रण किया कि वो अपने आसपास रहने वाले अशिक्षित भटके हुए छात्रों को सही राह दिखाने एवं अच्छे इंसान बनने की प्रेरणा देगें। उन्होंने कहा कि बैसे तो शिक्षक दिवस सभी देशों में अलग अलग तिथि को मनाया जाता है। लेकिन भारत में पांच सितंबर को प्रथम राष्ट्रपति डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्म के अवसर पर मनाया जाता है।जो एक शिक्षक होते हुए भारत के प्रथम उप राष्ट्रपति एवं राष्ट्रपति भी थे। भारत में बहुत सारे महान लोग है पर डा सर्वपल्ली राधाकष्णन के जन्म दिन पर ही क्यों मनाया जाता है क्योंकि वे बच्चों से बहुत प्यार करते थे।

## मंत्री ललन सिंह के जनसंवाद को लेकर जमालपुर में प्रशासन अलर्ट

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**जमालपुर (मुंगेर)।** जिले के सांसद सह केंद्रीय मंत्री राजीव रंजन उर्फ ललन सिंह के छह सितंबर को जमालपुर नगर परिषद क्षेत्र एवं आसपास के इलाकों में प्रस्तावित जनसंवाद कार्यक्रम को सफल बनाने की तैयारी तेज हो गई है। कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा एवं विधि-व्यवस्था को लेकर शनिवार को विधायक नचिकेता मंडल के साथ जिलाधिकारी निखिल धर्मराज, एसपी सैयद इमरान मसूद एवं मुख्य पार्षद पार्वती देवी ने विभिन्न कार्यक्रम स्थलों का जायजा लिया। अधिकारियों ने रामनगर पंचायत के भागी, नयागांव, मुंगरौरा, सदर बाजार, केशोपुर, धर्मशाला रोड एवं रामपुर सहित अन्य इलाकों का भ्रमण किया। इस दौरान प्रस्तावित कार्यक्रम स्थलों की स्थिति, यातायात व्यवस्था, रूट चार्ट एवं सुरक्षा इंतजामों को लेकर संबंधित लोगों से जानकारी ली गई। विधायक, डीएम और एसपी ने स्थानीय कार्यकर्ताओं, व्यवसायियों एवं आम लोगों से भी विचार-विमर्श कर आवश्यक सुझाव लिए। निरीक्षण के क्रम में टीम नयागांव स्थित निर्मल हृदय मिशन की चैरिटी संस्था भी पहुंची। यहां मदर टेरेसा की बहनों एवं सिस्टर्स ने विधायक, डीएम और एसपी का स्वागत-अभिनंदन किया। संस्था की ओर से विभिन्न समस्याओं से अधिकारियों को अवगत कराया गया। अधिकारियों ने समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए आवश्यक पहल का भरोसा दिया। विधायक नचिकेता मंडल ने कहा कि मंत्री के जनसंवाद कार्यक्रम में आम लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने के साथ कार्यक्रम को व्यवस्थित और सफल बनाने के लिए व्यापक तैयारी की जा रही है। निरीक्षण के दौरान वार्ड पार्षद सोनू मंडल, आलोक कुमार, कैलाश सिंह, राजू पासवान, सुदेश मंडल, वशिष्ठ कुमार, प्रखंड अध्यक्ष मुनीलाल मंडल, नगर अध्यक्ष बब्बू सिंह, चैंबर सचिव गिरधर शंघई, मुकेश पासवान, गोपाल कृष्ण, सुजीत कुमार सहित कई जदयू कार्यकर्ता मौजूद थे।

## दुकान का सामान लाने निकला युवक रहस्यमय ढंग से लापता

**कौआकोल (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** थाना क्षेत्र के रानीबाजार गांव से एक युवक के रहस्यमय ढंग से लापता होने का मामला सामने आया है। दुकान का सामान लाने की बात कहकर बाइक से घर से निकले रंजीत कुमार के अचानक लापता होने से परिजनों की चिंता बढ़ गई है। घटना के बाद से परिवार के लोग किसी अनहोनी की आशंका को लेकर परेशान हैं। जानकारी के अनुसार,रानीबाजार निवासी रिंकी देवी उर्फ रिंकी बर्णवाल के पति रंजीत कुमार,पिता महेन्द्र लाल, शुक्रवार की सुबह करीब सात बजे बाइक से दुकान का सामान लाने की बात कहकर घर से निकले थे। उसी दिन शाम करीब चार बजे परिजनों से उनकी फोन पर बातचीत हुई। इस दौरान उन्होंने बताया था कि वह घर वापस लौट रहे हैं। लेकिन इसके बाद उनका मोबाइल संपर्क नहीं हो सका और वे घर भी नहीं पहुंचे। काफी समय बीत जाने के बाद परिजनों ने रिश्तेदारों एवं परिचितों के यहां खोजबीन की, लेकिन रंजीत कुमार का कहीं पता नहीं चल सका। जिससे परेशान पत्नी ने शनिवार को कौआकोल थाना पहुंचकर लिखित आवेदन दिया और पुलिस से पति की सकुशल बरामदगी की गुहार लगाई। थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर अनिल कुमार सिंह ने बताया कि आवेदन प्राप्त होते ही प्राथमिकी दर्ज कर मामले का अनुसंधान शुरू कर दिया गया है।

## विवेकानंद पब्लिक स्कूल में कार्यक्रम का आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**अम्बा (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** शिक्षक दिवस के शुभ अवसर पर विवेकानंद पब्लिक स्कूल, अंबा में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान महान शिक्षाविद एवं भारत के पूर्व राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जीवन, व्यक्तित्व एवं विचारों पर प्रकाश डाला गया। साथ ही बच्चों के जीवन में गुरु के महत्व तथा गुरुजनों के प्रति सम्मान की भावना पर विस्तार से चर्चा की गई। विद्यालय के संचालक अशोक कुमार ने डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के विचारों और उनके आदर्शों को बच्चों के सामने रखते हुए विद्यार्थियों को उनके बताए मार्ग पर चलने तथा शिक्षा और संस्कार को अपने जीवन में अपनाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं ने भी अपने-अपने विचार व्यक्त किए और विद्यार्थियों को शिक्षक के महत्व, अनुशासन, संस्कार एवं शिक्षा के प्रति जागरूक किया। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं में अनिल कुमार, जयविंद प्रसाद, राकेश पांडेय, उदेश कुमार, प्रशांत कुमार, लालचंद गुप्ता, अजय कुमार, कृष्ण प्रसाद, गगेश्वर मिश्रा, मोहित कुमार, विकाश कुमार, नेहा मिस, सीमा मिस, सपना मिस, कोमल मिस, बाबिता मैम, इंदु मैम एवं साक्षी सहित सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में अपने गुरुजनों के प्रति सम्मान, कृतज्ञता और सद्भावना की भावना विकसित करना तथा डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के आदर्शों से प्रेरणा लेकर जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करना रहा।

## काली पहाड़ी पर जन्माष्टमी की धूम, भक्ति गीतों पर झूमे हजारों श्रद्धालु

**जमालपुर (मुंगेर) (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर जमालपुर काली पहाड़ी स्थित राधा-कृष्ण-बलराम मंदिर परिसर में शनिवार को जन्माष्टमी महोत्सव धूमधाम और भक्तिभाव के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ रात्रि आठ बजे मुख्य अतिथि मुख्य कारखाना प्रबंधक विनय कुमार बरनवाल, विशिष्ट अतिथि मुंगेर के पूर्व सांसद विजय कुमार विजय, पूर्व विधायक प्रणव कुमार यादव एवं डिप्टी सीएमई (प्रोडक्शन) अभ्युदय मिश्रा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस दौरान उर्मी के डीन प्रेम प्रकाश भी पूजा-अर्चना के लिए पहुंचे। रेल कारखाना के अधिकारियों ने परिवार के साथ मंदिर में पूजा की।जन्माष्टमी को लेकर मंदिर परिसर में हजारों श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। श्रद्धालु भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव को लेकर काफी उत्साहित नजर आए। जागरण के संगीत कार्यक्रम में गायक अनिल कुमार, आलोक कुमार तथा महिला गायिकाओं तमन्ना और निशा ने भक्ति गीतों की प्रस्तुति देकर श्रद्धालुओं को भक्तिरस में सराबोर कर दिया। स्थानीय श्रद्धालुओं ने भी विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं।रात्रि 12 बजे भगवान श्रीकृष्ण के जन्म के साथ विशेष पूजा-अर्चना संपन्न हुई। इसके बाद 56 भोग के साथ भंडारे का आयोजन किया गया।

# शिक्षक दिवस पर छात्रों ने चरण स्पर्श कर लिया आशीर्वाद

## बेगूसराय में धूमधाम से मनाया गया शिक्षक दिवस, याद किये गए डा. राधाकृष्णन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**भगवानपुर।** शनिवार को शिक्षक दिवस के अवसर पर प्रखंड क्षेत्र के उत्क्रमित मध्य विद्यालय, अतरुआ में पूर्व राष्ट्रपति भारत रत्न डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्मदिन को शिक्षक दिवस के रूप में बड़े ही श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने इस बार खुद पहल करते हुए आपसी सहयोग और सहमति से केक और मिठाइयों की व्यवस्था की। कार्यक्रम की सबसे भावुक करने वाली तस्वीर तब दिखी जब छात्रों ने अपने सभी शिक्षकों के चरण स्पर्श कर आदरभाव व्यक्त किया और डायरी व कलम भेंट कर उनसे जीवन में आगे बढ़ने का आशीर्वाद लिया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उपस्थित शिक्षकों और वक्ताओं ने शिक्षक के कर्तव्य और चरित्र पर विस्तार से प्रकाश डाला। वक्ताओं ने कहा कि एक शिक्षक को मर्यादित, चरित्रवान, बच्चों के प्रति अपनापन रखने वाला और अपने अध्यापन कार्य के प्रति पूरी तरह ईमानदार व समर्पित होना चाहिए। एक छात्र के लिए शिक्षक ही आदर्श होते हैं। शिक्षक के गुणों का सीधा प्रभाव छात्र-छात्राओं के जीवन पर पड़ता है। इसलिए शिक्षक का आचरण ऐसा हो कि छात्र उसका अनुसरण कर अपने जीवन को आदर्श बना सके,' वक्ताओं ने कहा इस दौरान दुनिया के महान शिक्षकों के जीवन चरित्र का भी वर्णन किया गया। वक्ताओं ने कहा कि गुरु की पवित्रता और शक्ति ही है जिसने श्रीराम और श्रीकृष्ण को भगवान बना दिया। एक कुशल गुरु में इतनी शक्ति होती है कि वह अपने छात्रों को महान बना सकता है, वहीं एक गलत गुरु बच्चों को गलत राह पर ले जाकर अपराधी भी बना सकता है। लेकिन सच्चा गुरु तो डाकू और हत्यारे को भी साधु-संत बना देता है। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं और शिक्षकों ने विद्यालय शिक्षा समिति के सदस्यों को भी सम्मानित किया। मौके पर उपस्थित विजय भारती, शिक्षक रामबाबू साह, शिक्षा समिति की अध्यक्ष जगतारिणी देवी, सचिव रुक्मिणी देवी और सदस्य संजीला देवी को भी डायरी-कलम भेंट कर सम्मानित किया गया।

## गंगा ग्लोबल बीएड कॉलेज में 'गुरुकुल से गूगल तक' नाटक का मंचन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**बेगूसराय।** गंगा ग्लोबल इंस्टीट्यूट ऑफ टीचर एजुकेशन रमजानपुर में प्रशिक्षुओं ने डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन का जन्म दिवस हर्षोल्लास से मनाया। प्राध्यापकों ने फीता काटकर, दीप प्रज्ज्वलित कर और केक काटकर उद्घाटन किया। प्रदर्शनकारी कला के प्राध्यापक परवेज यूसुफ ने कहा कि शिक्षा के साथ कला-संस्कृति को जोड़ना समय की मांग है। सांस्कृतिक कार्यक्रम में अनुकृति, शौर्या, सोनम प्रिया, काजल, भानु प्रिया, अमन, प्रेरणा, अनीशा, प्रज्ञा, अनन्या समेत प्रशिक्षुओं ने गीत, कविता और भाषण प्रस्तुत किए। अनुकृति और काजल ने पीपीटी से पुरानी यादें साझा कीं। स्वर्ण प्रिया, सपना, बंदना, नव्या ने समूह नृत्य किया।कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण लघु नाटक 'गुरुकुल से गूगल तक' रहा, जिसमें प्राचीन, आधुनिक और वर्तमान ऑनलाइन शिक्षा को दर्शाया गया। इसमें बंदना, अनन्या, अंकिता, चाहत, रोहित, मिथुन, राजा, सपना, किशन, करीना, शुभ्रा, नव्या, सोनू, विशाल, गौरव, प्रिंस, शिवम ने भूमिका निभाई। इस मौके पर प्रशिक्षुओं ने प्रो. परवेज यूसुफ, डॉ सुधाकर पांडेय, प्रो अमर कुमार, डॉ अनीता एस, प्रो पिंटू कुमार, डॉ राजवंत सिंह, आलोक कुमार, अरविंद कुमार और मनीष कुमार अकेला को अंगवस्त्र से सम्मानित किया।मंच संचालन अनन्या कुमारी और अमन कुमार ने किया, धन्यवाद ज्ञापन रोशनी सिन्हा ने किया।

### सरस्वती टैलेंट इंस्टीट्यूट के बच्चों ने दी रंगारंग प्रस्तुति

**बलिया।** शिक्षक दिवस पर बलिया प्रखंड के विभिन्न विद्यालयों में कार्यक्रम आयोजित कर डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन को श्रद्धांजलि दी गई। सरस्वती टैलेंट इंस्टीट्यूट के निदेशक अंकित कुमार द्वारा कार्यक्रम आयोजित किया गया, जहां छात्र-छात्राओं ने रंगारंग प्रस्तुति देकर अभिभावकों और अतिथियों का मन मोह लिया। कार्यक्रम का उद्घाटन नगर परिषद मुख्य पार्षद मोहम्मद जमाल, थाना प्रभारी शैलेंद्र कुमार, चिकित्सक डॉ. जयप्रकाश अग्रवाल, व्यापार मंडल अध्यक्ष राकेश सिंह और भाजपा नेता राकेश रोशन मुन्ना ने संयुक्त रूप से किया। मंच संचालन पत्रकार पंकज भट्ट ने किया। निदेशक अंकित सिंह ने अतिथियों को चादर और माला देकर सम्मानित किया। अतिथियों ने छात्र-छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। मौके पर अरविंद यादव, दिलीप यादव, कुंदनी रस्तोगी, रंजन चौधरी, मुखिया अमित कुमार, गणपति महतो सहित कई गणमान्य अतिथि मौजूद थे।

कार्यक्रम में प्रधानाध्यापक विश्वनाथ साह, वरीय शिक्षिका रेणु देवी, सहायक शिक्षक सुमित कुमार भारती, वीरदेव कुमार, शंकर कुमार, अंजुम जी सहित विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र पर माल्यार्पण कर विद्यार्थियों ने किया नमन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नावकोठी।** प्रखंड क्षेत्र के सभी प्राथमिक मध्य एवं उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में शिक्षक दिवस के अवसर पर विद्यालय परिवार की ओर से कार्यक्रम आयोजित कर डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन को श्रद्धापूर्वक याद किया गया। कार्यक्रम में शिक्षक-शिक्षिकाओं के साथ छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत भारत के महान शिक्षाविद्, दार्शनिक एवं पूर्व राष्ट्रपति डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर की गई। विद्यार्थियों ने उनके शिक्षा के क्षेत्र में दिए गए योगदान को याद करते हुए उनके आदर्शों को आत्मसात करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर शिक्षकों ने कहा कि शिक्षक केवल पाठ्यक्रम पूरा कराने तक सीमित नहीं होते, बल्कि विद्यार्थियों को जीवन की सही दिशा दिखाने, उनमें अनुशासन एवं अच्छे संस्कार विकसित करने तथा उनकी प्रतिभा को निखारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से नियमित अध्ययन करने, अनुशासन का पालन करने तथा शिक्षकों और अभिभावकों का सम्मान करने की अपील की। इस अवसर पर शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने मिलकर केक भी काटा। प्रधानाध्यापक गणेश झा, अरुण कुमार, राजेश कुमार अशोक शर्मा, प्रमोद कुमार, विभाकर कुमार आदि ने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल परीक्षा में अच्छे अंक हासिल करना नहीं, बल्कि विद्यार्थियों को जिम्मेदार, संवेदनशील और बेहतर नागरिक बनाना है। उन्होंने कहा कि शिक्षक का मार्गदर्शन विद्यार्थी के जीवन की दिशा बदलने में महत्वपूर्ण साबित हो सकता है। कार्यक्रम में शिक्षक रोहित कुमार, अजीत कुमार, राहुल कुमार, अजय कुमार, राजकुमार झा, पृथ्वी चौहान, निखिल आनंद, राकेश कुमार अरुण कुमार अंजली कुमारी, प्रेमलता कुमारी ज्योति कुमारी,संध्या कुमारी, पुष्पलता कुमारी, अर्चना कुमारी एवं अमृता कुमारी उपस्थित रहीं। वहीं छात्र-छात्राओं में स्वीटी कुमारी, संध्या कुमारी, छोटी कुमारी, दौलत कुमारी, राजनंदिनी, सायमा और शाइस्ता सहित अन्य विद्यार्थी मौजूद रहे।कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने अपने शिक्षकों के प्रति सम्मान एवं आभार व्यक्त किया। विद्यालय का वातावरण पूरे कार्यक्रम के दौरान उल्लास, सम्मान और कृतज्ञता की भावना से भरा रहा।

## शिक्षक दिवस पर नयागांव मध्य विद्यालय में शिक्षकों को किया सम्मानित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**मटिहानी।** शिक्षक दिवस पर केडीएस फाउंडेशन ने नयागांव उत्क्रमित मध्य विद्यालय में सम्मान समारोह आयोजित कर मटिहानी प्रखंड के उत्कृष्ट शिक्षकों को सम्मानित किया। साथ ही नयागांव मध्य विद्यालय के सभी शिक्षकों का भी सम्मान हुआ। सम्मानित शिक्षकों में चंद्रकांत (प्रधानाध्यापक, मध्य विद्यालय मटिहानी), कंचन कुमारी (बदलपुरा), भगवान राय (रेचियाही), पंकज कुमार राय (लभैरचक), नृपेन्द्र पटेल (जगतपुरा), नवीन प्रसाद सिंह (गोरगामा) और राजीव कुमार (प्रधानाध्यापक, नयागांव) शामिल रहे।कार्यक्रम की अध्यक्षता राजीव कुमार ने की। मुख्य अतिथि जिला शिक्षा पदाधिकारी मनोज कुमार ने शिक्षकों को सम्मानित किया और शिक्षा में शिक्षकों की भूमिका पर प्रकाश डाला। केडीएस फाउंडेशन अध्यक्ष एवं हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. पंकज कुमार सिंह ने कहा कि शिक्षकों का सम्मान करना सबका कर्तव्य है। डॉक्टर शरीर का इलाज करता है, शिक्षक ज्ञान और संस्कार देकर जिम्मेदार नागरिक बनाता है। उन्होंने दोहा 'गुरु गोविंद दोऊ खड़े...' का उल्लेख कर कहा कि भारतीय संस्कृति में गुरु का स्थान भगवान से भी ऊपर है। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि शिक्षकों का सम्मान करें और विद्यालयों को राजनीति का अड्डा न बनाएं। समारोह में सरपंच दयानंद सिंह, उपमुखिया निकेत कुमार सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## मोबाइल छिनतई मामले में दो गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नावकोठी।** थाना क्षेत्र के पीरनगर चौक पर मोबाइल छिनतई के मामले में नावकोठी पुलिस ने दो वांछित आरोपितों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान पहसारा निवासी धीरज कुमार उर्फ जुलिया तथा इनैया निवासी फंटूश कुमार के रूप में हुई है। पुलिस ने दोनों की निशानदेही पर छिनतई किया गया मोबाइल फोन भी बरामद कर लिया है। थानाध्यक्ष मो. फिरदौस ने बताया कि पुलिस ने तकनीकी साक्ष्य के आधार पर दोनों आरोपितों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार किया। पूछताछ के बाद उनकी निशानदेही पर मोबाइल बरामद किया गया। दोनों को आवश्यक कार्रवाई के बाद न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। बताया जाता है कि 19 अगस्त को बखरी नगर परिषद के वार्ड संख्या 27 निवासी दीपांकर कुमार अपने मित्र के साथ बाइक से बखरी स्थित अपने घर जा रहे थे। इसी दौरान पीरनगर चौक पर रुककर वह मोबाइल फोन पर किसी से बात कर रहे थे। तभी एक बाइक पर सवार दो बदमाशों ने उनका मोबाइल फोन झपट लिया और ररिऔना की ओर फरार हो गए। घटना के बाद सूचना मिलने पर 112 गश्ती दल के पदाधिकारियों ने बदमाशों का पीछा किया। तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर पुलिस ने दोनों संदिग्धों की पहचान करते हुए उन्हें गिरफ्तार कर लिया।

### उत्क्रमित मध्य विद्यालय परोरिया से शुरू हुई क्विज प्रतियोगिता

**नवादा।** मूल निवासी आलोक कुमार द्वारा आयोजित क्विज प्रतियोगिता की शुरुआत शनिवार, 5 सितंबर 2026 को उत्क्रमित मध्य विद्यालय परोरिया से की गई। प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों में सामान्य ज्ञान, शिक्षा के प्रति रुचि एवं प्रतियोगी भावना को बढ़ावा देना है। क्विज प्रतियोगिता का उद्घाटन प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी सुरेश कुमार ने किया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। उद्घाटन कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए अतिथियों ने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं बच्चों के ज्ञानवर्धन के साथ-साथ उनके आत्मविश्वास को भी बढ़ाती हैं।

## एमएलएसएम महाविद्यालय में राष्ट्रीय खेल समारोह संपन्न

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**दरभंगा।** महाराज लक्ष्मीश्वर सिंह मेमोरियल महाविद्यालय में राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर आयोजित खेल समारोह का समापन सह सम्मान-वितरण समारोह शनिवार का आयोजन किया गया। अध्यक्षता प्रधानाचार्य डॉ. शंभू कुमार यादव ने की। इस अवसर पर विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विजेता एवं प्रतिभागी खिलाड़ियों को पुरस्कार एवं प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए प्रधानाचार्य डॉ. शंभू कुमार यादव ने कहा कि खेल विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के साथ अनुशासन, आत्मविश्वास, नेतृत्व, टीम भावना और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित करने का महत्वपूर्ण माध्यम है। वरीय शिक्षक सह बर्सर प्रो. नंदकिशोर झा ने विजेता खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि खेल में जीत और हार से अधिक महत्वपूर्ण खेल भावना एवं निरंतर प्रयास है। मंच संचालन महाविद्यालय के खेल पदाधिकारी डॉ. उदय कुमार साह ने किया। अंत में धन्यवाद ज्ञापन डॉ. अंजीत कुमार चौधरी ने किया।

इस अवसर पर डॉ. विधानचन्द्र चौधरी, डॉ. मो. कासिम, डॉ. भारतेन्दु कुमार, डॉ. सुजीत कुमार साफी, डॉ. रणवीर कुमार, डॉ. सुप्रीता शालिनी, डॉ. संगीता कुमारी, डॉ. ज्वालाचन्द्र चौधरी, डॉ. मनोज कुमार कुमर, अजय कुमार झा, रंजन कुमार झा समेत दर्जनों शिक्षक, शिक्षकेत्तर कर्मी एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। पुरस्कार एवं सम्मान प्राप्त करने के बाद खिलाड़ियों में विशेष उत्साह एवं प्रसन्नता देखी गई। समारोह सौहार्दपूर्ण एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।

## लनामिवि में शिक्षक सम्मान समारोह सह विचारगोष्ठी आयोजित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**दरभंगा।** ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा के कुलपति प्रोफ़ेसर संजय कुमार चौधरी की अध्यक्षता में 'शिक्षक दिवस' के अवसर पर जुबिली हॉल में शिक्षक सम्मान समारोह सह 'आधुनिक शिक्षा एवं भारतीय ज्ञान-परंपरा में शिक्षकों की भूमिका' विषय पर विचारगोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें सारण क्षेत्र से बिहार विधान परिषद् के सदस्य प्रो वीरेन्द्र नारायण यादव- मुख्य अतिथि, दरभंगा शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के विधान पार्षद सर्वेश कुमार- सम्मानित अतिथि, कामेश्वर सिंह दरभंगा संस्कृत विश्वविद्यालय के पूर्व प्रति कुलपति प्रो सिद्धार्थ शंकर सिंह- मुख्य वक्ता तथा एलएनएमयू मुटा के पूर्व महासचिव प्रो अमरेश शांडिल्य- विशिष्ट वक्ता के रूप में शामिल हुए। विश्वविद्यालय संगीत एवं नाट्य विभाग के छात्र-छात्राओं द्वारा राष्ट्रगीत, राष्ट्रगान, कुलगीत एवं बिहार-गीत प्रस्तुत किया गया। समारोह का समापन राष्ट्रगान से हुआ। प्रारंभ में अतिथियों ने भारत के पूर्व राष्ट्रपति डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। अतिथियों का स्वागत पाग, चादर, मोमेंटो एवं पुष्पगुच्छ से किया गया। समारोह में संकायाध्यक्ष, विभागाध्यक्ष, शिक्षक, सहयोगी कर्मचारी, अवकाश प्राप्त शिक्षकगण एवं छात्र-छात्राएं आदि उपस्थित थे। इस अवसर पर गत एक वर्ष में अवकाश ग्रहण करने वाले 86 शिक्षकों को पाग, चादर एवं प्रशस्ति पत्र आदि प्रदान कर कुलपति एवं अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया। वहीं इस समारोह में विश्वविद्यालय के सभी पदाधिकारियों को भी कुलपति ने प्रशंसा पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। प्रो मुनेश्वर यादव के कुशल संचालन में आयोजित समारोह में स्वागत संबोधन कुलसचिव डॉ दिव्या रानी हांसदा ने, जबकि धन्यवाद ज्ञापन कुलानुशासक सह संयोजक प्रो विजय कुमार यादव ने किया। कुलपति प्रोफ़ेसर संजय कुमार चौधरी ने कहा कि शिक्षा विकास का बेहतरीन माध्यम है। प्राचीन शिक्षा व्यवस्था जहां चरित्र निर्माण एवं संस्कार पर आधारित है, वहीं आधुनिक शिक्षा प्रणाली कौशल पर अवलंबित है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 छात्रों के समग्र विकास के लिए लागू किया गया है, जिसके द्वारा किसी भी विषय का छात्र किसी न किसी प्रकार का कौशल अवश्य प्राप्त कर सकता है। कुलपति ने शिक्षा व्यवस्था में व्यापक सुधार हेतु कई बहुमूल्य सुझाव भी दिये। मुख्य अतिथि प्रो वीरेन्द्र नारायण यादव ने डॉ राधा कृष्णन के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि वे काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के कुलपति के रूप में भी काफी सफल रहे। एमएलसी सर्वेश कुमार ने शिक्षक दिवस की बधाई एवं शुभकामना देते हुए कहा कि भारत के महान शिक्षक एवं दार्शनिक डॉ राधाकृष्णन के जन्मदिन को हमारे देश में 'शिक्षक दिवस' के रूप में मनाने की परंपरा रही है। मुख्य वक्ता प्रो सिद्धार्थ शंकर सिंह ने हमारी गुरुकुल प्रणाली में सबको मुफ्त एवं अनिवार्य शिक्षा दी जाती थी। गुरु अपने ज्ञान एवं आचरण से छात्रों को व्यावहारिक शिक्षा एवं सही दिशा देकर आदर्श नागरिक के रूप में उन्हें लक्ष्य तक पहुंचाने थे। उन्होंने मिथिला की ज्ञान परंपरा की विस्तार से चर्चा करते हुए कहा कि यहां के छात्रों के सर्वांगीण विकास हेतु गुरुकुलों में उन्हें शिक्षा, संस्कार, मानवीय मूल्य एवं रोजगार योग्य बनाया जाता था। स्वागत संबोधन में कुलसचिव डॉ दिव्या रानी हांसदा ने कहा कि शिक्षक सिर्फ पढाता ही नहीं, बल्कि देश का भविष्य सवांरता है। शिक्षक समाज का प्रमुख स्तंभ है जो छात्रों को सही एवं गलत का ज्ञान देता है।

## डांस प्रोग्राम देखते तीन हजार का इनामी धराया

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नावकोठी।** थाना क्षेत्र से फरार तीन हजार का इनामी अपराधी को पुलिस ने शुक्रवार की रात डांस प्रोग्राम देखते समय गिरफ्तार कर लिया। आर्म्स एक्ट के मामले में करीब एक वर्ष से फरार था। गिरफ्तार आरोपित की पहचान समसा निवासी सरोज साह के रूप में हुई है। थानाध्यक्ष मो फिरदौस ने बताया कि सरोज साह के विरुद्ध आर्म्स एक्ट के मामले में विभाग की ओर से तीन हजार रुपये का इनाम घोषित था। थानाध्यक्ष के अनुसार, 20 मई को सरोज साह अपने साथी रणवीर महतो समेत करीब दस अन्य लोगों के साथ किसी आपराधिक घटना को अंजाम देने की फिराक में आद्रा भवन के समीप बस बिट्टी में हथियार के साथ बैठा था। इसकी सूचना मिलने पर बखरी एसटीपी, एसटीएफ एवं स्थानीय थाना पुलिस की संयुक्त टीम ने मौके पर घेराबंदी की थी। पुलिस टीम को देखते ही आरोपितों ने फायरिंग शुरू कर दी थी। जवाबी कार्रवाई में रणवीर महतो के पैर में गोली लगी, जिसके बाद पुलिस ने उसे हिरासत में ले लिया था, जबकि सरोज साह समेत अन्य आरोपित मौके से भागने में सफल रहे थे।

**करीब एक वर्ष से फरार चल रहा सरोज साह**

शुक्रवार की रात समसा में आयोजित कृष्णाष्टमी मेले में छिपकर नाच देख रहा था। मेले में सुरक्षा व्यवस्था के लिए तैनात पुलिस पदाधिकारी की नजर उस पर पड़ी। पुलिस ने तत्काल उसे हिरासत में लेकर पूछताछ की और पहचान की पुष्टि होने के बाद गिरफ्तार कर लिया।

## श्री कृष्ण जन्माष्टमी मेला का शुभारम्भ

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**वीरपुर।** प्रखंड व थाना क्षेत्र के वीरपुर में आयोजित होने वाली पांच दिवसीय श्रीकृष्ण जन्माष्टमी मेला का उद्घाटन वीरपुर के प्रखंड विकास पदाधिकारी पंकज कुमार शक्तिधर, अंचलाधिकारी भाई वीरेंद्र, थानाध्यक्ष राजू रंजन कुमार, सहित जर्पतिनिधियों ने जनप्रेरणा समिति के द्वारा आयोजित मेले का दीप प्रज्वलित कर एवं द ग्रेट यूथ सोसायटी के आयोजित मेले का फीता काटकर किया। जनसहयोग समिति के द्वारा आयोजित मेले का उद्घाटन बेगूसराय के डॉक्टर प्राची सिंह एवं स्थानीय जनप्रतिनिधि के द्वारा फीता काटकर किया गया। आयोजक कमिटी के सदस्यों के द्वारा सभी आगत अतिथियों को माला, अंगवस्त्र एवं पत्रकारों को माला, अंगवस्त्र, डायरी एवं कलम से सम्मानित किया। सभी अतिथियों ने भगवान श्री कृष्ण के जीवनी पर अपना अपना विचार व्यक्त किया। मौके पर मौजूद प्रखंड विकास पदाधिकारी पंकज कुमार शक्तिधर,अंचलाधिकारी भाई वीरेंद्र, थानाध्यक्ष राजू रंजन कुमार ने संयुक्त रूप से मेला को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने को लेकर मेला कमेटी के साथ साथ आने वाले लोगों से अपील की। मौके पर कमिटी के सदस्य दिनेश पंडित, बिरजू शर्मा, अमित कुमार, जितेंद्र कुमार, राकेश कुमार, अमरजीत चौरसिया, रामप्रवेश चौरसिया, प्रमोद कुमार चौधरी, पंकज सिंह, रीता चौरसिया, सुलताना बेगम, मोहम्मद अफरोज, सहित कई जनप्रतिनिधि और कमिटी के सदस्य मौजूद थे।

## अवैध शराब के कारोबार पर मद्यनिषेध विभाग की बड़ी कार्रवाई




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**दरभंगा।** जिला पदाधिकारी कौशल कुमार के निर्देश पर जिले में अवैध शराब के निर्माण, भंडारण, कारोबार एवं परिवहन के विरुद्ध मद्यनिषेध विभाग द्वारा लगातार सघन एवं सख्त अभियान चलाया जा रहा है। वहीं अवैध शराब के कारोबार में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जा रही है। सहायक आयुक्त, मद्यनिषेध, दरभंगा प्रदीप कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर मद्यनिषेध टीम, दरभंगा द्वारा फ़ेकला थानांतर्गत अंदामा, वार्ड संख्या-04 में छापेमारी की गई। कार्रवाई के दौरान मौके से करीब 6.50 लाख रुपए मूल्य की 553.320 लीटर अवैध विदेशी शराब बरामद की गई। उन्होंने बताया कि बरामद शराब के संबंध में दो अभियुक्तों के विरुद्ध फरार अभियोग दर्ज किया गया है। दोनों अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए विभागीय एवं पुलिस स्तर से आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। सहायक आयुक्त ने स्पष्ट किया कि जिले में अवैध शराब के निर्माण, भंडारण, बिक्री एवं परिवहन में संलिप्त किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। गुप्त सूचना के आधार पर लगातार छापेमारी की जा रही है तथा शराबबंदी कानून का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध कानून सम्मत कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जा रही है।

## भू अर्जन परियोजनाओं को लेकर की गई समीक्षा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**दरभंगा।** जिलाधिकारी कौशल कुमार की अध्यक्षता में जिला अंतर्गत विभिन्न भू-अर्जन परियोजनाओं की प्रगति, मुआवजा भुगतान एवं संबंधित मामलों के त्वरित निष्पादन को लेकर कार्यालय कक्ष में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में अपर समाहर्ता (राजस्व), जिला भू-अर्जन पदाधिकारी, संबंधित अनुमंडल के भूमि सुधार उप समाहर्ता (डीसीएलआर) एवं संबंधित अंचलों के अंचलाधिकारी उपस्थित थे। बैठक में जिलाधिकारी ने जिले में संचालित महत्वपूर्ण परियोजनाओं के लिए किए जा रहे भू-अर्जन कार्य की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि भू-अर्जन से संबंधित मामलों का निष्पादन निर्धारित प्रक्रिया के तहत तेजी से सुनिश्चित किया जाए, ताकि परियोजनाओं के क्रियान्वयन में अनावश्यक विलंब न हो। जिलाधिकारी ने औद्योगिक क्षेत्र के विकास हेतु शोभन-एकमी बाईपास एवं लॉजिस्टिक पार्क से संबंधित भू-अर्जन कार्य की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को मुआवजा भुगतान की प्रक्रिया में तेजी लाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि रैयतों को मुआवजा भुगतान में सुविधा प्रदान करने के उद्देश्य से संबंधित क्षेत्रों में विशेष कैंप आयोजित कर भुगतान की कार्रवाई तीव्र गति से सुनिश्चित की जाए। उन्होंने अधिकारियों को आपसी समन्वय स्थापित करते हुए लंबित मामलों का त्वरित निष्पादन करने को कहा। जिलाधिकारी ने संबंधित अंचलाधिकारियों को निर्देशित किया कि वे संबंधित मौजा में जाकर विशेष कैंप का आयोजन करें तथा रैयतों को एलपीसी प्रमाण-पत्र) निर्गत करने की कार्रवाई सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि कैंप के माध्यम से रैयतों की समस्याओं एवं दस्तावेजों से संबंधित मामलों का मौके पर ही यथासंभव समाधान किया जाए, ताकि मुआवजा भुगतान की प्रक्रिया शीघ्र पूरी हो सके। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को नियमित रूप से प्रगति की समीक्षा करने तथा लंबित मामलों को प्राथमिकता के आधार पर निष्पादित करने का निर्देश दिया। बैठक में भू-अर्जन से संबंधित अन्य लंबित मामलों एवं परियोजनावार प्रगति की भी समीक्षा की गई तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

## वित्तरहित शिक्षण संस्थानों के कर्मियों में खुशी की लहर

**कौआकोल।** शिक्षक दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री द्वारा वित्तरहित शिक्षण संस्थानों में कार्यरत कर्मियों को अनुदान के बदले वेतनमान दिए जाने की घोषणा किए जाने से वारसी कॉलेज पाण्डेय गंगौट, नवादा के शिक्षकों एवं शिक्षकेत्तर कर्मियों में खुशी की लहर दौड़ है। वर्षों से मानदेय और अनुदान के भरोसे अपनी सेवाएं दे रहे कर्मियों ने मुख्यमंत्री की इस घोषणा को अपने हित में महत्वपूर्ण कदम बताया है।

# ग्राम पंचायतों के विकास के लिए दस योजनाओं का होगा चयन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**औरंगाबाद।** उप विकास आयुक्त कुमारी अनुपम सिंह द्वारा शनिवार को अपने कार्यालय प्रकोष्ठ में संबंधित पदाधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में बताया गया कि राज्य सरकार द्वारा पूर्व में निर्मित आधारभूत संरचनाओं एवं परिसंपत्तियों के सुदृढ़ीकरण, उन्नयन एवं आवश्यकतानुसार नवनिर्माण तथा नई परिसंपत्तियों के सृजन हेतु शीघ्र ही एक विशेष अभियान चलाया जाना प्रस्तावित है। इस अभियान के तहत जिला स्तर पर पदाधिकारियों का दल गठित कर ग्राम पंचायतवार योजनाओं एवं आवश्यकताओं का आकलन करते हुए प्राथमिकता के आधार पर योजनाओं को चिह्नित किया जाना है। इसके अंतर्गत विद्यालयों, आंगनबाड़ी केंद्रों एवं सामुदायिक भवनों के सुदृढ़ीकरण, उन्नयन एवं नवनिर्माण सहित अन्य अति आवश्यक एवं महत्वपूर्ण योजनाओं को चिह्नित किया जाएगा। प्रत्येक ग्राम पंचायत में प्राथमिकता के आधार पर लगभग दस योजनाओं का चयन किया जाना है। इस कार्य के लिए उप विकास आयुक्त को जिला स्तर पर जबकि प्रखंड स्तर पर संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारी को नोडल पदाधिकारी नामित किया गया है। बैठक में उप विकास आयुक्त द्वारा सभी संबंधित पदाधिकारियों को अपने-अपने विभाग से संबंधित आवश्यक योजनाओं एवं परिसंपत्तियों के संबंध में अद्यतन प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। बैठक में कई पदाधिकारी उपस्थित थे।

# पंचायत चुनाव को लेकर बेला में परिसीमन की कवायद शुरू

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** सदर प्रखंड अंतर्गत बेला पंचायत परिसीमन से संबंधित चल रहे कार्यों का अनुश्रवण एवं निरीक्षण जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा के निर्देशानुसार जिला पंचायत राज पदाधिकारी इफ्तिखार अहमद द्वारा शनिवार को किया गया। निरीक्षण के क्रम में वर्ष 2011 की जनगणना के आधार पर नए सिरे से पंचायतों के परिसीमन के तहत किए जा रहे इबी (गणना ब्लॉक) वाइज़ डेटा की मोबाइल ऐप के माध्यम से प्रविष्टि के कार्य की जांच की गई। इस दौरान संबंधित कर्मियों द्वारा की जा रही डेटा एंट्री की प्रगति एवं प्रविष्टियों की शुद्धता का जायजा लिया गया तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। आयोग के निर्देशानुसार इबी वाइज़ डेटा की प्रविष्टि का कार्य 10 सितंबर तक पूर्ण किया जाना निर्धारित है। विभिन्न जिलों में डेटा प्रविष्टि की प्रगति एवं उसमें पाई जा रही त्रुटियों को देखते हुए आयोग स्तर से लगातार इसकी समीक्षा की जा रही है। इसी क्रम में राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा प्रतिदिन वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से कार्यों की समीक्षा की जा रही है तथा समीक्षा के उपरांत आवश्यकता के अनुसार संबंधित कर्मियों को प्रशिक्षण एवं आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया जा रहा है।

# जखौरा नाला में डूबे छात्र का शव बरामद

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हसपुरा(औरंगाबाद)।** हसपुरा थाना क्षेत्र के बघोई टोले निलकोठी स्थित जखौरा नाला में नहाने गए 14 वर्षीय छात्र सौरभ कुमार की शुक्रवार को डूबने से मौत हो गई। करीब 16 घंटे तक चली खोजबीन के बाद शनिवार की सुबह उसका शव नाले के कीचड़ में गड़ा हुआ मिला। शव मिलने की खबर फैलते ही गांव में मातम छा गया। मृतक की पहचान सुरेंद्र यादव के 14 वर्षीय पुत्र सौरभ कुमार के रूप में हुई है। बताया जाता है कि शुक्रवार की दोपहर वह जखौरा नाला में नहाने गया था। उस समय गांव के कई बच्चे और युवा भी नाले में नहा रहे थे। इसी दौरान सौरभ गहरे पानी में चला गया और देखते ही देखते डूबकर लापता हो गया। घटना की जानकारी मिलने पर हसपुरा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक पूछताछ के बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। सौरभ की असमय मौत से गांव में शोक की लहर दौड़ गई। मलहारा मुखिया सन्तोष सौंडिक, डिंडीर मुखिया मुन्ना कुमार, पैक्स अध्यक्ष संजीत शर्मा, पूर्व प्रमुख विजय यादव ने पीड़ित परिवार को मुआवजा देने की मांग की है।

## केशहर नदी की तेज धार में बुजुर्ग लापता

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** मदनपुर थाना क्षेत्र के पिपरौरा गांव स्थित केशहर नदी की तेज धार में 70 वर्षीय एक बुजुर्ग लापता हो गए। बताया जाता है इस गांव के नरेश प्रसाद सिंह खेत की ओर जाने के दौरान नदी की तेज धारा की चपेट में आ गए। शाम तक घर नहीं लौटने पर परिजनों ने उनकी तलाश शुरू की लेकिन काफी खोजबीन के बावजूद उनका कोई सुराग नहीं मिला। घटना की जानकारी मिलने के बाद शनिवार को मदनपुर पुलिस और अंचलाधिकारी अकबर हुसैन मौके पर पहुंचे। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए प्रशासन ने एनडीआरएफ की टीम को भी बुलाया। टीम ने केशहर नदी में सर्च अभियान शुरू कर दिया है। फ़िलहाल एनडीआरएफ की टीम द्वारा संभावित स्थानों पर नरेश प्रसाद सिंह की तलाश की जा रही है।

# राजकुमार प्रसाद गुप्ता को मिला राज्य शिक्षक पुरस्कार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**औरंगाबाद।** शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान और विद्यालय में बेहतर शैक्षणिक वातावरण तैयार करने के लिए जिले के मदनपुर प्रखंड के सलैया स्थित राजकीय मध्य विद्यालय के प्रधानाध्यापक राजकुमार प्रसाद गुप्ता को राज्य शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। शिक्षक दिवस के अवसर पर पटना में आयोजित राजकीय समारोह में उन्हें मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी द्वारा अंगवस्त्र एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। राजकुमार प्रसाद गुप्ता को राज्य स्तर पर सम्मान मिलने की खबर के बाद मदनपुर प्रखंड सहित पूरे औरंगाबाद जिले में खुशी का माहौल है। शिक्षकों, विद्यार्थियों, अभिभावकों और स्थानीय लोगों ने इसे जिले के लिए गौरव का क्षण बताया है। लोगों का कहना है कि ग्रामीण क्षेत्र के विद्यालय में रहकर राज्य स्तर पर सम्मान प्राप्त करना निश्चित रूप से प्रेरणादायक उपलब्धि है।

# छात्रों के उज्ज्वल भविष्य के निर्माण में शिक्षक सहायक : सरिता

## शिक्षक दिवस पर एमएलएस कॉलेज ऑफ फार्मेसी में भव्य कार्यक्रम आयोजित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**औरंगाबाद।** शिक्षक दिवस के अवसर पर शहर के जसोइया स्थित बियाडा परिसर में संचालित महादेवा लाल श्रॉफ कॉलेज ऑफ फार्मेसी में शनिवार को शिक्षक-छात्रों के बीच उत्साह, सम्मान एवं आत्मीयता से भरा कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ कॉलेज की चेयरपर्सन सरिता सिंह एवं सभी शिक्षकों द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर चेयरपर्सन ने सभी शिक्षकों को शिक्षक दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि शिक्षक केवल विद्यार्थियों को शिक्षा ही नहीं देते बल्कि उनके व्यक्तित्व, संस्कार एवं उज्ज्वल भविष्य के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को शिक्षकों के प्रति सदैव सम्मान एवं कृतज्ञता का भाव रखने के लिए प्रेरित किया। वहीं कॉलेज के विद्यार्थियों द्वारा शिक्षकों के मनोरंजन एवं आपसी जुड़ाव के लिए विभिन्न प्रकार के खेल एवं मनोरंजक गतिविधियों का आयोजन किया गया। कॉलेज के सभी शिक्षकों ने पूरे उत्साह के साथ विद्यार्थियों द्वारा आयोजित सभी खेलों में भाग लिया। शिक्षकों और विद्यार्थियों के बीच हंसी-खुशी एवं उत्साह का माहौल बना रहा। इस अवसर पर शिक्षकों ने भी विद्यार्थियों द्वारा किए गए इस सुंदर आयोजन की सराहना की और कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम शिक्षक-छात्र संबंधों को और अधिक मजबूत बनाने के साथ-साथ कॉलेज में सकारात्मक एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण का निर्माण करते हैं। अंत में सभी शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने मिलकर शिक्षक दिवस की खुशियां साझा कीं और कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए विद्यार्थियों एवं कॉलेज परिवार के सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया।

# दुष्कर्म सहित अन्य मामलों में 23 लोग गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** जिले में अपराध नियंत्रण और अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने को लेकर औरंगाबाद पुलिस द्वारा लगातार सघन अभियान चलाया जा रहा है। इस क्रम में शुक्रवार की रात जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में की गयी छापेमारी में 23 लोगों को गिरफ्तार किया गया जिनमें से 11 अभियुक्तों को न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। जानकारी के अनुसार बलात्कार के शीर्ष में एक, हत्या के प्रयास में छह, मद्य निषेध अधिनियम के तहत तीन तथा अन्य मामलों में 13 लोगों की गिरफ्तारी की गई है। वहीं 75 लीटर देसी शराब, 345.60 लीटर विदेशी शराब एवं एक कार जब्त किया गया है। वाहन जांच अभियान के तहत 995 वाहनों से 60 हजार रूपये शमन की राशि वसूल की गई। इसके अलावा दो शराब भट्ठियों को ध्वस्त तथा दो हजार लीटर महुआ पास विनष्ट किया गया है। पुलिस अधीक्षक उपेंद्र नाथ वर्मा ने बताया कि इस तरह की कार्रवाई का उद्देश्य क्षेत्र में शांति और सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखना है। जिले में कानून-व्यवस्था बनाए रखने और अवैध गतिविधियों पर रोक लगाने के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है।

# चरित्र निर्माता होते हैं शिक्षक : सर्वेश

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**औरंगाबाद।** लॉर्ड बुद्धा फाउंडेशन स्कूल में शिक्षक दिवस के अवसर पर आयोजित समारोह में निदेशक सर्वेश कुमार ने कहा कि शिक्षक ही चरित्र निर्माता होते हैं और वे समाज व देश की दिशा-दशा तय करते हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षक भले शिक्षक ही रहते हैं लेकिन उनके पढ़ाए बच्चे आगे चलकर आईएएस, आईपीएस, डॉक्टर, इंजीनियर और अन्य महत्वपूर्ण पदों पर पहुंचते हैं। श्री कुमार ने कहा कि शिक्षक समाज के प्रत्येक क्षेत्र के लिए योग्य लोगों को तैयार करते हैं। भारत में प्रतिभा की कमी नहीं है। यदि शुरुआत से ही आविष्कार, अनुसंधान और नवाचार पर अधिक ध्यान दिया गया होता तो भारत विश्वगुरु के रूप में और आगे बढ़ सकता था। उन्होंने शिक्षकों से विद्यार्थियों को केवल पाठ याद कराने के बजाय सोचने, सवाल करने और प्रयोग करने के लिए प्रेरित करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि बदलते समय के साथ शिक्षकों को भी अपने शिक्षण के तरीकों में बदलाव लाना होगा। तकनीक को अपनाने के साथ शिक्षा को विद्यार्थियों के वास्तविक जीवन से जोड़ना जरूरी है। शिक्षक का दायित्व केवल पाठ्यक्रम पूरा करना नहीं बल्कि विद्यार्थियों में ज्ञान, संस्कार, जिज्ञासा और रचनात्मक सोच विकसित करना भी है। समारोह में शिक्षकों को उपहार देकर सम्मानित किया गया। मंच संचालन संजीत कुमार ने किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य अमित कुमार सोनी, प्रबंधक इंद्र कुमार सिंह, रौशन कुमार झा, अमर कुमार, वीणा मिश्रा एवं रूपम शर्मा मौजूद रहे।

# लोगों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने को लेकर प्रशासन गंभीर

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** जिले में लगातार हो रही भारी वर्षा एवं जलजमाव की स्थिति को देखते हुए जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा के निर्देशानुसार जिला प्रशासन द्वारा प्रभावित क्षेत्रों में लगातार निगरानी एवं आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में रफीगंज प्रखंड के पौथू थाना अंतर्गत बरपा, मिश्र बिगहा एवं अंछा गांवों का अपर समाहर्ता अनुग्रह नारायण सिंह, अपर समाहर्ता (आपदा) उपेंद्र पंडित एवं सदर अनुमंडल पदाधिकारी गौरव सिंह द्वारा संयुक्त रूप से स्थलीय निरीक्षण किया गया। यह तीनों गांव पुनपुन एवं मंदार नदी के संगम क्षेत्र में स्थित है। लगातार हुई वर्षा के कारण यहां जलजमाव की स्थिति उत्पन्न हो गई थी। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने प्रभावित क्षेत्रों में जलजमाव की स्थिति, ग्रामीणों के आवागमन तथा उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं का जायजा लिया। साथ ही स्थानीय ग्रामीणों से संवाद कर उनकी समस्याओं एवं आवश्यकताओं की जानकारी प्राप्त की गई। वर्तमान में तीनों गांवों में जलजमाव की स्थिति में कमी आई है। जिला प्रशासन द्वारा स्थिति पर लगातार नजर रखते हुए ग्रामीणों को आवश्यक मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही है तथा आवश्यकता के अनुरूप त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जा रही है।

# कांग्रेस नेताओं पर एफआइआर के विरोध में प्रदर्शन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**औरंगाबाद।** कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे से कथित भेदभाव और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज किए जाने के विरोध में पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार के खिलाफ शहर में विरोध प्रदर्शन किया। पूर्व विधायक एवं कांग्रेस जिलाध्यक्ष आनंद शंकर सिंह के नेतृत्व में कार्यकर्ता समाहरणालय के समीप स्थित अनुग्रह स्मारक परिसर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पुतला लेकर निकले। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार और प्रधानमंत्री के खिलाफ नारेबाजी करते हुए रमेश चौक पहुंचे। रमेश चौक पर कांग्रेस नेताओं ने प्रधानमंत्री का पुतला फूंका और केंद्र सरकार के खिलाफ अपना विरोध जताया। प्रदर्शन के दौरान बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे। पूर्व विधायक आनंद शंकर सिंह ने कहा कि देश में समाज को बांटने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने मल्लिकार्जुन खरगे की सभा के बाद कथित तौर पर किए गए शुद्धिकरण को लेकर भाजपा पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि खड़गे देश के वरिष्ठ दलित नेता हैं। उनके कार्यक्रम के बाद कथित रूप से शुद्धिकरण किया जाना भाजपा की दलित विरोधी मानसिकता को दर्शाता है। उन्होंने आरोप लगाया कि जब राहुल गांधी ने दलितों के हित में आवाज उठाई तो उनके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करा दी गई। पूर्व विधायक श्री सिंह ने कहा कि कांग्रेस केंद्र सरकार की नीतियों के खिलाफ लगातार आंदोलन करती रहेगी। इस दौरान प्रदेश उपाध्यक्ष अरविंद शर्मा, जिला पार्षद सुरेंद्र यादव, प्रदीप कुमार सिंह उर्फ लुटूर सिंह, धीरेंद्र कुमार सिंह, अजय कुमार सिंह, महेंद्र यादव, शैलेंद्र कुमार दुबे, धर्मेंद्र पासवान और सत्येंद्र सिंह ने भी केंद्र सरकार पर निशाना साधा।

# सच्चिदानंद सिन्हा कॉलेज में शिक्षक संवाद सह सम्मान समारोह आयोजित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**औरंगाबाद।** शिक्षक दिवस के अवसर पर शनिवार को सच्चिदानंद सिन्हा कॉलेज में शिक्षक संवाद सह शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य शिक्षकों के प्रति सम्मान एवं कृतज्ञता व्यक्त करने के साथ शिक्षक-विद्यार्थी संवाद को और मजबूत करना था। महाविद्यालय सभागार में आयोजित समारोह की अध्यक्षता प्राचार्य प्रो. (डॉ.) सुधीर कुमार मिश्रा ने की। उन्होंने कहा कि शिक्षक केवल ज्ञान देने वाले नहीं बल्कि विद्यार्थियों के व्यक्तित्व निर्माण और उज्ज्वल भविष्य के मार्गदर्शक होते हैं। शिक्षक और विद्यार्थियों के बीच बेहतर संवाद से शिक्षा की गुणवत्ता में और सुधार संभव है। इस अवसर पर शिक्षकों के शैक्षणिक एवं सामाजिक योगदान को रेखांकित करते हुए उनका सम्मान किया गया। कार्यक्रम में शिक्षक-शिक्षकेत्तर कर्मचारी एवं विद्यार्थी मौजूद रहे। शिक्षण की गुणवत्ता, नवाचार और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास से जुड़े विषयों पर सार्थक संवाद भी हुआ। समारोह के अंत में सभी उपस्थित लोगों के प्रति आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम ने आपसी सम्मान, संवाद और शैक्षणिक प्रतिबद्धता की भावना को मजबूत किया।

# तीन बाल श्रमिकों को कराया मुक्त, प्राथमिकी

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** बाल श्रम उन्मूलन के लिए धावा दल ने दो अलग-अलग जगहों पर छापेमारी कर तीन बाल श्रमिकों को विमुक्त कराया। यह कार्रवाई जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा के निर्देशानुसार श्रम संसाधन एवं प्रवासी श्रमिक कल्याण विभाग के अंतर्गत श्रम अधीक्षक अंजू कुमारी द्वारा गठित धावा दल द्वारा जिले के विभिन्न प्रतिष्ठानों का सघन निरीक्षण कर किया गया। निरीक्षण के दौरान औरंगाबाद शहर अंतर्गत न्यू कंपनी टी कार्नर, धर्मशाला रोड से दो बाल श्रमिक तथा मदनपुर स्थित खाना होटल, जीटी रोड से एक बाल श्रमिक को विमुक्त कराया गया। विमुक्त किए गए सभी बाल श्रमिकों को तत्काल सहायता के रूप में तीन हजार प्रति बाल श्रमिक की राशि प्रदान की गई। सभी विमुक्त बाल श्रमिकों को आवश्यक कार्रवाई हेतु बाल कल्याण समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया। दोषी नियोजकों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज करने की कार्रवाई की जा रही है। बाल एवं किशोर श्रम (प्रतिषेध एवं विनियमन) अधिनियम के प्रावधानों के अंतर्गत दोषी नियोजक को छह माह से दो वर्ष तक के कारावास एवं 20 से 50 हजार रूपये तक के जुर्माने से दंडित किए जाने का प्रावधान है। साथ ही सर्वोच्च न्यायालय द्वारा दिए गए निर्णय के आलोक में दोषी नियोजक से 20 हजार रूपये की राशि जिला बाल कल्याण एवं पुनर्वास कोष में जमा कराई जाएगी।

# शिक्षक दिवस पर याद किए गए डॉ राधाकृष्णन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**औरंगाबाद।** नवीनगर प्रखंड के चंद्रगढ़ स्थित गोरेश्वर नारायण सिंह टीचर्स ट्रेंनिंग कॉलेज में देश के पूर्व राष्ट्रपति एवं महान शिक्षाविद डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती पर शिक्षक सम्मान समारोह के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सर्वप्रथम समाजवादी ललित किशोर सिंह, सेवानिवृत्त शिक्षक प्रेमचंद मिश्रा, युगल किशोर सिंह, शंकर प्रसाद एवं प्राचार्य दिलीप कुमार सिंह द्वारा डॉ राधाकृष्णन के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर सभी वक्ताओं ने डॉ सर्वपल्ली के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला। साथ ही कहा कि डॉ राधाकृष्णन का जीवन और उनके विचार हम सभी के लिए प्रेरणास्त्रोत है। शिक्षक समाज के शिल्पकार होते हैं जो देश के भविष्य का निर्माण करते हैं। संस्थान के प्राचार्य ने सभी शिक्षकों को बधाई दी और उन्हें अनुशासित रहकर जीवन में आगे बढ़ाने की सीख दी। कार्यक्रम के अंत में वरिष्ठ शिक्षकों को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन प्रचार्य दिलीप कुमार सिंह ने किया। धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। इस मौके पर महाविद्यालय के प्रधानाध्यापक सुनील सिंह, महेंद्र यादव, सुशील, पंकज कुमार, अमित, लवली सिंह, विनय कुमार सिंह, ओम प्रकाश सिंह, मनीष कुमार, प्रफुल, विकास, पिंटू, सुमित, श्वेता तिवारी, सुप्रिया, यशवंत सिंह, मंटू सिंह, अमित कुमार सिंह, शुभम एवं सुधा उपस्थित रहे।




# महात्मा गणिनाथ गोविंद का जीवन और विचार प्रेरणादायी : सुशील

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**औरंगाबाद।** शहर के कर्मा रोड स्थित सूर्य मंदिर परिसर में श्रमहात्मा गणिनाथ गोविंद जी की जयंती श्रद्धा, उत्साह और सामाजिक एकजुटता के साथ मनाई गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह ने महात्मा गणिनाथ गोविंद के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह ने कहा कि महात्मा गणिनाथ गोविंद जी के जीवन और उनके विचार समाज के लिए प्रेरणादायी हैं। उनके बताए मार्ग पर चलकर समाज में शिक्षा, संस्कार, एकता और भाईचारे को मजबूत किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि जयंती समारोह केवल उत्सव का अवसर नहीं बल्कि महापुरुषों के आदर्शों को याद करने और उन्हें नई पीढ़ी तक पहुंचाने का माध्यम भी है। समारोह के दौरान वक्ताओं ने समाज की एकजुटता, बच्चों की शिक्षा और युवाओं की सामाजिक भागीदारी पर विशेष जोर दिया। लोगों ने कहा कि समाज के विकास के लिए आपसी सहयोग और भाईचारा बेहद जरूरी है। इस अवसर पर महात्मा गणिनाथ गोविंद जी की पूजा-अर्चना के बाद श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। समारोह के दौरान पूरा सूर्य मंदिर परिसर भक्तिमय एवं उत्सव के माहौल में नजर आया। उपस्थित लोगों ने महात्मा गणिनाथ गोविंद जी के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने तथा समाज के हित में कार्य करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के अंत में आयोजन समिति की ओर से मुख्य अतिथि पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह सहित सभी अतिथियों और समारोह में शामिल हुए लोगों का आभार व्यक्त किया गया। समारोह के सफल आयोजन में स्थानीय लोगों एवं आयोजन समिति के सदस्यों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। इस मौके पर अध्यक्ष विनय गुप्ता, उपाध्यक्ष रमेश गुप्ता, महामंत्री रामस्वरूप साव, सचिव विक्रम गुप्ता, कोषाध्यक्ष विनोद गुप्ता सहित मौजूद रहे।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा नवबिहार टाइम्स प्रिंटिंग प्रेस, ग्रोथ सेंटर, बियाडा, जसोइया, औरंगाबाद (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक – कमल किशोर**
नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com
**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865
**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269